राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, रविवार, 29 दिसंबर 2024

वर्ष 06, अंक 92, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

चोरी से कटे पेडों के मामले मे लीपापोती मे जुटा वन विभाग...03

दिल्ली जल बोर्ड की लापरवाही के चलते पीने के पानी के लिए तरस रहे है पालम के लोग...12

राजस्थान- रद्द हुए 9 जिलों में 24 विधानसभा, इनमें 13 बीजेपी के पासजफिर भजनलाल ने क्यों लिया रिस्क

स्वतंत्र प्रभात

राजस्थान में जिन 9 जिलों को रद्द किया गया है, वो जिले 24 विधानसभा सीटों को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं. इन 24 में से 13 सीटें तो बीजेपी के पास हैं. फिर सवाल उठ रहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसे रद्द करने का रिस्क क्यों लिया? देश की सियासत में आमतौर पर सियासी लड़ाई को कुंद करने के लिए जिले का गठन किया जाता है, लेकिन राजस्थान में पहली बार बड़े पैमाने में 9 जिलों के गठन को रद्द किया गया है. शनिवार को कैबिनेट की बैठक में भजनलाल की सरकार ने अशोक गहलोत के फैसले को पलटते हुए दूदू, सांचौर, अनूपगढ़, जयपुर ग्रामीण, शाहपुरा, जोधपुर ग्रामीण, केकड़ी, नीमकथाना और गंगापुर सिटी जिले को रद्द करने का फैसला किया है. इन जिलों को रद्द करने के लिए जून 2024 में भजनलाल की सरकार मंत्रियों की एक कमेटी का गठन किया गया था. भजनलाल के इस फैसले के बाद दो सवाल उठ रहे हैं. पहला, आखिर यह फैसला क्यों लिया गया? दूसरा सवाल जिले की सियासत को लेकर है. देश में आमतौर पर सियासी फायदे के लिए जिले का गठन किया जाता है. जिले के नाम पर पार्टियां मतदाताओं को साधने का काम करती है. ऐसे में भजनलाल ने 9 जिलों को रद्द कर कितना बड़ा रिस्क लिया है?

राजस्थान में क्यों रद्द किए गए 9 जिले?

बीजेपी का कहना है कि राजस्थान में चुनाव से ठीक पहले नियमों को ताक पर रखकर छोटे-छोटे जिले बनाए गए, जो गलत है. कहा जा रहा है कि नए जिले के गठन से सरकार को प्रशासनिक कामों में रिवेन्यू भी ज्यादा खर्च करने पड़ रहे थे। समीक्षा के लिए गठित 5 मंत्रियों के समूह का मानना है कि जिले के गठन में जनसंख्या और क्षेत्रफल का ध्यान नहीं रखा गया, जिससे प्रशासनिक ढांचे में बहुत ही ज्यादा असमानताएं आ गई थी। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का कहना है कि मध्य प्रदेश में छोटे जिले बनाए गए. वहां बीजेपी की सरकार है, इसलिए रद्द नहीं किया गया।

9 जिले में 24 असेंबली, 13 बीजेपी के पास

भजनलाल की सरकार ने जिन 9 जिलों को रद्द करने का फैसला किया है. वे 9 जिले विधानसभा की करीब 24 सीटों को प्रभावित कर रही थी. मसलन, दूदू में फुलेरा और दूदू, केकड़ी में मसौदा और केकड़ी, शाहपुरा में जहाजपुरा और शाहपुरा, नीमकथाना में श्रीमाधोपुर, खेतरी और उदयपुरवाटी और नीमक थाना गंगापुर सिटी में बामनवास और गंगापुर, जयपुर ग्रामीण में चाकसू, चोमू, आमेर और सांगनेर, जोधपुर ग्रामीण में ओसियां, लूनी और जोधपुर शामिल हैं।

इसी तरह अनूपगढ़ में खजुलवाला, विजयनगर और अनूपगढ़, सांचौर में रानीवाड़ा और सांचौर का नाम शामिल हैं.

2023 के विधानसभा चुनाव में इन 24 में से 13 सीटों पर बीजेपी, 10 पर कांग्रेस और 1 पर निर्दलीय ने जीत दर्ज की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सांगनेर और डिप्टी सीएम प्रेमचंद्र बैरवा की दूदू सीट भी इनमें शामिल हैं. 2018 में इन 24 में से 12 सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी. 4 पर निर्दलीय को जीत मिली थी, जबकि 8 सीटों पर बीजेपी ने जीत हासिल की थी।

भजनलाल शर्मा ने क्यों लिया रिस्क?

31 दिसंबर 2024 तक ही सीमांकन का अधिकार राज्यों के पास है. जनगणना को लेकर यह डेडलाइन केंद्र की तरफ से जारी की गई है. राज्य सरकार अगर इसे अभी रद्द नहीं करती तो आने वाले वक्त में रद्द को लेकर फैसला लेना आसान नहीं था। रिस्क लेने की वजह स्थानीय सियासत ही है. जिले

का गठन कांग्रेस के लिए फायदेमंद साबित नहीं हुआ. 2023 से पहले इन 9 जिलों में कांग्रेस और उसके निर्दलीय सहयोगियों के पास 16 सीटें थी, लेकिन चुनाव बाद यह संख्या 10 पर पहुंच गई। वहीं बीजेपी चुनाव से पहले 8 सीटों पर थी, जो जिले गठन के बाद हुए चुनाव में 13 पर पहुंच गई. वो भी तब, जब बीजेपी ने जिले के गठन का विरोध किया था।

मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार पर सियासत, दिल्ली और देश की राजनीति में कितने अहम हैं सिख?

मनमोहन सिंह के जरिए सिखों की राजनीति उस वक्त सुर्खियों में है, जब दिल्ली में विधानसभा के चुनाव प्रस्तावित है. 70 सीटों वाली दिल्ली में कुल 9 सीटों पर सिख समुदाय के मतदाता अपना दबदबा रखते हैं. दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा और राजस्थान की सियासत में सिख प्रभावी हैं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और स्मारक का मामला सियासी लड़ाई में तब्दील हो गया है. इस पूरी लड़ाई में सत्तापक्ष की बीजेपी और विपक्ष की कांग्रेस आमने-सामने है. कांग्रेस ने जहां मनमोहन के अंतिम संस्कार के लिए विशेष जमीन मुहैया न कराने को सिखों का अपमान बताया है. वहीं बीजेपी का कहना है कि कांग्रेस दुख की घड़ी में भी राजनीति कर रही है। मनमोहन के जरिए सिखों के अपमान का यह मुद्दा ऐसे वक्त में उठा है, जब देश की राजधानी दिल्ली में विधानसभा के चुनाव होने हैं।

सिखों के अपमान तक कैसे आई बात?

मनमोहन सिंह के निधन के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार से स्मारक और अंतिम संस्कार के लिए जमीन देने की सिफारिश की. खरगे का कहना था कि मनमोहन देश के प्रधानमंत्री रहे हैं. ऐसे में उनके अंतिम संस्कार के लिए राजघाट के पास जमीन मुहैया कराई जाए। प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष की इस सिफारिश का केंद्र ने संज्ञान लिया है. मनमोहन सिंह के स्मारक बनाने के लिए दिल्ली में जमीन की खोज की जा रही है। पीआईबी के इस बयान के बाद जयराम रमेश ने एक पोस्ट किया. रमेश ने कहा कि मनमोहन सिंह जैसे बड़े कद के नेता के लिए भी सरकार जमीन नहीं खोज पा रही है. यह सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री का घोर अपमान है। रमेश के इस पोस्ट

के जवाब में भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस ने डॉ. सिंह को कभी सम्मान नहीं दिया. आज उनके निधन के बाद भी राजनीति कर रही है। दोनों पार्टियों के बीच जारी बयानों की इस लड़ाई में आप भी कूदी. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जो व्यक्ति 10 साल तक देश का प्रधानमंत्री रहा, उसे सरकार 1000 गज जमीन भी नहीं दे सकी? यह सिख समुदाय का अपमान है।

सिख समुदाय पर सियासत क्यों?

सिख समुदाय पर सियासत की बड़ी वजह दिल्ली में विधानसभा का प्रस्तावित चुनाव है. राजधानी दिल्ली में सिख गेमचेंजर की भूमिका में रहते हैं. दिल्ली में सिख समुदाय की करीब 4 प्रतिशत आबादी है, जो विधानसभा की 9 सीटों पर जीत और हार तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। जिन सीटों पर सिख वोटर्स प्रभावी हैं, उनमें हरि नगर, कालकाजी, राजौरी गार्डन की प्रमुख सीटें हैं. कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी चुनाव लड़ती आ रही हैं। मनमोहन सिंह के दौर में सिख समुदाय के लोग कांग्रेस को वोट करते थे. 2013 में सिखों का वोट शिअद, कांग्रेस और आप में बंट गया. 2015 और 2020 में सिख समुदाय के लोगों ने आप के समर्थन में इकतरफा वोटिंग की. सिख वोटरों पर इस बार बीजेपी, कांग्रेस और आप तीनों की नजर है।

पंजाब गढ़, यहां सीएम भी इसी समुदाय के

पंजाब सिख समुदाय का गढ़ माना जाता है. 2011 जनगणना के मुताबिक राज्य में सिख समुदाय की आबादी करीब 58 प्रतिशत है. 117 विधानसभा सीटों वाली पंजाब में सिख समुदाय के ही अधिकांश विधायक हैं. यहां पर अधिकांश मुख्यमंत्री भी इसी समुदाय के बनते हैं। पूरे देश में पंजाब में ही सबसे ज्यादा सिखों की आबादी है. 2022 में पंजाब में आखिरी बार विधानसभा के चुनाव हुए थे. इस चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जीत हासिल की थी. आप को करीब 90 सीटों पर जीत मिली थी. सीएसडीएस-लोकनीति के मुताबिक पंजाब में आप को सिख समुदाय के करीब आधे वोट मिले थे. बाकी वोट कांग्रेस और अकाली दलों में बंट गया था।

हरियाणा-राजस्थान में भी सिख एक्स फैक्टर

हरियाणा और राजस्थान में भी सिख मतदाता एक्स फैक्टर की भूमिका में हैं. हरियाणा में पंजाब बॉर्डर से लगे इलाकों में सिख मतदाता ही जीत और हार तय करते हैं. राज्य में सिख वोटर्स करीब 15-20 लाख के बीच है, जो विधानसभा की करीब 12 सीटों को सीधे प्रभावित करते हैं. हरियाणा की 4 लोकसभा सीट को भी सिख समुदाय के वोटर्स प्रभावित करते हैं। हरियाणा में सिख खासतौर पर अंबाला, यमुनानगर जैसे इलाकों में काफी प्रभावी भूमिका में हैं। बात राजस्थान की करें तो यहां भी सिख समुदाय का दबदबा है. श्रीगंगानगर इलाके में सिख समुदाय के मतदाता ही जीत और हार में अहम भूमिका निभाते हैं. राजस्थान में सिख समुदाय के करीब 6 लाख वोटर्स हैं, जो विधानसभा की 7-8 सीटों का समीकरण तय करते हैं। लोकसभा की बात की जाए तो पूरे देश में सिख समुदाय के 13 सांसद हैं. सबसे ज्यादा सिख सांसद पंजाब से है।

संक्षिप्त ख़बरें

खेत की मेड काटने को लेकर विवाद, युवक ने मारी सर पर कुल्हाड़ी

रोज पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ कर भेजा जेल

रोजा शाहजहांपुर/जनपद के थाना रोजा क्षेत्र में 26 दिसंबर को खेत की मेड काटने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति बाल बाल बच गया जिसका आरोप है कि उसके ऊपर विपक्षी लोगों ने कुल्हाड़ी से वार कर दिया इस संबंध में 26 दिसंबर को ही थाना रोजा में नौगवां वरनी निवासी सुनील कुमार वर्मा ने प्रार्थना पत्र देकर कमलेश रामकुमार बलराम रामनिवास पुत्र छोटेलाल निवासी नौगवां आदि प्रारूप लगाया था कि यह लोग उसके खेत की मेड काट रहे थे और जब वह मना करने गया तो उसके साथ झगड़ा करने लगे और उसे पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया और उसके भाई के साथ भी मारपीट की इस मामले में थाना रोजा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो आरोपी रामकुमार और बलराम को पड़कर कोर्ट में पेश किया है जिन पर थाना रोजा में मुकदमा पंजीकृत है।

चोरी से खेत की मिट्टी खनन करने का आरोप, सरसों की फसल बर्बाद

पीड़ित किसान ने हरजाना दिलाए जाने की लगाई गुहार

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के सूदन खेड़ा मोहल्ला निवासी गंगाचरन ने दो लोगों पर चोरी से खेत की मिट्टी खनन करने का आरोप लगाया। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने और हरजाना दिलाए जाने की गुहार लगाई। पीड़ित ने बताया कि उसके दयालपुर गांव स्थित एक बीघे खेत से गांव के ही दो लोगों ने सैकड़ों ट्रॉली मिट्टी चोरी कर बेंच ली। ग्रामीणों की सूचना पर जब वह अपने खेत पहुंचा तो आरोपी ट्रैक्टर ट्राली के जरिए मिट्टी खनन करते मिले। ऐतराज करने पर गाली गलौज करने लगे। उसकी सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों के सामने ही आरोपी मारपीट पर आमादा हुए। पीड़ित ने कहा कि खेत में लाहा(सरसो) की फसल बोई गई थी। उसका लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आरोपी से नुकसान की भरपाई कराए जाने की मांग की। इंस्पेक्टर क्राइम विनय कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

झोलाछाप डॉक्टर वसीम की क्लीनिक पर मेहरबान जिम्मेदार/सी एच सी अधीक्षक

- ना डिग्री न डिप्लोमा और न ही पंजीकरण, फिर भी धडल्ले से मेन चौराहे पर लोगो की जान जोखिम मे डाल रहा झोलाछाप डॉक्टर वसीम
- सीएचसी अधीक्षक पसगवा खीरी के रहमों करम पर संचालित हो रही झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक
- मैगलगंज के झोलाछाप डॉक्टरों को नहीं है सीएचसी अधीक्षक पसगवां का खौफ

स्वतंत्र प्रभात

मैगलगंज खीरी एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार जहां आम आदमी को सरल और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए पानी जैसा पैसा बहा रही है और बगैर डिग्री धारक डॉक्टर व बगैर पंजीकृत फर्जी अस्पतालों तथा क्लिनिको को बंद कराए जाने को लेकर सख्त फरमान अपने मातहतो को दिए जा रहे हो पर जिम्मेदारों की खाओ कमाओ नीति के चलते शासन के आदेश धूल चाटते दिखाई पड़ रहे हैं। शासन के सख्त आदेशों के बाद भी गैर पंजीकृत अस्पतालों झोलाछाप डॉक्टरों तथा फर्जी पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक सेंटरों की बाढ़ से आ गई है ।जिसका जीता जागता उदाहरण मैगलगंज कस्बे में फैले झोला छाप डॉक्टरों के जाल व फर्जी पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर के फैले मकडजाल को देखकर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शासन के आदेशों का कितना असर इन झोलाछाप डॉक्टरों पर पड रहा है। और जिम्मेदार सीएचसी अधीक्षक पसगवा साहब पर इसका असर पड़ता ही नजर नहीं आ रहा है। यदि कभी कोई पत्रकार द्वारा उक्त मामले पर जनाब का पक्ष जानने का प्रयास किया जाता है तो साहब सीधे अनभिज्ञता जाहिर करने में कोई संकोच नहीं करते हैं। जिसके परिणाम स्वरुप कस्बा मैगलगंज में अरसे से संचालित झोलाछाप डॉक्टर शासन के आदेशों की खुलेआम मजाक उड़ा रहे हैं। और विभागीय आला हुक्मरानों की छवि भी धूमिल कर रहे हैं ।अक्सर सुनने में आया है कि झोलाछाप सीधे एक ही बात तपाक से कहता है कि मैं साहब को नजराना का लिफाफा पेश करता हूं ऐसा ही एक मामला गत दिवस पूर्व चर्चा का विषय बना जब कस्बा मैगनगंज चौराहे पर बेखौफ क्लीनिक चला रहे तथाकथित बाल रोग विशेषज्ञ झोलाछाप डॉक्टर वसीम पिहानी वाले द्वारा एक महिला की हालत को नाजुक कर दिया जाता है इन जनाब के इलाज से महिला मरीज की बिगड़ी हालत का इलाज शाहजहांपुर के एक अच्छे नर्सिंग होम में चलने की बात चर्चा का विषय बनी थी और मामला सोशल मीडिया पर भी खूब चला था।उक्त झोलाछाप डॉक्टर पर आखिर क्यों साहब की नजर नहीं पड़ रही है यह अहम सवाल बना हुआ है? क्या इस झोलाछाप डॉक्टर पर शासन के आदेश प्रभावी नहीं होते हैं ?उक्त तथाकथित बाल रोग विशेषज्ञ पर आखिर क्यों नहीं की जा रही कार्रवाई? जनता पूछ रही है कहीं किसी राजनीतिक दबाव तो नहीं आ रहा कार्यवाही के बीच में राह का रोडा या फिर गांधी छाप चंद कागज के टुकड़ों की चकाचौंध के चलते नहीं हो पा रही कार्यवाही यक्ष प्रश्न बना हुआ है? विभागीय जिम्मेदारों के रहमों करम से झोलाछाप डॉक्टरों की दुकान फलती-फूलती देखी जा सकती हैं जिसका सबसे ज्वलंत उदाहरण कस्बा मैगलगंज मेन चौराहे पर संचालित कथित डॉक्टर वसीम पिहानी वाले की क्लीनिक है। वैसे तो कस्बा मैगलगंज में एक दर्जन से अधिक झोलाछाप डॉक्टर वेधडक मरीजों की जान जोखिम में डालने के साथ-साथ उनका धन भी लूट रहे हैं और महकमा मुक दर्शक की भूमिका में नजर

आ रहा है। जनहित में मामले की शिकायत शासन प्रशासन से कर तथाकथित एवं झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग किए जाने की बात चर्चा का विषय बनी है। अब देखना यह है कि सी एच सी अधीक्षक साहब की नींद टूटती है या फिर किसी बड़े हादसे के इंतजार में है यह जनाब उसके बाद वह जागेंगे और एक दो पर कार्य वाही की औपचारिकता करके कर्तव्यों की इतिश्री करते रहेंगे।

वर्जन- इस संबंध में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखीमपुर खीरी डॉक्टर संतोष गुप्ता से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया की झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध अभियान चलाकर छापा मार कार्यवाही की जाएगी शीघ्र ही झोलाछाप डॉक्टर किले की क्लीनिक कोशिश कर कार्यवाही की जाएगी।

रोजा शुगर मिल ने क्षेत्र में फैला गंदगी का साम्राज्य

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/जनपद के अवध शुगर मिल रोजा जिसकी अपने इर्द-गिर्द पर्यावरण के साथ-साथ स्वच्छता को दुरुस्त करने की अपनी जिम्मेदारी है वहीं चीनी मिल अपने मिल के आस पड़ोस में गंदगी फैलाने में लगा हुआ है मामला रोजा चीनी मिल के निकट रौसर कोठी मार्केट का है जहां चीनी मिल के आवासीय और मिल से जुड़ा हुआ रोड के दोनों तरफ नाला बना है जिसमें आने वाली गंदगी मिल के कर्मचारी नाले से निकालकर रोड पर डाल देते हैं जिसे चीनी मिल के कर्मचारी उठाना मुनासिब नहीं समझते जिसके चलते नाले से निकली गंदगी पुरे रोड पर बिखर जाती है और इस गंदगी के चलते रोड के इर्द-गिर्द बनी दुकानों के दुकानदार कुछ ज्यादा ही परेशान है जिनको इस गंदगी का सामना करना पड़ता है और चीनी मिल प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी उसी रोड से सुबह शाम गुजरते हैं लेकिन उन्हें इस गंदगी से होने वाली परेशानी और लोगों से कोई वास्ता नहीं है जबकि चीनी मिल प्रशासन की एक अहम जिम्मेदारी बनती है कि आपने मिल के इर्द-गिर्द स्वच्छता से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाकर पर्यावरण और स्वच्छता को मेनटेन रखा जाए लेकिन ऐसा कहीं कुछ क्षेत्र में दिखाई नहीं दे रहा है अब आज पड़ोस के लोग इस गंदगी को लेकर चीनी मिल प्रशासन को कोस रहे हैं।

हर पाँच किलोमीटर पर अवैध आरा मशीन, जिम्मेदार देख रहे सपने हसीन, कप्तानगंज वन रेंज की पहचान बनी अवैध आरा मशीने

- अवैध आरा मशीनों की फिरौती से वन क्षेत्राधिकारी हो रहे मालामालहरे पेड़ों को सूखा पेड़ दिखाकर धड़ल्ले से जारी हो रही कटान परमिट , उजड़ रही हरियालीअकेले कप्तानगंज वन रेंज से विभाग को प्रतिमाह लग रहा कई लाख का चूना

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्तीजिले केकप्तानगंज वन रेंज में हर पाँच किलोमीटर के दायरे में स्थापित अवैध आरा मशीने रेंज व वन विभाग के कर्मचारियों की पहचान बन चुकी है क्योंकि वन क्षेत्राधिकारी कप्तानगंज को जाँच में आल इज वेल ही दिखता है क्षेत्र में संचालित अवैध आरा मशीने व पेड़ो की कटान नजर ही नहीं आता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन क्षेत्राधिकारी कप्तानगंज व उनके मातहत कर्मी पूरे दिन फिरौती- फिरौती का खेल खेलते रहते हैं जिसका परिणाम है कि रेंज में हरे पेंड़ो की कटान व अवैध आरा मशीनों के संचालन पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रहा है । हरे पेंड़ो के अंधाधुन्ध कटान से जहाँ एक ओर पर्यावरण का खतरा बढ़ रहा है वहीं दूसरी

ओर अवैध आरा मशीनों के संचालन से पर्यावरण का खतरा बढ़ने के साथ ही साथ राजकीय क्षति भी हो रही है। सरकार ने जहाँ हरे पेड़ो के कटान को पूरी तरह प्रतिबन्धित किया है तो वही कप्तानगंज रेंज में जिम्मेदारों ने पेड़ो की कटान करवाकर सरकार की मंशा को पलीता लगाने का मानों कसम खा लिया हो क्योंकि लगातार अखबारों की सुर्खियां बनने के बाद भी वन क्षेत्राधिकारी द्वारा न तो हरे पेड़ो के कटान पर रोक लगाने के सम्बन्ध में कोई प्रभावी कार्यवाही अमल में लायी गयी न ही अवैध आरा मशीनों के संचालन पर रोक ही लगाया गया। समय रहते यदि पर्यावरण बचाने के सम्बन्ध में जिम्मेदार नहीं चेते तो खामियाजा सब के सब भुकतेगें।

सामुदायिक स्वास्थ केंद्र फरधान के अंतर्गत झोलाछाप डॉक्टरो पर मेहरबान अधीक्षक

- आखिर इन अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों व झोलाछाप डाक्टरो पर क्यों नहीं हो रही कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान का है।जहा भल्लिया बुर्जग व मन्योरा मे अरसे से संचालित झोलाछाप डॉक्टरो की कलीनिके बेखौफ चलती देखी जा सकती है। इन क्लीनिको पर सी एच सी अधीक्षक फरधान साहब की नजर न पडना जहा क्षेत्र मे चर्चा का विषय बनाहै।वही डाक्टर अमित बाजपेई की कार्य प्रणाली पर सबाल खडे हो रहे है लोगो का कहना है कि शायद इन झोलाछाप डॉक्टर पर डिप्टी सीएम/स्वास्थ्य मंत्री के आदेश प्रभावी ही न होते हो ।इसीलिए इन पर कार्रवाई नही की जा रही है ।बताते चले गोला फरधान के अंतर्गत ग्राम भल्लिया बुजुर्ग मे एक चर्चित झोलाछाप डॉक्टर साकिब शासन के आदेशो की खुलेआम मजाक उडाते हुये बेखौफ क्लिनिक चला रहा है।और लोगो को गारंटी से ईलाज का सब्जबाग दिखाकर अंग्रेजी आर्युवेदिक व होम्योपैथिक दवाये खिलाकर

उनकी जान को जोखिम मे तो डाल ही रहा है साथ ही साथ उनकी जेबो पर भी डाका डाल रहा है। यह सब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान के जिम्मेदारो को दिखाई सुनाई ही नही पड रहा है।जब उक्त डाक्टर से जानकारी लेने की कोई को शिश करता है तो वह अपने को कभी बी ए एम एस तो कभी बी एच एम एस बताकर रोब गाठने लगताहै।जबकि इस फर्जी डाक्टर के पास गैर मान्यता वाली बी ई एम एस की डिग्री है।जानकार सूत्र की जुबानी सत्य मानी जाय तो यह एलानिया कहते सुना जा सकता है कि प्रतिमाह लिफाफा महकमे के जिम्मेदार सी एच सी अधीक्षक साहब को भेजता हू।हमारी क्लिनिक पर शासन के आदेश का असर नही पडने वाला है।सही भी है पैसा पहाड चढाता है। जब इन झोलाछाप डॉक्टरो की जानकारी सी एच सी अधीक्षक साहब फरधान को देकर कार्रवाई की बात कही जाती है तो साहब जियो और जीने दो वाली बात कहते हुये मामले को टाल देते ऐसा क्षेत्रीय लोगो का आरोप है मेरा नही।यही कारण है।

शायद सरकार के लाख प्रयासो के बाद भी झोलाछाप डॉक्टरो पर लगाम नही लग पा रही है। शासन के आदेश जिम्मेदार अफसरो की फा इलो मे ही कैद होकर उनकी कमाई का जरिया बनकर गये है। अब देखना यह है किमन्योरा मे क्लीनिक चला रहे झोलाछाप डॉक्टर रामप्रसाद व अन्य डाक्टरो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी या फिर यू ही मामले को रफा दफा कर दिया जाता रहेगा अभयदान। और शासन को किया जाती रहेगा कार्यवाही के नाम पर गुमराह। क्या कहते है सी एच सी अधीक्षक फरधान डाक्टर अमित बाजपेई साहब उन्होने बताया कि मामला मेरे संज्ञान मे आया है ।शीघ्र कारवाई की जायेगी।

एमएस ब्राइट एजुकेशन एकेडमी के चतुर्थ वार्षिकोत्सव में स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुत की

मल्लावां नगर के एमएस ब्राइट एजुकेशन एकेडमी के चतुर्थ वार्षिकोत्सव में स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आए हुए अभिभावकों का दिल जीत लिया। बच्चों की गायन शैली नृत्य भाषण कला नाटक आदि कार्यक्रमों में स्कूल के प्रबंधन व अध्यापक अध्यापिकाओं की मेहनत साफ दिखाई दे रही थी। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना से लेकर सुनो बच्चों उठाओ बस्ता, महाभारत बाल श्रम, महिला उत्पीड़न, बागबान नाटक में आए हुए अभिभावकों पर दर्शक दीर्घा से बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। स्कूल के टॉपर विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया वहीं आए हुए पत्रकारों को भी उपहार देकर प्रबंधन कमेटी की तरफ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों के अलावा अध्यापक, अध्यापिकाएं ,प्रधानाचार्य शिखा वर्मा सलाहकार मनीषा सोनी और डायरेक्टर शैलेंद्र कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

देश ने मनमोहन सिंह के रूप में खो दिया युगदृष्टा-बसंत चौधरी

युगों तक याद किये जायेंगे डा. मनमोहन सिंह -बसन्त चौधरी

बस्ती। बस्ती जिले के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बसन्त चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये कहा कि देश ने प्रमुख अर्थशास्त्री और युग दृष्टा खो दिया। दो बार प्रधानमंत्री रहने के बावजूद अहंकार उन्हें छू तक नहीं गया था। सादा जीवन उच्च विचार को उन्होने अपने जीवन में ढाला। उनकी नीतियों का ही परिणाम था कि देश में आर्थिक उदारीकरण का दौर शुरू हुआ और आज भारत की जो आर्थिक समृद्धि है उसकी जड़ों में मनमोहन जी की सोच है। कहा कि उन्होने कभी देश पर ऐसा टैक्स नहीं लादा जिससे लोगों को बोझ जैसा महसूस हो।अपने पूर्व के मुलाकातों की स्मृतियों को साझा करते हुये कांग्रेस नेता बसन्त चौधरी ने कहा कि डा. मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में अनेकों बार भारत को संकटों से उबारा, जब दुनियां मंदी के दौर से गुजर रही थी उस समय भी भारत की अर्थ व्यवस्था को समृद्ध रखा। उनका योगदान देश सदैव याद रखेगा।

कोटार नाथ धाम में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

खराब मौसम के बावजूद श्रद्धालुओं की झलकी आस्था

हर हर महादेव के उदघोष से गूंजा मेला क्षेत्र

हलिया (मीरजापुर। अदवा नदी के मध्य विहंगम दृश्य में स्थित कोटार नाथ धाम में प्रात चार बजे भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। खराब मौसम और बूंदाबांदी की बरसात के बावजूद श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव का उदघोष करते हुए दर्शन पूजन किया। भक्तों ने हाथ में माला फूल नरियर और भांग धतूरा चढ़ाकर भोलेनाथ से मन्नतें मांगी।मेला क्षेत्र में दर्शनार्थियों ने हस्त निर्मित बांस की टोकरी डलिआ एवं अन्य जरूरतों का सामानों की जमकर खरीददारी की। मेले सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम रहा। हलिया इंस्पेक्टर बीरेंद्र हमराहियों के साथ मेला क्षेत्र में चक्रमण करते रहे। पुलिस की सक्रियता से मेला निर्विघ्न ढंग से संपन्न हुआ। ग्राम प्रधान विनोद सिंह द्वारा मेले में भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रधान द्वारा बीस वालेंटियरों की तैनाती की गई थी। ए डी ओ पंचायत रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि साफ सफाई के लिए पंद्रह सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है। जो तीन दिनों तक मेला क्षेत्र में तैनात रहकर साफ-सफाई का कार्य करेंगे। मेला क्षेत्र में एस डी एम लालगंज आशीष वर्मा क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने चक्रमण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

आटो के टक्कर से बाइक सवार घायल

हलिया, मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के लालगंज मार्ग पर बसुहरा निवासी राजेश 30 परमेश्वर 32 शनिवार को हलिया बाजार से घर वापस जा रहे थे कि बसुहरा गांव के पास लालगंज की ओर से आ रहे आटो से टक्कर हो गया। जिससे दोनों घायल हो गए। घायलावस्था में दोनों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया। जहां दोनों का इलाज किया गया। हालत सामान्य है।

सात यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक छात्रों को मिले नौकरी के ऑफर

अलीगढ़। एएमयू के यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के सात छात्रों ने पॉलिटेक्निक के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित दो प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान सफलतापूर्वक नौकरी के प्रस्ताव हासिल किए हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर (टीपीओ) डॉ. मोहम्मद फैसल खान ने बताया कि वॉटर सील कंपनी एलएलसी, यूएई ने सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा स्नातकों के लिए ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की। कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा व्यापक साक्षात्कार सत्र के बाद, छह छात्र-एम. आरिश, अब्दुल कदीर, फैजान मुस्तफा, मोहम्मद आबिद, नासिर अली और मोहम्मद शहजिल को विभिन्न पदों के लिए नौकरी के प्रस्ताव मिले।एक अलग ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव में, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा स्नातक मोहम्मद जुनेद जिलानी को एनर्जिया सॉल्यूशंस, यूएई द्वारा चयनित किया गया है। यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के प्रिंसिपल प्रोफेसर अरशद उमर ने सफल उम्मीदवारों को बधाई दी और छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण नौकरी के अवसर प्रदान करने में डॉ. मोहम्मद फैसल खान के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

कागज में 09 माह पहले पूर्ण हुआ पानी टंकी निर्माण कार्य, वर्तमान में अधूरा पड़ा

● - ग्राम प्रधान समेत अन्य ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल पर किया शिकायत- जल निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सीएम पोर्टल पर लगाई जा रही फर्जी रिपोर्ट- जांच आख्या में दूसरे ब्लाक में चल रहे कार्यो

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले के विक्रमजोतजल निगम विभाग (ग्रामीण) के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा हर घर जल , जल जीवन मिशन को पलीता लगाया जा रहा है । कागज में 09 महीने पहले पानी टंकी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जबकि धरातल पर वर्तमान समय में 25त्न ही निर्माण कार्य हुआ है । कागज में पानी टंकी निर्माण कार्य को पूरा करके सम्बंधित कम्पनी / ठेकेदार फरार है । ग्रामीणों को चाहे स्वच्छ जल मिले या न मिले , सम्बंधित कम्पनी / ठेकेदार को इससे मतलब नहीं है । जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भी आफिस में बैठ कर कम्प्यूटर डाटा के माध्यम से पानी टंकी निर्माण कार्य का रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेजा जा रहा है इससे स्पष्ट है कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी परियोजना हर घर जल , जल जीवन मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही है । यदि जल निगम बस्ती के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पूरे जिले में चल रहे पानी टंकी निर्माण कार्य का सत्यापन / जांच किया जाता तो शायद यह स्थिति आज ग्राम पंचायत खतमसराय में चल रहे पानी टंकी निर्माण कार्य का नही होता ।

पानी टंकी निर्माण कार्य से सम्बंधित कम्पनी / ठेकदार द्वारा हर घर जल , जल जीवन मिशन का बोर्ड लगाया है जिसमें समस्त विवरण लिखा हुआ है । बोर्ड में पानी टंकी निर्माण कार्य की लागत - 364. 69 लाख रुपये अंकित है और निर्माण कार्य आरम्भ की तिथि - 21-03-2024 एवं निर्माण कार्य पूर्ण होने की तिथि - 20-03-2024 अंकित है । पानी टंकी निर्माण कार्यदाई संस्था पर कार्रवाई किया जाएआपको बता दें कि विकासखण्ड विक्रमजोत के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खतम सराय में पानी टंकी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है जिसकी सुंधि कोई लेने वाला नही है । ग्रामीणों को मजबूर होकर गन्दगी पानी पीना पड़ रहा है । गन्दगी पानी पीने से गंभीर रोगों के होने की पूरी सम्भावना है । ग्राम प्रधान देवी दीन समेत अन्य ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर पर अधूरे पड़े पानी टंकी निर्माण कार्य की शिकायत किया था लेकिन जल निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा दूरे ब्लाक के ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों का फोटो अपलोड किया जा रहा है । अर्थात् फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत कर्ता के साथ क्रूर मजाक किया जा रहा है जिससे प्रदेश सरकार की छवि धूमिल हो रही है और प्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है । वर्तमान समय में पानी टंकी निर्माण कार्य बन्द है और वहां कोई निर्माण समाग्री नही है । इस सम्बंध में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने बताया कि उक्त प्रकरण की जांच कराई जाएगी और निर्धारित समय सीमा के अन्दर निर्माण कार्य में पूर्ण न होने पर सम्बंधित कार्यदाई संस्था के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी ।

तहसीलदार ने जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

मिल्कीपुर अयोध्या। गरीबों को ठंड से बचने के लिए मिल्कीपुर तहसील प्रशासन ने गांव गांव जाकर सरकारी कंबल का वितरण कराया। तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार सिंह ने तेंधा गांव में भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य बब्लू पासी के द्वार पर कैंप लगाकर गरीब लोगों को 60 कंबल वितरण किया, गांव के गीता देवी, विजय शंकर, ललिता देवी, प्रेमा देवी, गीता, रुकसाना, हसीना बानो सहित अन्य को कंबल दिया गया । कम्बल पाकर लोगो के चेहरे खिल गए व तहसील प्रशासन को धन्यवाद दिया । इसके अलावा लेखपालो ने अपने अपने क्षेत्र में पात्रों को कंबल वितरित किया।

तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रशासन द्वारा मिल्कीपुर तहसील के लिए पर्याप्त मात्रा में कंबल उपलब्ध कराया गया है। प्रत्येक पात्र लोगों तक सरकारी कंबल पहुंचाया जाएगा जिसका निर्देश लेखपालों को दिया गया है । कम्बल का वितरण पारदर्शी तरीके से हो इसके लिए लाभार्थी का राशन कार्ड नंबर व फोटो भी अपलोड की जा रही है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, श्याम नारायण पाठक, पूर्व प्रधान विपुल सिंह, रामप्रसाद विश्वकर्मा, राजू पासी, लेखपाल महेंद्र तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आठ ग्राम पंचायतों में किशोरी जागरूकता बैठक का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। बालिकाओं को शिक्षा स्वास्थ्य व विकास की योजनाओं से जोड़ने एवं व्यक्तिगत साफ सफाई स्वच्छता सहित मौलिक अधिकार व कर्तव्यों पर जागरूक करने के लिए अकबरपुर विकासखण्ड के आठ ग्राम पंचायतों में किशोरी जागरूकता बैठक का आयोजन हुआ जिसमें 500 से अधिक किशोरी बालिकाओं ने भागीदारी किया। जन विकास केन्द्र भितरीडीह के निर्देशन में किशोरी बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम अम्बेडकरनगर द्वारा आयोजित बैठकों को सम्बोधित करती हुई सचिव गायत्री ने कहा कि किशोरी बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम के जरिए बाल विवाह व बाल हिंसा रोकथाम केन्द्रित कार्यक्रम इसी दिशा में एक प्रयास है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरों को सशक्त करते हुए बाल विवाह एवं अन्य हिंसा से उनका संरक्षण करना है। मानवाधिकार रक्षक मनोज कुमार ने कहा कि बालिकाओं के स्वास्थ्य शिक्षा एवं विकास के अधिकारों की रक्षा करने के लिए ग्राम पंचायत चन्दनपुर, सिसानी अखईपुर, कजरी नन्दापुर, आलमपुर अखई, इस्माइलपुर गंज, अलीपुर कोड़रा, नसीरपुर कैथी, व हरखपुर कौड़हा के 22 गांवों मे किशोरी जागरूकता बैठक आयोजित कर उन्हें व्यक्तिगत साफ सफाई स्वच्छता मौलिक अधिकार व कर्तव्यों पर जागरूक किया गया।

बैठकों में कम्युनिटी मोबिलाइजर देपेश ने मौलिक अधिकार, निरकला ने व्यक्तिगत साफ सफाई एवं स्वच्छता छोटेलाल ने नागरिक कर्तव्य, सुमन ने बाल विवाह एवं शीला ने बाल हिंसा पर जानकारी दिया। बैठकों को सफल बनाने में नीशा,मोहम्मद इसराइल, विजेन्द्र, महिमा, मुस्कान, सुप्रिया, रोशनी साधना आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आसमान में छाये रहे बादल ठण्ड़ बढ़ी

अलीगढ़। शनिवार की सुबह से ही आसमान पर बादल छाए थे। धूप तो निकली लेकिन कुछ देर सूर्य नारायन ने दर्शन दिये उसके बाद काले बादलों में छिप गये। पूरे दिन मौसम में ठंडक रही। लेकिन रात को हुई बरसात और चलीं सर्द हवाओं ने मौसम को बदल दिया। रात्रि में हुई बूंदाबांदी के कारण मौसम काफी ठण्ड़ा हो गया है। वहीं आसपास के जिलों में अच्छी खासी बरसात बताई जा रही है। इसका असर भी देखने को मिला। सुबह से बूंदाबांदी शुरू हो गई और दिन में भी बारिश होने की संभावना जताई जा रही थी। एएमयू के भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अहमद मुजतबा सिद्दीकी ने बताया कि अब लगातार तापमान कम होगा। ठंडक बढ़ेगी। नए साल का जश्न भी कडाके की ठंड के बीच मनेगा। वहीं यह मौसम भी इस समय गेहूं, आलू और सरसों के लिए अच्छा है।

सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला पंचायत राज्य अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सिंचाई, पशुपालन, कृषि, विद्युत, उद्योग, परिवहन, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने अपने विभागों से संबंधित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें, जन सामान्य तक योजनाओं की पहुंच सुगमता से सुनिश्चित करें। जन सामान्य की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को ग्रेडिंग के साथ-साथ रैंकिंग पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत बिलों में सुधार संबंधित जन सामान्य की समस्याओं के निस्तारण को समयबद्ध रूप से करने एवं विद्युत आपूर्ति में और सुधार लाने के निर्देश दिए। नहरों के कटान से जलमग्न हुए किसानों की फसलों का अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को तत्काल स्तरीय निरीक्षण कर नियमानुसार फसल नुकसान का किसानों को मुआवजा प्रदान करने तथा नहरों को कटान से बचने हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी, ऑपरेशन कायाकल्प, मत्स्य उत्पादन आदि से संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्य कर रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।

अधिकारियों के आवास पर डाला जाएगा कूड़ा



अलीगढ़। नगर सफाई मजदूर संघ का 13 दिसंबर से नगर निगम में लगातार धरना प्रदर्शन चल रहा है। शनिवार को भी सुकमा नामक कंपनी के विरोध में कर्मचारियों का प्रदर्शन चलता रहा। बताते चलें कि नगर निगम द्वारा कर्मचारियों के प्राइवेटेशन के विरोध में प्रदर्शन हो रहा है। इससे पहले सफाई कर्मियों ने मेयर आवास के बाहर कूड़े का लगाया ढेर लगा दिया था। मेयर आवास के बाहर कूड़ा डालने की वीडियो भी वायरल हो रही है। आंदोलनकारियों का कहना है कि सफाई मजदूरों की माँग नहीं मानी तो अधिकारियों के आवासों के बाहर भी कूड़ा डाला जायेगा।

निवेशमित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को समयान्तर्गत संबंधित अधिकारी निस्तारित करें

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, ओडीओपी वित्त पोषण योजना से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि ऋण वितरण समय से करायें। उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होंगी। उन्होने कहा कि निवेशमित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को समयान्तर्गत संबंधित अधिकारी निस्तारित करें। जनपद बस्ती में औद्योगिक क्षेत्र में स्थायी जलनिकासी की समीक्षा करते हुए उन्होने सरयू नहर खण्ड-4 से संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जलनिकासी की समस्याओं से निजाद दिलायें। जनपद संतकबीर नगर में औद्योगिक फिडर में अबाध विद्युत आपूर्ति के लिए उन्होने मुख्य अभियन्ता विद्युत को अपूर्ति हेतु निर्देशित किया है। बैठक में बताया गया कि औद्योगिक क्षेत्र संतकबीर नगर में कूडा डम्प किया जाता है, जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है।

मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि जमीन तलाश कर चिन्हित स्थान पर ही कूडा डम्पिंग कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होने पाया कि ग्लोबल इनवेस्टर समिट फरवरी 2024 के अन्तर्गत जनपद बस्ती में 254 इकाईयों द्वारा रू. 14363.00 करोड़ का पूँजीनिवेश एवं 19340 व्यक्तियों का रोजगार प्रस्तावित है। संतकबीर नगर में कुल 102 इकाईयों द्वारा रू. 4754.38 करोड़ का पूँजीनिवेश एवं 12598 व्यक्तियों का रोजगार प्रस्तावित है। सिद्धार्थ नगर में कुल 245 इकाईयों द्वारा रू. 964.69 करोड़ का पूँजीनिवेश एवं 6908 व्यक्तियों का रोजगार प्रस्तावित है। बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग हरीश प्रताप सिंह ने किया। बैठक में एएसपी ओम प्रकाश सिंह, जीएमडीआईसी बस्ती, संतकबीर नगर एवं सिद्धार्थनगर, लीड बैंक मैनेजर आर.एन. मौर्य, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी पी.एन. सिंह, उपायुक्त राज्य कर प्रभाकर सरोज, चेम्बर्स आफ कामर्स के अध्यक्ष अशोक सिंह, अध्यक्ष उ0प्र0 इण्डस्ट्री एसोसिएशन अरविन्द पाठक, अनूप तिवारी व अंकित सिंह तथा विभागीय अधिकारीगण तथा उद्यमीगण उपस्थित रहें।

अयोध्या आइडल नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता के स्टेज राउंड का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

अयोध्या- महोत्सव के अंतर्गत 28 दिसंबर को अयोध्या आइडल नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता के स्टेज राउंड का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और क्वार्टर फ़िनाले के लिए चयनित किए गए। कार्यक्रम की संयोजिका और अयोध्या महोत्सव न्यास की प्रबंध निदेशक ने बताया कि अगला राउंड 31 दिसंबर और 1 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को प्लेटफॉर्म प्रदान करना और उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर देना है। अयोध्या आइडल नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता अयोध्या महोत्सव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कि अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक महत्व को प्रदर्शित करने का एक अद्वितीय अवसर है।

अयोध्या महोत्सव में लोक गायन का आयोजन, सुषमा गुप्ता, अर्चना गोस्वामी और मनोरमा साहू ने मचाया धमालअयोध्या महोत्सव में लोक गायन का आयोजन किया गया, जिसमें सुषमा गुप्ता, अर्चना गोस्वामी और मनोरमा साहू ने अपनी प्रस्तुति दी। इस आयोजन में लोक संगीत की विभिन्न शैलियों का प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।सुषमा गुप्ता, अर्चना गोस्वामी और मनोरमा साहू ने अपनी शक्तिशाली आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी प्रस्तुति में लोक संगीत की विविधता और समृद्धि का प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को लोक संगीत के प्रति आकर्षित किया। इस आयोजन का उद्देश्य लोक संगीत को प्रोत्साहित करना और इसकी विविधता को प्रदर्शित करना था। आयोजन में दर्शकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोक गायन की प्रस्तुति का आनंद लिया।

अयोध्या भोजपुरी सिने अवार्ड की घोषणा कल

अयोध्या भोजपुरी सिने अवार्ड की घोषणा कल होगी, जो कि अयोध्या महोत्सव के तहत आयोजित किया जा रहा है। इस अवार्ड समारोह में भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिभाशाली कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा, जिनमें पवन सिंह, दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ, आम्रपाली दुबे, प्रदीप पांडे चिंटू, कल्लू अकेला सहित 50 से अधिक भोजपुरी कलाकार शामिल हैं। यह अवार्ड समारोह भगवान श्री राम की नगरी में आयोजित हो रहा है, जो कि भोजपुरी सिनेमा के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है। अयोध्या महोत्सव अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अयोध्या महोत्सव में इस बार अयोध्या भोजपुरी सिने अवार्ड का आयोजन 29 दिसम्बर को होगा, जिसमें भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिभाशाली कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा ।

गन्ना चेयरमैन तोताराम वर्मा ने जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार को ज्ञापन सौंपकर भुगतान अनुपात दुरुस्त कराने का किया मांग

स्वतंत्र प्रभात

उतरौला (बलरामपुर)- बजाज चीनी मिल इटई मैदा द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान गलत तरीके से व द्वेषपूर्ण करने को लेकर गन्ना चेयरमैन तोताराम वर्मा ने जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार को ज्ञापन सौंपकर भुगतान अनुपात दुरुस्त कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पिछले पेराई सत्र का भुगतान अभी तक नही किया गया है । नया पेराई सत्र चालू भी एक माह से चालू है ।शासन के निर्देशानुसार दो सप्ताह में किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान किया जाना चाहिए। जबकि पिछले पेराई सत्र का भूगतान भी नियम के विरुध किया गया है। बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल द्वारा जनपद बहराइच समिति द्वारा क्रय किये गये गन्ना मूल्य का भुगतान पिछले सत्र का सितंबर तक 87.28 प्रतिशत कर दिया गया था। जबकि उतरौला समिति का भुगतान इसी समय तक केवल 66.77 प्रतिशत ही किया गया है ।जानकारी यह भी हुआ है कि गन्ना विकास समिति बहराइच का भुगतान एक माह पूर्व 99.22 प्रतिशत कर दिया गया है । जबकि गन्ना विकास समिति उतरोला का भुगतान अभी तक केवल 84.62 प्रतिशत ही किया गया है। जो दुर्भाग्यपूर्ण व द्वेषपूर्ण है।बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल द्वारा मन माने तरीके से किये गये भुगतान की जॉच कर मिल के विरुध विधि सम्मत कार्यवाही किया जाना किसान हित में है। इस मौके पर साधन सहकारी समिति अध्यक्ष उतरौला कृष्ण कुमार गुप्त संजय यादव विशाल वर्मा मौजूद।

एक किलो दौ सौ ग्राम गांजे के साथ दबोचा

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। थाना अकराबाद पुलिस टीम ने अवैध नशीले पदार्थ गाँजा सहित एक शातिर तस्कर गिरफ्तार किया है। थाना अकराबाद पुलिस टीम ने वीरु पुत्र प्रेम बाबू हाबूडा निवासी करहला रोड थाना अकराबाद को एक किलो दो सौ ग्राम अवैध गाँजा सहित धर्मपुर गांव की ओर केलनपुर नहर के पास बम्बे की पटरी से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर एनडीपीसी एक्ट के तहत मुकद्दमा पंजीकृत किया गया ।

हरैया विधानसभा के विधायक अजय सिंह ने विद्युत विभाग को दी चेतावनी कहा अवैध बसूली बंद करो

● विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीणों से अवैधू वसूली कर रहा है तथा फर्जी उत्पीड़न कर रहा है जिसका बिल जमा उसका भी कनेक्शन काट दिया जा रहा है

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले के हरैया विधायक अजय सिंह जनहित के मुद्दे पर हमेशा जनता के साथ खड़े दिखाई देते हैं। एक बार फिर हरैया विधायक अजय सिंह जनता ने एक मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाली है ।विधायक हरैंया अजय सिंह ने अपने फेसबुक वाल पर बिजली विभाग को चेतावनी दी है कि बिजली विभाग के लोग सुधर जाए। जनता से अवैध वसूली बंद करोआपको बता दें की बस्ती जिले के हरैया विधानसभा के राजस्व गांव बरगदवा गांव में कुछ लोगों का बिजली का बिल बकाया था और विद्युत विभाग के अधिकारियों ने ट्रांसफार्मर से ही पूरे गांव की बिजली काट दी। जिसकी सूचना मिलने पर विधायक हरैंया अजय सिंह ने पहले तो विद्युत विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई तो वहीं उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दे डाली है। विधायक हरैंया के सख्त तेवर को देखते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों ने गांव की बिजली तो जोड़ दी है लेकिन इस मामले को लेकर विधायक अजय सिंह व उनके समर्थकों में बिजली विभाग को लेकर खासा रोष देखने को मिल रहा है। इससे पहले भी विधायक हरैंया ने बस्ती जिले की गाड़ियों से टोल वसूली को लेकर के जनता की आवाज को उठाया था, जिसकी वजह से टोल कर्मियों द्वारा बस्ती की गाड़ियों को टोल में छूट दी जा रही है। बस्ती जनपद में सुबह-सुबह कई गाड़ियां निकलती है बिजली चेकिंग के नाम पर कभी 1000 से लेकर 5000 तक वसूली होती है जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरण नींद में सो रहे हैं किसी का काम में आज आज विधायक अजय सिंह द्वारा अधिकारियों पर जमकर बरसे ऐसे वक्त में विधायक ग्रामीणों के साथ हमेशा खड़े रहते हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत संझवल विकास खण्ड गैंसडी जनपद बलरामपुर

निविदा/कोटेशन

ग्राम पंचायत संझवल में केन्द्रीय वित्त आयोग, राजा वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं रक्च्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण/रेट्रोफिटिंग, नाली निर्माण, सीसी रोड निर्माण,खड़ंजा निर्माण/मरम्मत,स्कूल बाउंड्रीवॉल निर्माण,नाली मरम्मत, हयूप पाइप, हैंड पंप,मरम्मत, हैंडपंप रिवोर,स्कूल में दिव्यांग/सामान्य शौचालय निर्माण/मरम्मत,स्कूल कायाकल्प, सोकपिट निर्माण, सामुदायिक शौचालय मरम्मत आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण, सोलर लाइट,पशु शेड बकरी शेड,मुर्गी शेड, निर्माण,स्वयं सहायता समूह हेतु रोड निर्माण खाद गड्ढा नाडेप वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, गौवंश आश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत कूप मरम्मत आदि में प्रयुक्त होने वाली साम्रगी जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, सीमेन्ट सरिया, पत्थर गिट्टी,स्ट्रोन,इंटरलॉकिंग गईलस,साईन बोर्ड,पत्थर,मिट्टी, जी. एस. एस. बी. (लोहा पाइप) विभिन्त माप की स्थुम पाइन त्रढ्ढ पाईप, लोहे का दरवाजा। प्राईमर,पेंट, पुट्टी,सिमिंटेड सीट,(एलेस्टर) शौचालय शीट यूरिनल सीट, PVC पाइप, टोटी, सिटेक्स, वाश बेसिन आदि आवश्यक है।साम?ग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदा दाताओं से निविदा/ कोटेशन जो पंजीकृत फर्म हो आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/12/2024 से 31/12/2024 को दिन में 2:0 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जाएगा/निविदा/कोटेशन दिनांक 31/12/2024 को 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान, सचिव की उपस्थिति में निविदा फॉर्म खोला जाएगा/निविदा कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विशिष्टियों के अनुसार परिमंडल गोंडा के द्वारा निर्धारित दरों के संक्षेप की जाएगी।शेष नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है निविदा ग्राम पंचायत में विगत वर्ष 2024 25 में कराए जाने वाले सभी विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगी।

अध्यक्ष/ग्राम प्रधान
शमामतुल अम्बर
ग्राम पंचायत संझवल विकास खण्ड
गैंसडी जनपद बलरामपुर

सचिव
ग्राम पंचायत संझवल विकास
खण्ड गैसड़ी बलरामपुर

संक्षिप्त ख़बरें

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुआ थाना घुघंटेर में थाना समाधान दिवस

बाराबंकी। जनपद बाराबंकी के थाना घुघंटेर में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने थाने में चल रहे नए निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया और थाने में मौजूद मंदिर की मरम्मत के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान 6 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 4 का मौके पर ही निस्तारण किया गया और 2 प्रार्थना पत्र की जांच चल रही है। इस थाना समाधान दिवस में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी भाग लिया और जनता की समस्याओं का समाधान करने में सहयोग किया। यह थाना समाधान दिवस जनपद बाराबंकी के थाना घुघंटेर में आयोजित किया गया था, जिसमें जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भाग लिया और जनता की समस्याओं का समाधान किया। इस तरह के आयोजन से जनता की समस्याओं का समाधान होता है और प्रशासन की जवाबदेही भी बढ़ती है। इससे जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ता है।

राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक का हुआ सम्मान

बिसवां (सीतापुर)। एस0 सी0 ई0 आर0 टी0 लखनऊ द्वारा आयोजित सामाजिक विषय पर आधारित रोल प्ले मॉडल प्रस्तुतीकरण कर राज्य में प्रथम पुरुस्कार प्राप्त करने वाले रेउसा विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय रंडा कोंडर के शिक्षक मयंक सिंह को इस बड़ी उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ0प्र0 की रेउसा इकाई द्वारा बीआरसी रेउसा पर एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रेउसा ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कर्मठ शिक्षक मयंक सिंह ने जिला ही नहीं वरन प्रदेश स्तर पर जिले और ब्लाक का नाम रोशन किया है जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर उपस्थित जिला कार्यकारणी के जिला महामंत्री कृष्ण मोहन गुप्ता तथा जिला मीडिया प्रभारी देवर्षि प्रताप सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी उन्हें धन्यवाद देते हुए बधाइयां दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में ब्लॉक के महामंत्री राजेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम अक्षयवर, उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार, संयोग कुमार, कोषाध्यक्ष नासिर अली, मीडिया प्रभारी कुलदीप श्रीवास्तव, मंत्री महेन्द्र सिंह, ललित मोहन यादव व अखिलेश मौर्य सहित भारी संख्या में शिक्षकगण मौजूद रहे।

सभासद ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

शाहाबाद/हरदोई नगर पालिका परिषद के बाजार संभा वार्ड के सभासद आदित्य कुमार गौतम द्वारा गौतम बुद्ध जूनियर हाई स्कूल गिगियानी में शनिवार की पूर्वाह्न 11 बजे जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। सभासद आदित्य गौतम के अनुसार उन्होंने अपने वार्ड के गरीब और मजलूमों को ठंड से बचाने के लिए लगभग 60 कंबलों का वितरण किया। सभासद ने बताया नये वर्ष पर छूटे हुए जरूरतमंदों को कंबल दिया जायेगा। वार्ड में कोई भी गरीब ठंड से नहीं ठिठुरेगा। बताया नगरपालिका कैंपस में रेन बसेरा भी स्थापित कर दिया गया है। इस मौके पर रामनाथ गौतम, सौरभ कुमार, राजन वर्मा, अनिल राठौर, साजिद आदि मौजूद रहे।

खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन

खंड शिक्षा अधिकारी व एडिओ पंचायत सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कार्य क्रम का शुभारंभ किया गया

हरियावां ब्लॉक संसाधन केंद्र हरियावां पर ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों की संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण हेतु प्रत्येक परिषदीय विद्यालयों के प्र0 अ0/प्रभारी प्र श्अश के साथ ग्राम प्रधान व एडिओ पंचायत व खंड शिक्षा अधिकारी हरियावां छोटे लाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए विशिष्ट जनों को वैच लगाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।राजीव शुक्ला, अविनाश सिंह, शैलेंद्र सिंह, आशीष दिक्षित, अरुण शुक्ला, विनोद कुमार, विनोद वर्मा, रामपाल, अखिलेश चंद्र पांडेय, विजय मिश्रा आदि शिक्षक व सम्मानित प्रधान मौके पर मौजूद थे।

मसौली थाना समीप पेट्रोल पंप पर हुआ हादसा ऑटो चालक को कार चालक ने मारी टक्कर ऑटो ड्राइवर का टूटा पैर

स्वतंत्र प्रभात

बाराबंकी। जनपद बाराबंकी के थाना मसौली समीप पेट्रोल पंप के सामने बड़ा हादसा होते होते टला।प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ागांव निवासी सिराज मोहम्मद,रोज की तरह अपना बैटरीऑटो लेकर बाराबंकी की ओर जा रहा था। तभी पीछे से आ रही।क्र40क्र4142 कार चालक ने बिना इंडिगेटर दिए अपनी कार अचानक से मोड़ दी जिससे बैटरीऑटो कार से जा टकराया। और सिराज मोहम्मद का बैटरीऑटो बेकाबू होकर पलट गया। जिसके कारण सिराज मोहम्मद को अंदरुनी गंभीर चोटे आई हैं। और दया पर भी टूट गया है। अब एक सवाल यह भी उठ रहा है कि कार ड्राइवर ने सिराज मोहम्मद की कोई हाल खबर तक नहीं ली और ना ही सिराज मोहम्मद के इलाज वा नुकसान की भरपाई करने का जिम्मा लिया। क्या हाईवे पर चलने वाले छोटे वाहनों के लिए नियम बना है। बड़े-बड़े वाहनों के लिए कोई नियम नहीं है। हाई स्पीड में चलने वाले वाहनों पर भी और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। कुछ वाहनों के ड्राइवर बिना आगे पीछे देखें अपनी गाड़ी मोड़ देते हैं। जिसके कारण भी बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएं होती हैं। हाईवे हो या कस्बे के अंदर हो कुछ चालक अपने मनमानी तरीके से वाहन को चलाते हैं। अपनी जान को तो जोखिम में डालते ही हैं। और राह पर चलने वाले लोगों के लिए भी समस्या खड़ी करते हैं। दिन-ब-दिन हादसे होने के यही सब कारण होते हैं।

बड़े धूमधाम से मनाया गया कटहरी बाबा का मेला रात्रि में चन्द्र भूषण की नौटंकी

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ- निगोहां थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत दयालपुर के मजरा छबीले खेड़ा में बड़े बाबा कटहरी धाम में भव्य मेला का आयोजन किया गया जहां पर दूर दराज से आए सैकड़ो की तादात में दुकानदारों से मेला प्रांगण सजा हुआ था बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले खिलौने की दुकान सजी हुई थी वही रात में मनोरंजन स्वरूप चंद्र भूषण की मशहूर नौटंकी का भी आयोजन किया गया जहां पर हजारों की तादाद में आसपास के क्षेत्र व ग्रामीण मौजूद रहे आयोजक शेरबहादुर ने बताया मंदिर में हवन पूजन करके भंडारे में तहरी का वितरण किया गया पहले छुटपुट कार्यक्रम इस स्थान पर होते थे अबकी बार से हमारी कमेटी ने निर्णय लिया की बाबा की कृपा रही तो प्रत्येक वर्ष हम इसी प्रकार मेले के आयोजन करते रहेंगे संरक्षक विशाल तिवारी के द्वारा ग्राम चौकीदारों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण किया गया समिति में ग्राम प्रधान पति शैलेंद्र कुमार पाल कमलेश गुप्ता गुरु दयाल ग्राम चौकीदार हरिश्चंद्र ग्राम चौकीदार दिलीप प्रजापति विनोद एडवोकेट अजय राजपूत माखन प्रजापति अमरनाथ रावत सुनील प्रजापति डॉक्टर सुनील रावत हनुमान प्रजापति राधेलाल रावत रामकुमार शर्मा विवेक तिवारी आनंद राजा एडवोकेट सूरज तिवारी दीपक तिवारी श्यामू तिवारी रानी रावत रामू करण रावत शिवाकांत रावत सुजीत रावत रंजीत रावत संतराम उर्फ तहसील वीरेंद्र रावत अनुज रावत हरीश रावत सूरज रावत पप्पू रावत राजकुमार राजपूत सूरज रावत सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

मेधावी छात्र- छात्राओं को विधायक ने मेडल देकर किया सम्मानित

● - हाई स्कूल की छात्रा रही वंशिका गिरि को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर में शनिवार को आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सदर विधायक श्याम धनी राही ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने का अवसर है वह बहुत ही सरहानीय है। इस विद्यालय से शिक्षा लेकर बच्चे बहुत आगे तक पहुँचे है, बहुत से विभागों में कार्यरत है, शिक्षक बच्चों को शिक्षित करने का काम कर रहे हैं। इस विद्यालय के संस्थापक स्व.मुक्ति नारायण पाण्डेय ने यह विद्यालय स्थापित करके बच्चों के बेहतर भविष्य को सवारने का कार्य किया हैं। यह बच्चे कर्णधार है, हर साल इस विद्यालय के बच्चे नवोदय विद्यालय के लिए चयनित होते हैं। प्रधानाचार्या राजकुमारी पांडेय ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट की। विद्यालय की मेधावी छात्रा वर्ष 2024 में विद्यालय की हाईस्कूल टॉपर वंशिका गिरि को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा प्रियांशी चौधरी को गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र, अनुष्का यादव व आनन्द प्रजापति, नेहा गुप्ता, आदित्य यादव आदि मेधावियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर

पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नितेश पाण्डेय ने किया। इस अवसर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र, पवन मिश्र, विवेक गोस्वामी, विनय वर्मा, पवन पाठक, उमेश यादव, संतोष यादव, बृजेन्द्र वशिष्ठ, महिमा पाण्डेय, श्वेता पटवा, बिंदु विश्वकर्मा, सरिता जायसवाल, चंद्रावती देवी, अजय कुमार, अरुण जायसवाल, आदि मौजूद रहे।

चोरी से कटे पेडों के मामले मे लीपापोती मे जुटा वन विभाग

● - कार्रवाई के नाम पर कन्नी काट रहे अफसर

स्वतंत्र प्रभात

लहरपुर सीतापुर सैयां भये कोतवाल तो डर काहे का.... कुछ यही कहावत सटीक बैठती है लहरपुर वन विभाग पर। शासन में अपनी अच्छी पैठ की धमक रखने वाले नवागत वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह के लहरपुर का कार्यप्रभार सम्हालने के बाद से लकडकट्टों, लकडी के अवैध कारोबार से जुडे लोगों की बल्ले बल्ले हो चली है। लगातार हरियाली पर चल रहा अवैध आरा और उस पर प्रशासनिक चुप्पी पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान खडे कर रही है। ताजा मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर हरिप्रसाद का है जहाँ बीते दिनों ग्राम समाज की भूमि पर लगे लगभग सोलह पेड़ों को रात के समय चोरी से काट लेने का आरोप लगाते हुए गांव के ही अवधेश सिंह पुत्र शत्रोहन सिंह ने शिकायत संख्या 40015424088546 के माध्यम से शिकायत की थी। भ्रष्टाचार और अव्यवस्था ने पूरे सिस्टम को अपने चंगुल में कितना कसा हुआ है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब इस सम्बन्ध में स्थानीय लेखपाल मानवेन्द्र वर्मा से बात की गई तो उसने कहा कि मैंने अपनी रिपोर्ट बनाकर उपजिलाधिकारी मैम को सौंप दी है जबकि इस सम्बन्ध में जब उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम से बात की गई तो उन्होंने ऐसे किसी मामले की जानकारी होने से ही इंकार कर दिया और कहा कि वो सम्बंधित लेखपाल को बुलाकर मामले की जानकारी करेंगी वहीं शिकायतकर्ता का दावा था कि लेखपाल ने मुकदमा दर्ज कराये जाने की बात कही है जबकि स्थानीय कोतवाली प्रभारी विजयेंन्द्र सिंह ने ऐसी किसी तहरीर के मिलने तक से इंकार किया वहीं जब इस सम्बन्ध में वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका नंबर आउट ऑफ़ नेटवर्क बताता रहा। सूत्रो की मानें तो लच्छननगर निवासी एक ठेकेदार और उसके साथियों ने विभाग से सांठ गांठ कर पेड़ काट तो डाले पर मामला खुल जाने के बाद अब कार्रवाई के नाम पर वन विभाग कन्नी काट रहा है।सूत्रों की मानें तो वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह की भ्रष्ट कार्यशैली की ये एक छोटी सी बानगी है।कुल मिलाकर दो दिन बीत जाने के बाद भी चोरी से कटे 16 पेड़ों का मामला अफसरों की टेबलों के बीच फुटबॉल बना हुआ है और लहरपुर वन विभाग के हालात रामभरोसे दिखाई दे रहे हैं।

थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली 03 महिलाओं को किया गया

स्वतंत्र प्रभात

जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण एवं जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.12.2024 को थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली 03 अभियुक्ताओं 1. मीना पत्नी जय प्रकाश पाठक उर्फ किन्नी निवासिनी कोटवा सड़क थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी 2. रोशनी पत्नी शिवम पाठक निवासिनी कोटवा सड़क थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी 3. कुमारी शिवानी पुत्री जय प्रकाश पाठक निवासिनी कोटवा सड़क थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को कोटवा सड़क से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ताओं के कब्जे से कुल 750 ग्राम अवैध स्मैक व 5,170/- रुपये नकद बरामद कर थाना रामसनेहीघाट पर मु0अ0सं0 702/2024 धारा 8/21सी एनडीपीएस पंजीकृत किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण का परिवार मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त है। अभियुक्ता मीना के पति जय प्रकाश पाठक उर्फ किन्नी व पुत्र शिवम पाठक उर्फ गोलू को मादक पदार्थ तस्करी में मा0 न्यायालय द्वारा 10-10 वर्ष का कठोर कारावास व 01-01 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया जा चुका है तथा दूसरा पुत्र

सत्यम पाठक मादक पदार्थों की तस्करी के अभियोग में जिला कारागार बाराबंकी में निरुद्ध है। पूछताछ से ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्तगण दिवाकर पुत्र जगतराम मिश्रा से अवैध स्मैक खरीदकर ग्राहकों को चोरी छिपे घर की खिड़की से बेचती थीं।

बेखौफ लकड़कट्टों की मनमानी आई सामने, हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों पर चलवाया आरा

● - प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ कटवाने वाले लकड़ी ठेकेदारों पर होगी कड़ी कार्रवाई- वन क्षेत्राधिकारी कछौना

स्वतंत्र प्रभात

बेनीगंज/हरदोई- कोतवाली बेनीगंज क्षेत्र के शादीपुर गांव में शुक्रवार शाम प्रतिबंधित गूलर और जामुन के हरे-भरे पेड़ों पर बेखौफ लकड़कट्टों ने चलवाया आरा। जिसकी वन रेंज कछौना रेंजर विनय कुमार सिंह को सूचना मिली वन क्षेत्राधिकारी ने तुरंत मौके पर पूरी टीम को भेजा तबतक पेड़ जमीन में गिर चुके थे। कटे हुए गूलर पेड़ की मौके से लकड़ी भी गायब थी। इस पर रेंजर विनय कुमार सिंह ने बताया लकड़ी माफिया सक्रिय हो चुके हैं सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर गई थी। गुलर की लकड़ी मौके से गायब थी। जबकि जामुन की लकड़ी मौके पर मौजूद है। मौके पर लकड़ी काटने वाले ठेकेदार अभी नहीं मिले हैं। विभागीय टीम उनकी तलाश में है मामले पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बता दें जहां केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार वृक्षारोपण अभियान के तहत हर वर्ष लाखों पेड़ लगवा रही है और एक पेड़ मां के नाम सभी आमजनमानस से लगाने की गुजारिश कर रही है। उसके बावजूद लकड़ी माफिया अपनी लकड़ी कट्टी चोरी की हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। देखना यह है यह कटान चोरी चुपके इसी तरीके से चलता रहेगा या फिर शासन और वन विभाग प्रशासन और आगे क्या कदम उठाएगा। फिलहाल वन

क्षेत्राधिकारी रेंजर विनय कुमार सिंह ने जब से चार्ज बालामऊ रेंज का संभाला है तब से रात दिन लगातार काउंटिंग करके हरे पेड़ों के कटान पर रोक लगाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उसके बावजूद कुछ वन विभाग के ही कर्मचारियों की मिलीभगत से लकड़ी ठेकेदार अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं।

जन स्वाभिमान सेवा समिति का 10वाँ वार्षिक समारोह सम्पन्न

● - मुख्यअतिथि प्रो0 बालचन्द्र यादव निदेशक, भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। जन स्वाभिमान सेवा समिति उ0प्र0 लखनऊ का गठन 25 दिसम्बर 2014 को हुआ था। समिति अपना वार्षिक उत्सव प्रत्येक वर्ष धूमधाम से मनाती चली आ रही है। समिति अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए जहाँ दृढ़ संकल्प है वहीं पर योजनाबद्ध तरीके से अधिकाधिक सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराने के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सघन अभियान चलाने पर चर्चा मुख्य बिन्दु है। समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह यादव आह्वाहन पर समिति का 10वाँ वार्षिक उत्सव बुधवार को कृष्णा पब्लिक विद्यालय, औरंगाबाद, बिजनौर लखनऊ परिसर में विद्यालय के प्रबन्धक लालमणि यादव के सौजन्य से दूर दराज से आये समिति के पदाधिकारी व सदस्यों के आगमन पर बड़े ही हर्षोल्लासपूर्वक व धूमधाम से मनाया गया।

संस्था के महामंत्री हरिकेष यादव ने सभी आगन्तुकों का स्वागत सत्कार किया तथा अपने उदबोधन में संस्था के विस्तारीकरण पर सभी बधुओं से अग्रिम होनेवाली बैठक में कम से कम 5 सदस्यों को शामिल कराने का संकल्प कराया। जितेन्द्र कुमार "गुड्डू" ने अपने उदगार पवित्र धार्मिक पुस्तक गीता के श्लोक से करके लोगों को जागरुक करने का भरसक प्रयास किया। मुख्य अतिथि प्रो0 बाल चन्द्र यादव ने शिक्षा पर जोरदार वक्तव्य दिया। दीपक कुमार यादव अधिवक्ताओं की ओर से अपने विचार रखे और युवाओं से अपेक्षा किया कि अधिवक्ता बनकर संवैधानिक न्यायिक प्रक्रिया की ओर अग्रसर होकर अपना रुख करें, जिससे समाज के गरीब व मजलूमों

की मदद कर सकने में सक्षम होंगे। कुलदीप यादव ने भविष्य में संस्था द्वारा गरीब होनहार बच्चों को उनके साधन पूर्ति में योगदान करने पर अपने सुविचार रखे। समिति के वार्षिक समारोह में अध्यक्षता कर रहे, आयोजक लालमणि यादव प्रबंधक, कृष्णा पब्लिक स्कूल रॉयल सिटी, औरंगाबाद लखनऊ ने संस्था के अधिकाधिक विस्तार करने पर बल दिया। समारोह समापन पश्चात आगन्तुकों के लिए तहरीभोज का भी आयोजन आयोजक द्वारा किया गया।

एसपी ने चार थाना प्रभारी और एक चौकी प्रभारी को किसी लाइन हाजिर

● - 13 निरीक्षक और नौ उपनिरीक्षक के हुए तबादले

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई जनपद में अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक ने बड़े पैमाने पर प्रभारी निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है।विवेचना में शिथिलता बरतने पर चार प्रभारी निरीक्षकों और चौकी प्रभारी को पुलिस लाइन में आमद करवाने के निर्देश दिए है।पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने शुक्रवार की शाम कोतवाली शहर के प्रभारी रहे नारायण कुशवाहा पर बिलग्राम पोस्टिंग पर सजगता न बरते जाने का आरोप झेलने के कारण उन्हें डीसीआरबी का प्रभारी बनाया गया है।कासिमपुर थाना प्रभारी विद्या सागर पाल को कोतवाली शहर की कुर्सी से नवाजा गया है। बेहटा गोकुल के प्रभारी निरीक्षक को शिथिलता बरतने पर सस्पेंड करते हुए लाइन भेजा गया।डीसीआरएबी के प्रभारी रहे राजकुमार यादव को प्रभारी निरीक्षक एएचटी बनाया गया है। एएचटी प्रभारी रहे कृष्ण वली सिंह को सुरसा का थाना प्रभारी बनाया गया है। एसओजी/स्वाट प्रभारी रहे ब्रजेश कुमार मिश्रा को शाहाबाद कोतवाली का प्रभार सौंपा गया है।यहां प्रभारी रहे निर्भय सिंह को अतरौली प्रभारी बनाया गया है।पाली एसओ सुनील दुबे को शिथिलता बरतने पर पुलिस लाइन भेजा गया।सवायजपुर प्रभारी रहे ब्रजेश राय को पाली की नई जिम्मेदारी दी गई।अपराध शाखा प्रभारी ध्रुव कुमार को बेनीगंज कोतवाली का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया।पुलिस लाइन से बाल कृष्ण मिश्रा को अपराध शाखा का प्रभारी बनाया गया है।पुलिस लाइन से निरीक्षक विजय कुमार को सवायजपुर की कुर्सी सौंपी गई है।अपराध शाखा के विजय नारायण शुक्ला को कोतवाली शहर का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है।अतरौली प्रभारी नीरज कुमार की पुलिस लाइन भेजा गया है।सुरसा प्रभारी अनेकपाल सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया।मीडिया सेल से आदित्य मौर्य को कासिमपुर का प्रभारी बनाया गया।हरिहर पुर चौकी प्रभारी प्रेम प्रकाश मिश्रा को पुलिस लाइन भेजा गया है।पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक उमाशंकर यादव को हरिहरपुर चौकी का प्रभारी, एसआई रणजीत सिंह को कोतवाली शहर, एसआई रामबली सिंह को सेमरा चौकी प्रभारी, एसआई मुरली सिंह यादव को पुलिस लाइन से बघौली चौराहा चौकी का प्रभारी बनाया गया है।चौकी सदर प्रभारी धर्मेंद्र गिरी का प्रभारी सेमरा चौकी के स्थांतरण को संशोधित करते हुए उन्हें कोतवाली शहर में एसआई बनाया गया है।पुलिस अधीक्षक ने स्थानांतरित सभी पुलिस कर्मियों को 24 घंटे के अंदर नवीन कार्य स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए है।

सेठ रामगुलाम पटेल इंटर कॉलेज के छात्रों का खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

● - महमूदाबाद स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद सीतापुर तहसील महमूदाबाद के स्टेडियम में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सेठ रामगुलाम पटेल इंटर कॉलेज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। कबड्डी और गोला फेंक में छात्रों की उपलब्धि कॉलेज के कक्षा 11 के छात्र सौरभ यादव ने महमूदाबाद से जिला स्तर के लिए चयनित कबड्डी टीम में स्थान सुरक्षित किया। वहीं, कक्षा 11 के छात्र मोहम्मद सलीम ने गोला फेंक प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया।

चेयरमैन डॉ. हरीश चंद्रा की बधाई

सेठ रामगुलाम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. हरीश चंद्रा ने छात्रों की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ावा देता है।

डायरेक्टर क्षितिज चंद्रा का प्रोत्साहन

डायरेक्टर इंजी. क्षितिज चंद्रा ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलो इंडिया योजना के तहत खेलों में भी शीर्ष पर पहुंचने का प्रयास करें। उन्होंने कोच रामध्यान कुशवाहा को भी उनके प्रशिक्षण के लिए बधाई दी।

महत्वपूर्ण उपस्थिति

इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार, उप प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, एनसीसी के एसोसिएट ऑफिसर दुर्गेश कुमार, कोऑर्डिनेटर उमेश कुमार, अन्य शिक्षकगण और छात्रों ने भाग लिया। यह उपलब्धि न केवल छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी, बल्कि उनके परिवार, शिक्षकों और विद्यालय के लिए गर्व का क्षण भी साबित हुई।

कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी हरियावां ने सुनी फरियादियों की फरियादें

स्वतंत्र प्रभात

बेनीगंज/हरदोई शासन की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे थाना समाधान दिवस का शनिवार बेनीगंज कोतवाली परिसर में आयोजन किया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी सदर हरदोई, क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार सिंह हरियावा, कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सिंह की मौजूदगी में जन समस्याएं सुनी गई। जिसमें कुल 14 प्रार्थना पत्र आए जिसमें राजस्व संबंधी 12 पुलिस संबंधित दो। राजस्व संबंधित एक का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। 13 प्रार्थना पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को समय पूर्ण निस्तारण करने के आदेश दिए

गए। उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी हरियावा सभी संबंधित अधिकारियों से आमजन की जन समस्याओं को शीघ्र से शीघ्र निस्तारण का आदेश दिया है। कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने समाधान दिवस में आए हुए अधिकारियों का आभार जताया। इस मौके पर राजस्व हुआ पुलिस विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गण मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश को लेकर ई रिक्शा चालक को रास्ते मे पीट कर किया लहूलुहान

टड़ियावां/हरदोई। थाना टड़ियावां इलाके में ई रिक्शा चालक को पुरानी रंजिश के चलते दो नामजद सहित दो अज्ञात लोगों ने ई रिक्शा चालक की जमकर पिटाई कर किया लहूलुहान जानकारी के अनुसार थाना व कस्बा टड़ियावां निवासी शान्तनु पुत्र सोनेलाल ने थाना प्रभारी टड़ियावां को दी तहरीर में बताया है कि विपक्षी राठी निवासी अयारी व राजू निवासी बरौली से सप्ताह भर पहले कहासुनी हुई थी। जिसका सुलह समझौता हो गया था। 28 दिसंबर शनिवार को वह ई रिक्शा लेकर हरदोई जा रहा था। उसी बीच गाव हेतमपुरवा पुराना ठेका शराब के पास उक्त विपक्षी व दो व्यक्ति अज्ञात ने उसे रोककर उसकी डंडे व ईट से जमकर पिटाई कर दी शोरगुल पर राहगीर बचाने दौड़े तब वह लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए हैं। वही टड़ियावां पुलिस ने तहरीर के आधार पर पीड़ित को मेडिकल के लिए भेज दिया है और अग्रिम कार्यवाई शुरू कर दी है।

दो बाइको की आपस मे भिड़ंत,दोनो बाइक चालक घायल

हरपालपुर/हरदोई थाना क्षेत्र के इकनौरा गांव के पास दो बाइकों की आपस मे भिड़ंत हो गई जिससे दोनों बाइक चालक घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।एक घायल बाइक चालक के पास से पुलिस ने तमंचा व कारतूस भी बरामद किया। जानकारी के अनुसार कटरा बिल्हौर हाइवे पर थाना क्षेत्र के इकनौरा गांव के पास शुक्रवार की देर शाम बांसी गांव निवासी पुष्कर पुत्र मंशाराम की बाइक कुलदीप पुत्र नोखेलाल निवासी ग्राम किरतापुर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर की बाइक से टकरा गई।इस घटना में दोनो बाइक चालक घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।इस घटना में मामूली घायल कुलदीप पुत्र नोखेलाल के पास से पुलिस ने एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद भी बरामद किए। घायल कुलदीप को प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने थाने लाकर शस्त्र अधिनियम में अभियोग दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी भेजा गया जेल

स्वतंत्र प्रभात

हरियावां। थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदरावां निवासी चांचा के तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ पाक्सो एक्ट तहत मुकदमा पंजीकृत किया किशोरी से छेड़छाड़ व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के मदरावां निवासी चाचा तहरीर देकर बताया कि उसकी भतीजी नाबालिग 17 वर्षीय पुत्री व 14 वर्षीय भतीजी शुक्रवार की शाम करीब 7ः00 बजे सौच के लिए गई हुई थी। तभी मदरावा निवासी रंजन, राम लखन, गौरव सिंह मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे और उपरोक्त लोगों ने गाड़ी रोककर

उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे विरोध करने के दौरान धक्का मुक्की के दौरान वह पुलिया से नीचे गिर गई जिससे उसे चोट आई है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार यादव ने बताया पीड़िता के चाचा की तहरीर पर उपरोक्त तीनों लोगों के खिलाफ पाक्सो एक्ट व छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एक आरोपी को घटना की रात को ही गिरफ्तार कर लिया गया विधिक कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय पेस किया गया।

संक्षिप्त ख़बरें

निर्माणाधीन मकान से बिजली वायरिंग का सामान चोरी

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के दतौली गांव स्थित आरा मशीन के निकट निर्माणाधीन एक मकान में शुक्रवार की रात चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने कीमती बिजली के तार पार कर दिए। पीड़ित महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। सराफा मंडी निवासिनी निधि गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके निर्माणाधीन भवन में वायरिंग का काम चालू था। बीती रात उसकी गैर मौजूदगी में चोरों ने करीब 30 हजार रुपए कीमत का वायरिंग का सामान पार कर दिया। इंस्पेक्टर क्राइम विनय कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है। छानबीन की जा रही है।

कोचिंग पढ़कर घर लौट रहे छात्र को रंजिशन पीटा

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के डलमऊ रोड पर एक गेस्ट हाउस के पास तीन लोगों ने मिलकर रंजिशन एक छात्र की पिटाई कर दी। पीड़ित छात्र की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। दतौली गांव निवासी सौरभ यादव (16) पुत्र सुनील कुमार यादव का कहना है कि कृष्णा नगर बाईपास निवासी आरोपी अमित मिश्रा का उसके पिता से विवाद था। इसी बात की रंजिश को लेकर शाम करीब 6:30 जब वह कोचिंग पढ़कर घर लौट रहा था, तभी आरोपी अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर गेस्ट हाउस के निकट उसे घेर लिया। आरोपियों ने इसकी लात घूंसों और डंडों से जमकर पिटाई कर दी। शोर गुल सुनकर जब उसके पिता बचाने आए तो आरोपी जान से मार डालने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इंस्पेक्टर क्राइम विनय कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेसियों ने श्रद्धा -सुमन किया अर्पित

महराजगंज/रायबरेली- देश के अनमोल रत्न, सुविख्यात अर्थशास्त्री एवं राजनीतिज्ञ व दस वर्ष तक भारत सरकार का सफल नेतृत्व करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर पूरा देश शोक मना रहा है। आज महराजगंज ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में एक शोक सभा आयोजित किया जिसमे डॉ मनमोहन सिंह की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। डॉ मनमोहन सिंह को अपने शासनकाल में देश की जनता को भोजन-शिक्षा, सूचना और मनरेगा, भूमि अधिग्रहण कानून जैसे अधिकार देने वाले प्रधानमंत्री के रूप में हमेशा जाना जाएगा। इस अवसर पर कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, कार्यवाहक नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल, प्रिन्सू वैश्य, भारत मिश्रा, भगवान दीन फौजी, गया प्रसाद चौरसिया, हनुमान जायसवाल, रवि चंद सिंह, हौसला प्रसाद तिवारी सहित कांग्रेसी जन उपस्थित रहे।

गुरुकुल विद्यालय प्रबंधन द्वारा जरूरतमंद लोगों को वितरित किए गए कम्बल

महराजगंज/रायबरेली। गुरुकुल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की ओर से समाज हित में लगातार कार्य किए जा रहे हैं, विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रत्येक वर्ष गरीब जरूरतमंदो को ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरित किए जाते हैं। उसी क्रम में स्वर्गीय रामदत्त मिश्रा की पुण्यतिथि पर आज शनिवार को विद्यालय प्रबंधन द्वारा ग्राम पंचायत मुरैनी में कम्बल वितरण का आयोजन किया गया विद्यालय के प्रबंधक आर डी मिश्र व उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा द्वारा मुरैनी ग्राम पंचायत के करीब 200 जरूरतमंदो को ठंड से निजात के लिए कम्बल वितरित किए। इस दौरान पूजा मिश्रा ने कहा कि, गरीब और जरूरतमंदो की सेवा करने पर ईश्वर पुण्य प्रदान करता है, और सेवाभाव के कारण एक अलग प्रकार की आत्मसंतुष्टि मिलती है। इस मौके पर मुरैनी प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह, अध्यापक अमित पांडे, महेश सिंह, राम सिंह, शिवमोहन सिंह, रविंद्र सिंह, सुशील मिश्रा, गुड्डई तिवारी, शेर बहादुर,अश बहादुर, सत्यम सिंह, मुकेश सिंह, राहुल मिश्रा, कप्तान सिंह, नान पांडे, अजय शुक्ला, भानु सिंह, राकेश, करन सिंह, महेंद्र, कमलेश पासी आदि उपस्थित रहे।

थाना समाधान दिवस के दौरान थाना मुसाफिरखाना व भाले सुल्तान शहीद स्मारक में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं

● प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मुसाफिरखाना व भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष मुसाफिरखाना व भाले सुल्तान शहीद स्मारक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें किसान भाई

● किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी स्वयं अथवा नजदीकी जन सुविधा केन्द्र व राजस्व ग्रामों में आयोजित होने वाले कैम्पों में उपस्थित होकर बनवा सकते हैं

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के क्रम में अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने जनपद के समस्त राजस्व ग्रामों में अभियान के माध्यम से किसानों की फार्मर आईडी तैयार किये जाने हेतु कार्ययोजना जारी किया है, जिसके क्रम में कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा राजस्व ग्रामों में कैम्प लगाकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिसके तहत जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सहित जनपद के समस्त सीएससी (जन सुविधा केन्द्रो) सेन्टरों पर भी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 242054 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनायी जानी है जिसमें से अभी तक कुल 18726 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार की गयी है एवं अवशेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है तथा सम्बन्धित वेबसाइट https://upfr.agristack.gov.in/farmer-registry-up/#/ पर किसान स्वयं अपना फार्मर रजिस्ट्री आईडी बना सकते है। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाये जाने से होने वाले लाभ के तहत किसानों को फसली ऋण एवं फसल बीमा क्षतिपूर्ति तथा आपदा राहत प्राप्त करने में सुगमता होने के साथ विभिन्न कार्यकमों हेतु बार-बार भौतिक सत्यापन से मुक्ति, समय से वांछित परामर्श, नवोन्मेषी कार्यक्रमों के विस्तार के अवसर में वृद्धि एवं फार्मर रजिस्ट्री आईडी का उपयोग कृषि के साथ-साथ अन्य विभाग जैसे गन्ना, मत्स्य, उद्यान, खाद्य एवं विपणन आदि के द्वारा अपनें योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु किया जा सकेगा तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने वाले किसानों हेतु फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री आईडी न बनवाये जाने से होने वाली हानि के तहत किसानों को 19वीं किस्त का लाभ प्राप्त नहीं होगा एवं पीएम किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत नये आवेदन करने वाले किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी, अन्यथा आवेदन निरस्त हो जायेगा तथा किसानों को आगामी दिवसों में आने वाली योजनाओं से लाभान्वित नहीं किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने जनपद के समस्त किसानों से अपील कि स्वयं अथवा नजदीकी जन सुविधा केन्द्र व राजस्व ग्रामों में आयोजित होने वाले कैम्पों में उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी अवश्य बनवा लें तथा अधिक जानकारी के लिए जनपद के उप कृषि निदेशक के मो0 नं0-8896708275 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र के नेतृत्व में संपन्न हुआ थाना दिवस समाधान दिवस

● कानूनगो शत्रोहन सिंह सहित राजस्व कर्मी पुलिस स्टाफ रहा मौजूद

सात शिकायतों में तीन का मौके पर हुआ गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से किया गया निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात

शुकुल बाजार अमेठी। थाना प्रांगण शुक्ल बाजार में थाना अध्यक्ष दया शंकर मिश्रा के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। थाना दिवस के दौरान कानूनगो शत्रोहन सिंह सहित राजस्व कर्मी व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। थाना दिवस समाधान दिवस पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र द्वारा शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया। कानूनगो शत्रोहन सिंह ने बताया कि थाना दिवस समाधान दिवस पर कुल सात शिकायतें आई जिनमें तीन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से मौके पर निस्तारण किया गया।थाना दिवस समाधान दिवस पर थाना अध्यक्ष दया शंकर मिश्रा द्वारा फरियादियों के उठने बैठने और जलपान का उत्तम प्रबंध कराया गया था। थाना अध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि जहां प्रत्येक दिन जनसुनवाई के माध्यम से थाने आने वाले फरियादियों की समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जा रहा है, वहीं थाना दिवस, समाधान दिवस पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उनका गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि सात शिकायतों में तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया है शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई है, ससमय सभी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाएगा। वहीं थाना दिवस समाधान दिवस पर प्रमुख रूप से थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र, उप निरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी, उप निरीक्षक रामपाल सिंह, हेड कॉन्स्टेबल विनय सिंह, दिवान शशिकांत मिश्रा, कानूनगो सत्रोहन सिंह , कपिल देव पाठक चकबंदी लेखपाल सहित राजस्व कर्मी चकबंदी अधिकारी कर्मचारी तथा थाना स्टाफ मौजूद रहा।

उफनाई माइनर, सैकड़ो बीघे फसल जलमग्न, फसले बर्बाद

● माइनर की साफ सफाई समुचित ढंग से नहीं हुई

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। क्षेत्र के मुबारकपुर गांव से निकलने वाली माइनर के उफनाने से सैकड़ो बीघे फसल जलमग्न हो गई। जल भराव के कारण खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। पानी का स्तर लगातार बढ़ने से फसल को होने वाले संभावित नुकसान के प्रति किसानों ने चिंता व्यक्त की है। नहर में पानी आने से जहां क्षेत्रीय किसानों में खुशी का माहौल है वही रातों-रात माइनर के उफनाने के कारण अब उन्हें फसलों को नुकसान होने का भय सता रहा है।

शुक्रवार की रात अचानक मुबारकपुर माइनर उफना गई, जिससे कोईली का पुरवा, ऊगाभाद, धनाभाद, मुबारकपुर, दयालपुर, बेचू का पुरवा, नरपत का पुरवा, पूरे मौहारी गांव के खेतों में पानी भर गया। सैकड़ो बीघे खेती जलमग्न हो गई। पूरे मोहारी गांव निवासी किसान श्याम सुंदर ने बताया कि माइनर की साफ सफाई समुचित ढंग से नहीं कराई गई। जिससे पानी के प्रवाह बढ़ने से माइनर उफनाकर बहने लगी। नरपत का पुरवा गांव निवासी किसान सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि माइनर की दोनों तरफ की पटरियां क्षतिग्रस्त हैं। जगह-जगह लोगों ने काटकर नहर पटरी को क्षतिग्रस्त कर दिया है। पानी छोड़ने से पहले पटरियों की मरम्मत सही ढंग से नहीं कराई गई। नहर चालू होने पर इन्हीं कुलाबों से निकला पानी खेतों में फैलकर भर गया। जिससे फसलों को फायदे की जगह नुकसान होने लगा है। किसान रजौली सिंह, दीपू त्रिपाठी, बजरंगी, उमेश श्रीवास्तव, चंद्रपाल यादव, मनोज यादव आदि ने माइनर की पटरियों की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

सोनभद्र में एक बड़ा रोजगार मेला आयोजित किया गया है

सोनभद्र/जिला सेवायोजन अधिकारी, सोनभद्र ने अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए दिनांक 30 दिसम्बर,2024 को प्रातः 10.00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला सरकारी अस्पताल के सामने), लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 15 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम (सोनभद्र डिपो) में संविदा पर चालक की भर्ती, विजन इण्डिया सर्विसेज प्रा0 लि0 (हिण्डालको इण्डस्ट्रीज, रेनूकुट), लैट्रीक स्टाफींग, नोएडा, एन0 आर0 मैन पॉवर सोल्यूशन, गुड़गाँव, हरियाणा, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लि0, सोनभद्र, टैलेन्टअप, नोएडा, शिवशक्ति एग्रीटेक, वाराणसी,र डीसेट्स, फरीदाबाद, फ्लीफर कार्ट, दिल्ली, एमेजॉन, दिल्ली, एन0एस0डी0सी0, वाराणसी, स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस प्रा0 लि0, सोनभद्र, कामाख्या टी0वी0एस0, राबर्ट्सगंज, एस0बी0आई0 कार्ड, वाराणसी एवं मीडलैण्ड माइक्रोफीन, सोनभद्र इत्यादि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला सरकारी अस्पताल के सामने), लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में लिया जायेगा। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। इस हेतु कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

एसडीएम नें अफीम लाइसेंसी किसानों एवं मदिरा दुकानदारों का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज/ रायबरेली एसडीएम सचिन यादव ने शुक्रवार को मादक पदार्थ पर शिकंजा कस दिया है। इसके तहत उन्होंने तहसील क्षेत्र के बेड़ारू एवम देहली के दो अफीम के लाइसेंसी किसानों के खेत पर छापा मारा। छापे के दौरान पुलिस बल मौजूद रहा। उन्होंने लाइसेंसी किसान के खेत पर लगे अफीम की फसल के क्षेत्रफल की क्षेत्रीय लेखपाल से मौके पर जांच कराई। अफीम की खेती कर रहा लाइसेंसी निर्धारित लाइसेंस के अनुसार ही मौके पर काबिज मिला। एसडीएम ने मौके से ही बाराबंकी जनपद के जिला अफीम अधिकारी करुण बिलग्रामी से अफीम के लाइसेंसी किसान के लाइसेंस की जांच पड़ताल की। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के मनऊ खेड़ा व शिवली की शराब की दुकानों का भी निरीक्षण किया निरीक्षण में मदिरा की दुकानों पर रेट लिस्ट न होने पर उन्होंने सेल्समैन को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने मौके पर ही मदिरा दुकानदारों पर जुर्माना लगाकर धनराशि भी जमा कराई। एसडीएम की इस कार्यवाई से अफीम लाइसेंसी एवं मदिरा दुकानदारों में हड़कंप रहा।

मादक पदार्थों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से की गई जांच में शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के बेड़ारू गांव निवासी जमुना प्रसाद पुत्र महादेव गाटा संख्या 1772 रकबा 0.100 हेक्टर एवं क्षेत्र के देहली गांव निवासी रामचरन पुत्र ननकऊ गाटा संख्या 1563 रकबा 0.100 हेक्टर भूमि पर अफीम की खेती कर रहे हैं। यह दोनों किसान बाराबंकी जनपद के जिला अफीम अधिकारी से अफीम की खेती के लिए लाइसेंस धारक हैं। एसडीएम सचिन यादव ने बताया शुक्रवार को दोनों अफीम उत्पादन के लाइसेंसी किसानों के खेत पर क्षेत्रीय लेखपाल के साथ मौके पर जाकर जांच की गई। उन्होंने बताया मौके पर अफीम लाइसेंसी किसान लाइसेंस के अनुसार ही भूमि पर अफीम की फसल तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया बाराबंकी जनपद के जिला अफीम अधिकारी से दोनों अफीम किसानों के लाइसेंस की पुष्टि की गई है। एसडीएम ने मौके पर ही दोनों लाइसेंसी किसानों को निर्देशित किया है कि वह लाइसेंस के मानक के अनुरूप ही अफीम के फसल का उत्पादन करें, अनियमितता मिली तो बक्से नहीं जाएंगे। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के मनऊ खेड़ा व शिवली की मदिरा की दो दुकानों पर छापा मारा,जहां उन्हें दोनों दुकानों पर रेट लिस्ट नहीं मिला। रेट लिस्ट ना मिलने पर उन्होंने सेल्समैन को कड़ी फटकार लगाई और मौके पर मदिरा दुकानदारों को चेतावनी देते हुए अर्थ दंड कर जुर्माना भी वसूला गया। एसडीएम के इस औचक निरीक्षण से अफीम लाइसेंसी किसानों एवं मदिरा दुकानदारों में हड़कंप रहा।

ओबरा में बढ़ती समस्याओं पर छात्र नेता का आक्रोश, प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात

ओबरा सोनभद्र। ओबरा नगर में बढ़ती समस्याओं को लेकर छात्र नेता अभिषेक अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने नगर में दिन प्रतिदिन बढ़ रही समस्याओं जैसे आवारा पशुओं का उत्पात, अलाव की कमी और कूड़े के निस्तारण की समस्याओं को गंभीरता से उठाया है। अभिषेक अधिकारी ने बताया कि ओबरा नगर में आवारा पशुओं के कारण आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में आम नागरिक गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं और व्यापारियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर में डर का माहौल व्याप्त है।इसके साथ ही, अभिषेक अधिकारी ने कहा कि कड़ाके की ठंड में भी नगर के कई हिस्सों में अलाव नहीं जलाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा अलाव के लिए आवंटित धन का दुरुपयोग किया जा रहा है और निजी स्वार्थों को साधा जा रहा है।सबसे गंभीर समस्या कूड़े के निस्तारण की है। नगर का कूड़ा मुख्य मार्ग पर फेंका जा रहा है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को प्रदूषित वातावरण में सांस लेनी पड़ रही है।अभिषेक अधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।ओबरा के नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि वे इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। नागरिकों का कहना है कि वे शांतिपूर्ण ढंग से रहना चाहते हैं, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि अभी तक प्रशासन की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि, उम्मीद की जाती है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेगा और शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान निकालेगा।पशुओं को पकड़कर उन्हें पशुशाला में रखा जाए।

नगर निगम द्वारा नियमित अभियान चलाकर आवारा पशुओं को नियंत्रित किया जाए।और अलाव के लिए आवंटित धन का सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। अलाव जलाने के लिए निर्धारित स्थानों पर अलाव जलाए जाएं। और कूड़े का निस्तारण वैज्ञानिक तरीके से किया जाए। नगर में कूड़ेदान लगाए जाएं और लोगों को कूड़ा डब्बे में डालने के लिए जागरूक किया जाए। यह उम्मीद की जाती है कि प्रशासन इन समस्याओं पर गंभीरता से विचार करेगा और शीघ्र समाधान निकालेगा।

कचहरी गेट पर दुद्धी को जिला बनाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन व नारेबाजी

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र दुद्धी को जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने शनिवार की दोपहर लगभग 1 बजे कचहरी गेट के मुख्य द्वार पर जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि तीन प्रान्तों से घिरा हुआ है यह दुद्धी तहसील क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य पिछड़ा, नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। दुद्धी तहसील का बॉर्डर सोनभद्र जनपद मुख्यालय से 150 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके साथ ही दुद्धी जिला बनने के सभी मानक को भी पूरा कर रहा है और सरकार को भारी मात्रा में रेवेन्यू दुद्धी से मिलता है फिर भी दुद्धी को जिला नही बनाया गया। अधिवक्ता प्रभु सिंह कुशवाहा ने कहा कि दुद्धी को जिला बनाये जाने की मांग पिछले काफी वर्षो से किया जा रहा है।चुनाव के दौरान प्रदेश व केंद्र के मंत्रियों व नेताओं ने दुद्धी को जिला बनाने का वादा किया था। लेकिन वो अपने वादा से मुकर रहे है वादा खिलाफी कर रहे है। इसलिए चुनावी वादा पूरा करते हुए दुद्धी को जिला बनाया जाए और विकास कराया जाए। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रेमचंद्र यादव, प्रभु

सिंह कुशवाहा, वरूणोदय जौहरी, प्रेम चंद गुप्ता, सुभेष मौर्य, राकेश कुमार अग्रहरी, आशीष कुमार, अमरावती देवी, श्रीकांत सहित काफी संख्या में अधिवक्ता गण व मोर्चा के पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

सोनभद्र- हजारों घरों पर मंडरा रहा बेघर होने का खतरा

सोनभद्र, उत्तर प्रदेश- अनपरा नगर पंचायत के औडी, परासी, गरबन्धा समेत कई इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों के घरों पर बेघर होने का खतरा मंडरा रहा है। इन इलाकों में रहने वाले लगभग 90त्न लोगों के पास अपनी जमीन का कानूनी मालिकाना हक नहीं है। लगभग 40 साल पहले, लोगों ने स्टाम्प पर जमीन खरीद कर घर बनाए थे। बाद में, एनसीएल या अनपरा तापीय परियोजना ने इन जमीनों को अधिग्रहित कर लिया था, लेकिन परियोजनाएं पूरी नहीं हुई। फिर भी, लोग इन जमीनों पर रहते रहे और अपने घरों का निर्माण करते रहे। अब, जब अनपरा नगर पंचायत बनी है, तो इन लोगों को अपनी जमीन का मालिकाना हक मिलने का खतरा पैदा हो गया है।पहले इन जमीनों को एक परियोजना के लिए अधिग्रहित किया गया था, लेकिन बाद में परियोजना रद्द हो गई। इसके बाद लोग इस खाली जमीन पर आकर रहने लगे और घर बनाने लगे। इन घरों का निर्माण बिना किसी वैध अनुमति के हुआ था, इसलिए लोगों के पास जमीन के कागजात नहीं हैं।और लोग अपनी जमीन का मालिकाना हक चाहते हैं ताकि वे अपने घरों में सुधार कर सकें और बैंक से लोन ले सकें। लोग मानते हैं कि सरकार को उन्हें न्याय देना चाहिए क्योंकि उन्होंने इस जमीन पर बहुत पैसा और मेहनत लगाई है।और लोग मानते हैं कि राजनीतिक उदासीनता के कारण उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।और हालांकि उनके पास मालिकाना हक नहीं है, फिर भी उन्हें बिजली, पानी, राशन कार्ड जैसी सरकारी सुविधाएं मिल रही हैं।और सरकार को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना

चाहिए और इन लोगों को जल्द से जल्द मालिकाना हक दिलाने के लिए कदम उठाने चाहिए।और इन क्षेत्रों का सर्वेक्षण कराकर यह पता लगाया जाना चाहिए कि कौन से लोग कितनी जमीन पर कब्जा किए हुए हैं। और सरकार को इन कब्जों को नियमित करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए और लोगों को मालिकाना हक देने के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करनी चाहिए।

बाबा जयगुरुदेव संगत शिवगढ़ द्वारा आयोजित मासिक भण्डारा सम्पन्न

● भण्डारे में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात

शिवगढ़, रायबरेली। बाबा जयगुरुदेव संगत शिवगढ़ द्वारा क्षेत्र के भवानीगढ़ चौराहे पर त्रयोदशी मासिक भण्ड़ारा भण्ड़ारा हुआ। जिसमें पूण्य की लालसा से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। गौरतलब हो कि बाबा जयगुरुदेव के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी संत उमाकांत जी महराज के निर्देश पर बाबा जयगुरुदेव संगत शिवगढ़ द्वारा प्रत्येक माह की त्रयोदशी को बाबा जयगुरुदेव नाम जप,सत्संग,विशाल भण्डारे एवं जन जागरण अभियान का आयोजन किया जाता है। शनिवार को क्षेत्र के भवानीगढ़ चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में रामकुमार ने भण्डारे में आए श्रद्धालुओं को संत उमाकांत जी महराज का संदेश सुनते हुए कहा कि यहां हर किसी के कर्मो का फैसला होता है। विपदा एवं संकट से बचने के लिए शाकाहारी, सदाचारी जीवन अपनाना होगा। विश्व को प्रलय से बचाने के लिए लोगों को मांस, मदिरा का त्याग करने के लिए प्रेरित करना होगा। रामकुमार पाल ने सत्संग में आए लोगों को शाकाहारी बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी को ईमानदारी से नियमों का पालन करना होगा और जन जागरण अभियान चलाकर सभी को शाकाहारी बनने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि जो भक्त जयगुरुदेव से जीवन की डोर जोड़ लेता है, उसे इस भौतिक संसार में किसी भी तरह से कष्ट नहीं होता है। परिवार में सुख-शांति, समृद्धि बनी रहती है। उन्होंने कहा कि गुरु ज्ञान की वह ज्योति है, जिसके प्रकाश के सहारे हम मुक्ति के द्वार तक जा सकते है।

इस ज्ञानरूपी प्रकाश के बिना इस संसार में हम भटकते रहते है और कई जन्मों के सत्कर्मो के उपरांत प्राप्त होने वाला मानव जीवन व्यर्थ में ही चला जाता है। गुरु की शरण में रहकर अपना जीवन सार्थक बनाना चाहिए। इस मौके पर राकेश सैनी, जयशंकर प्रसाद विश्वकर्मा, हुबलाल, वीरेंद्र सिंह, अखिलेश साहू, रामशरण यादव, जय श्री सैनी, वीरेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, सुरेन्द्र कुमार, राधेश्याम वर्मा, सियाराम, रामफेर आदि लोग उपस्थित रहे।

डिजिटल अरैस्ट कर लोगों को ठगने वाला मौलाना व साथी गिरफ्तार

● - कानपुर के व्यक्ति को किया था डिजिटल अरैस्ट, ठगे थे 32 लाख, मदरसे के एकाउंट में जाता था पैसा, बाद में होता था बंटवारा, दिल्ली के गैंग से जुड़े हैं तार

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कमिश्नरेट के पश्चिम जोन पुलिस ने एक ऐसे गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है जो लोगों को डिजिटल अरैस्ट करके उनसे पैसे मंगाते थे और वह पैसा मदरसे के एकाउंट में जाता था और बाद में उसका बंटवारा होता था। पुलिस ने इसमें एक मौलाना समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रेस वार्ता में यह जानकारी देते हुए डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि साइबर अपराध के माध्यम से लोगो के बैंक खातों से पैसा ट्रान्सफर करने वाले गिरोह के 2 लोगों मो. जावेद अख्तर व मो. स्वालेह को थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में सक्रिय साइबर अपराधियो के विरूद्ध कार्यवाही हेतु जानकारी की जा रही थी कि आज जानकारी मिली की कुछ लोग मिलकर कूट रचना कर इंटरनेट बैंकिग व मोबाइल फोन के माध्यम से लोगों के खातों से साइबर अपराध के माध्यम व डिजिटल अरेस्ट करके अपने खाते में तथा अपने साथियों के अन्य खातों में जबरन पैसा धोखाधड़ी करके स्थानांतरित करा लेते है।

वही लोग जीआईसी ग्राउंड पर एकत्रित होकर योजनाबद्ध तरीके से कोई नया साइबर अपराध करने हेतु क्रिकेट पिच पर बैठकर योजना तैयार कर रहे है। तो मौके पर पहुंचकर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा अंधेरे का फायदा उठाते हुए दो लोग मौके से भाग गये। अपराधियों ने बताया कि वे रैयाम जनपद दरभंगा बिहार के रहने वाले हैं और यहां एक मदरसा कसीमुल उलूम फाउण्डेशन के नाम से चलाते हैं। हम और हमारे कुछ साथी

मिलकर मोबाइल में इन्टरनेट बैंकिग के माध्यम से लोगों से धोखाधड़ी करते हुए उनके खाते से अपने मदरसे के खाते में पैसा मंगवा लेते है जिससे किसी को शक न हो और बाद हम लोग आपस में बांट लेते हैं तथा हम लोग ज्यादातर एनजीओ के बैंक खाते को ही टारगेट व यूज करते हैं। अभी कुछ महीने पहले ही हम लोगों ने मिलकर एक फ्राड किया था जिसमें से 32.50 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर किये थे और तत्काल ही उसे अपने सुविधानुसार अन्य खातों में थोड़ा-थोड़ा करके

ट्रांसफर कर दिये थे। इसी तरह हम लोग लोगों से धोखाधड़ी करते हुए अपना जीवनयापन ऐश और आराम के साथ करते है।

प्रधानमंत्री संग परीक्षा पे चर्चा करेंगे जिले छात्र-छात्राएं

अलीगढ़। प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा (वर्ष 2025) के लिए जिले के कक्षा 6 से 12 तक के सभी पंजीकृत विद्यार्थियों में से कम से कम 25 प्रतिशत विद्यार्थियों का प्रतियोगिता में पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्देशित किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 सर्वदानंद ने बताया है कि उक्त जानकारी देते हुए शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों (राजकीय माध्यमिक विद्यालय, स्ववित्तपोषित विद्यालय एवं सीबीएसई, आईसीएसई, सहायता प्राप्त विद्यालयों तथा कैम्ब्रिज बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों सहित) के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वह 14 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन पंजीकरण कराकर प्रतियोगिता में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करें।

पं. दीनदयाल उपाध्याय वृहत् पशु आरोग्य मेला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। 5 जनवरी, 25 रविवार को जनपद के ग्राम रमेल नगर न्याय पंचायत - रमेल नगर विकास खण्ड कल्यानपुर में पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर, मेला (मण्डल स्तरीय) का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राकेश सचान कैबिनेट मंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेन्द्र सिंह भोले सांसद, अकबरपुर, उत्तर प्रदेश एवं अभिजीत सिंह सांगा विधायक बिठूर विधान सभा, कानपुर नगर द्वारा प्रतिभाग करने की सहमति प्रदान की गयी है। वृहद पशु आरोग्य शिविर, मेला में पशुपालन विभाग की विभिन्न सेवाएं कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण, टीकाकरण, कृमिनाशक दवापान, लघु शल्य चिकित्सा के साथ-साथ अनुर्वरता (बाँझपन) से ग्रसित दुधारू पशुओं की पूर्णतः निःशुल्क चिकित्सा विषय विशेषज्ञों द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त के साथ ही साथ कृषकों को उन्नत नवीन तकनीकी तथा उन्नत पशु प्रबन्धन, चारा विकास आदि से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध कराये जाने के लिए कृषक गोष्ठी का भी आयोजन किया जायेगा। जनपद के समस्त कृषक, पशुपालक अधिक से अधिक संख्या में अपने पशुओं के साथ शिविर, मेला में प्रतिभाग कर लाभान्वित हो सकते हैं।

थानों में पीड़ितों के साथ सम्मानजनक व्यवहार हो - डीसीपी पश्चिम

● -डीसीपी पश्चिम ने कल्याणपुर थाने में फरियादियों की समस्याओं को धैर्य से सुना

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना कल्याणपुर मे समाधान दिवस के मौके पर आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके तत्काल निस्तारण हेतु सर्व सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। आज दिनांक 28.12.2024 को थाना समाधान दिवस के मौके पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम, राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना कल्याणपुर में उपस्थित फरियादियों की

समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सर्व संबंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही प्रतिदिन प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों की तत्काल जांच करा कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने आगंतुकों, पीड़ितों से सम्मान पूर्वक व्यवहार करने तथा उनके बैठने की उचित व्यवस्था करने के साथ ही सभी की

समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुनकर उनके शीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी कल्याणपुर को निर्देशित किया गया, इसके अतिरिक्त थाने में बीट पुलिस ऑफीसर(बीपीओ) को अपने बीट क्षेत्र में सक्रिय होकर समस्याओं की जांच कर एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही को नियत समय में निस्तारण करने के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर भी मौजूद रहे।

बारिश से किसानों के चेहरे खिले, कोहरे की चादर में लिपटा क्षेत्र

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट। जिले में शनिवार सुबह से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशी ला दी है। बारिश के कारण जहां किसानों की उम्मीदें जगी हैं, वहीं इसने समूचे क्षेत्र को कोहरे की चादर में लपेट लिया है। खासकर भरतकूप सहित पाठा क्षेत्र में खेती किसानी से जुड़े लोग इस मौसम को लेकर उत्साहित हैं, क्योंकि बारिश से उनकी फसलों को संजीवनी मिल सकती है। सुबह से ही हल्की बारिश की बूंदें गिरने लगीं, जिससे किसानों में उम्मीद की किरण जग गई। रुक-रुक कर हो रही बारिश को किसानों ने मौसम का शुभ संकेत माना। किसानों का मानना है कि इस बारिश से रबी की फसलें जैसे गेहूं, चना और मसूर को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, यह बारिश किसानों के खेतों में पानी की कमी को भी दूर कर सकती है।

चित्रकूट जिले के भरतकूप क्षेत्र में किसानों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। यहाँ के किसान आमतौर पर सूखे से जूझते रहते हैं, लेकिन आज की बारिश ने उनकी उम्मीदों को पंख लगा दिए हैं। खेतों में पानी की भरपूर आपूर्ति से उनका मनोबल बढ़ा है, और वे इस मौसम में अच्छी फसल की उम्मीद कर रहे हैं। इस दौरान समूचा क्षेत्र कोहरे की मोटी चादर में लिपटा नजर आया। कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई थी, जिससे सड़क पर आवाजाही थोड़ी धीमी हो गई। हालांकि, इस कोहरे ने मौसम में ठंडक भी पैदा कर दी, जिससे दिन का तापमान कुछ कम महसूस हुआ। किसान अब उम्मीद कर रहे हैं कि यह बारिश उनके खेतों के लिए और अधिक फायदेमंद साबित होगी। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि रुक-रुक कर होने वाली यह बारिश रबी फसलों के लिए आदर्श है, क्योंकि यह न केवल फसलों को बढ़ावा देती है, बल्कि मिट्टी की नमी भी बनाए रखती है। इस दौरान, स्थानीय प्रशासन ने भी बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए किसानों को जागरूक किया है कि वे अपनी फसलों की देखभाल ठीक से करें और किसी भी प्रकार के नुकसान से बचने के लिए सतर्क रहें।

होर्डिंग एरिया में दुरुस्त रखे सफाई और सुरक्षा व्यवस्था- सौरभ

स्वतंत्र प्रभात

मऊ, चित्रकूट। प्रयागराज महाकुंभ मेले के मद्देनजर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए मऊ के उपजिलाधिकारी सौरभ यादव ने होर्डिंग एरिया एवं यूपीसीडा कैम्पस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। मऊ के उपजिलाधिकारी सौरभ यादव ने क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद, तहसीलदार रामसुधार राम, खण्ड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा, आपूर्ति निरीक्षक अनुज सिंह, विद्युत विभाग के अवर अभियंता सौरभ अग्रहरि समेत लोनिवि और राजस्व विभाग की टीम के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि होर्डिंग एवं पार्किंग स्थल को बराबर कराया जाए और जेसीबी से झाड़ियां हटवाकर चिन्हित भवनों की समुचित सफाई कराई जाए। साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी टेंट, रजाई-गद्दे व पानी टैंकर की व्यवस्था

तथा विद्युत विभाग द्वारा प्रकाश व्यवस्था और पूर्ति निरीक्षक द्वारा नाश्ते एवं भोजन की समुचित व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने कहा कि होर्डिंग एरिया प्रथम व द्वितीय में सफाई टेंट के साथ पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। यूपीसीडा चित्रकूट प्रबंधक पार्किंग के सामने वाले भवन में अधिकारियों के बैठने के लिए सफाई के साथ कुर्सी व मेज की व्यवस्था कराए और नगर पंचायत ई-टॉयलेट की व्यवस्था करे। साथ ही बरगढ़ थाना प्रभारी को बैरिकेड़िग व सुरक्षा व्यवस्था करने एवं भ्रमण करते हुए सतर्कता दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए।

अस्पतालों के बाहर बेतरतीब पार्किगं से हो रही जाम की समस्या विकराल

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या विकराल होती जा रही है। इसका मूल कारण लोगों द्वारा की जाने वाली बेतरतीब पार्किंग है। पार्किंग की सुविधा के बावजूद लोग इसका उपयोग नहीं करते हैं तथा गाड़ी सड़क पर बेतरतीब ढंग लगा देते हैं। अवैध पार्किंग किसी के लिए गंभीर साबित हो सकती है। ऐसी ही होने वाली अवैध पार्किंग जिले के अस्पतालों के बाहर देखने को मिलती है। इसके आम लोगों को खास तौर पर अंदर दाखिल होने वाले वाहनों के मालिकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह अवैध पार्किंग देखकर भी पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है और ट्रैफिक पुलिस का इस तरफ आज तक ध्यान नहीं गया। खास तौर पर इमरजेंसी में आने वाले मरीज जो एंबुलेंस से लाए व रैफर कर ले लेजाए जाते हैं उन्हें खासी परेशानी का सामना

करना पड़ता है।

किसी की जान पर भारी साबित हो सकती है यह पार्किंग

शहर के अस्पतालों में जिले से गंभीर मरीज आते हैं। अवैध पार्किंग के कारण मुश्किल से एंबुलेंस आदि अस्पताल के अंदर जा पाते हैं। इससे काफी समय खराब होता है। यानी कुल मिलाकर अवैध पार्किंग किसी की जान पर भारी साबित हो सकती है। वहीं अस्पतालों के बाहर अपनी मर्जी से बेतरतीब लगे ई-रिक्शा भी समस्या का मुख्य कारण है। चूंकि इन्हीं को देखकर लोग एक के बाद एक पार्किंग करके निकल जाते है।

अस्पतालों में पार्किंग व्यवस्था पर नहीं लोग गंभीर

ऐसा नहीं की अस्पताल में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। अस्पताल में पार्किंग की पूरी व्यवस्था है। लोग पार्किंग व्यवस्था का लाभ नहीं उठाते और पर्ची बचाने के चक्कर में अन्य को परेशानी देते हैं। चूंकि पार्किंग गेट के मेनगेट के बाहर होने कारण अंदर जाना काफी मुश्किल होता है।

सुंदरकांड पाठ करने से बढ़ता है आत्मविश्वास

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। अखिल भारतीय करणी सेना महिला शक्ति अलीगढ़ ने प्रदेश अध्यक्ष महिला शक्ति ममता सिंह के दिशा निर्देशन में पला रोड स्थित आदर्श नगर में जिला पदाधिकारी रेनु अग्रवाल जी के आवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। ममता सिंह ने कहा कि सुंदरकांड से आत्मविश्वास बढ़ता है और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। प्रदेश मंत्री सुगंधि वार्ष्णेय ने कहा ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिएं। कार्यक्रम संचालन पूनम सिंह ने किया। भजनों पर सभी श्रोता झूम उठे। प्रीति गुप्ता ने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया। रेनु अग्रवाल ने प्रसाद वितरण

किया। राजुला सिंह, सुषमा सिंह, रश्मि गोस्वामी, ममता सिंह, रेनु पाठक, संगीता गोयल, संगीता गर्ग, ममता सिंघल, ज्योति गोयल, रेखा गोयल, राखी अग्रवाल, पूजा सेंगर उपस्थित रहीं।

कानपुर में शुद्ध प्लस के मालिक को जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

● -उद्योगपति दीपक खेमका ने कोहना थाने में दर्ज कराई अज्ञात कालर के खिलाफ एफ आई आर

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। यहां एक अज्ञात कालर की ओर से पैसे की मांग करते हुए उद्योगपति शुद्ध प्लस के मालिक दीपक खेमका को जान से मारने की धमकी दी गई है। जिस पर पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इस बारे में कोहना थाने में दर्ज कराई गई एफ आर के मुताबिक कॉलर ने पान मसाला शुद्ध प्लस के मालिक उद्योगपति दीपक खेमका से कहा है कि अगर व्यापार करना चाहते हो तो रुपए दे दो। अगर रुपए नहीं दिए तो जान से मार दिए जाओगे। वहीं इस बारे में पुलिस की ओर से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक धमकी देने वाले के बारे में जानकारी लगभग मिल गई है। उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक उद्योगपति शुद्ध प्लस पान मसाला के मालिक दीपक खेमका के पास सुबह लगभग 11:30 बजे तीसरे नंबर से कॉल आया। इस पर फिर धमकी दी गई कि तुमने फोन पर मना करके अच्छा नहीं किया। अब तुम देखोगे कि क्या होता है। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए कोहना थाने में एफ आई आर दर्ज कराई।

इस एफ आई आर में दीपक खेमका ने लिखा है कि मैं सुबह अपनी कार से फैक्ट्री जा रहा था। इसी समय मेरे मोबाइल पर एक कॉल आई। जैसे ही मैंने हैलो बोला, उधर से कॉलर ने कहा- अगर आपको व्यापार ठीक से करना है और सुरक्षित रहना है तो जो नंबर दे रहा हूं उस पर तुरंत संपर्क करो। उन्होंने बताया कि कॉलर ने दूसरा मोबाइल नंबर दिया और बोला- इस नंबर पर बात करो। जैसा कह रहे हैं वैसा करो तो सुरक्षित रहोगे। उन्होंने दूसरे नंबर पर कॉल नहीं किया। उद्योगपति दीपक के मुताबिक लेकिन थोड़ी ही देर में दिए गए मोबाइल नम्बर से दो-तीन बार मेरे पास कॉल आई। उन्होंने ने बताया कि उस नम्बर पर बात की। उसने रुपए देने की बात कही। लेकिन इस बार मैंने कॉलर को साफ मना कर दिया। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर नाम छिपाकर आपराधिक धमकी देना और जबरन वसूली की धारा में एफआईआर दर्ज कर जिन नम्बरों से फोन आया था उनकी सीडीआर (कॉल डीटेल रिपोर्ट) निकलवाई जा रही है।

तीन दशक से अंगद की तरह जमे वन विभाग के रेंजर, क्यों नहीं हुआ स्थानांतरण?

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट। जिले में एक ऐसा वन विभाग का रेंजर है, जिसने अपनी पूरी नौकरी का अधिकतर समय इस जिले में ही बिताया है। शासन के आदेश के बावजूद कि किसी अधिकारी को एक ही जनपद में तीन साल से ज्यादा समय नहीं रहना चाहिए, यह रेंजर चित्रकूटधाम मंडल में लगातार 32 साल तक तैनात रहा। इसके अलावा चित्रकूट जिले में उसकी तैनाती लगभग सात साल से हो रही है, जबकि इसके पहले भी वह कई साल इस जिले में रह चुका था। इस तरह पूरे करियर में सबसे ज्यादा समय उसने चित्रकूट में बिताया है। हालांकि, इसके बावजूद, अब तक विभाग के उच्च अधिकारियों और सरकार तक ने इस रेंजर का स्थानांतरण करने की हिम्मत नहीं जुटाई है। यह स्थिति तब और भी चौंकाने वाली बन जाती है, जब तत्कालीन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इस रेंजर के स्थानांतरण के लिए शासन को पत्र भी लिखा था, लेकिन फिर भी कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। दुर्भाग्यवश, जिलाधिकारी का भी स्थानांतरण हो गया और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह रेंजर अपनी नौकरी के दौरान कई तरह के कूटनीतिक तरीके अपनाता रहा है। बताया जाता है कि उसने दिव्यांग न होते हुए भी टेंपरेरी दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाया था और उसी के आधार पर उसने कोर्ट का सहारा लिया था। कोर्ट ने भी शासन और सरकार को निर्देशित किया था कि इस अधिकारी को कहीं भी पोस्टिंग दी जाए, लेकिन उसके बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया।

तत्कालीन जिलाधिकारी ने अगस्त 2023 में अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को पत्र लिखकर परिक्रमा मार्ग में हुए अतिक्रमण का जिम्मेदार ठहराते हुए रेंजर के कामकाजी लापरवाही और उदासीनता पर सवाल उठाए थे और स्थानांतरण की मांग की थी। लेकिन अब तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अब सवाल उठता है कि क्या इस लापरवाह रेंजर के खिलाफ शासन और सरकार कोई ठोस कदम उठाएंगे, या फिर वह अपनी स्थिति पर कायम रहेगा? क्या वर्तमान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन इस मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करेंगे और इतने लंबे समय से जमे इस रेंजर का स्थानांतरण कर पाएंगे, या फिर यह मामला यूं ही अटका रहेगा? यह कहानी न केवल वन विभाग के भीतर की ताकतवर सेटिंगबाजी और कूटनीतिक चालों की कहानी है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करती है कि क्या अधिकारियों और सरकारों के आदेशों का पालन सही तरीके से किया जाता है?

संक्षिप्त खबरें

डीसीपी सेंट्रल द्वारा अनवरगंज थाने का औचक निरीक्षण

कानपुर। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर में थाना समाधान दिवस के अवसर पर आज दिनांक 28 दिसंबर को पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी द्वारा थाना अनवरगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जीडी कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, आगंतुक रजिस्टर, वायरलेस सेट का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को साफ-सफाई व स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने तथा अभिलेखों को अध्यावधिक रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त थाने में स्थित आरक्षी बैरक की स्वच्छता, बिजली, पानी की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करवाने हेतु सर्व संबंधित को निर्देशित किया गया ।

संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से कोटेदार की हुई मौत

कानपुर। थाना शिवराजपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिलहन में एक कोटेदार महेंद्र कुमार अवस्थी ने स्वयं की लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्म हत्या कर ली। अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि यह घटना कल रात्रि की है। गोली लगने के कारण कोटेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन फानन में उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। हैलेट के डॉक्टरों ने कोटेदार को किया मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

नये साल के जश्न में शराब पीकर वाहन चलाया तो खैर नहीं

कानपुर। डीसीपी यातायात रवीन्द्र कुमार ने शहर के लोगों से अपील की है कि वह नव वर्ष के जश्न में किसी भी कीमत पर शराब पीकर वाहन न चलाएं। एक तो उसमें स्वयं की जनहानि का ख़तरा है और दूसरा पुलिस ऐसे लोगों पर पैनी नजर रखेगी। इसके लिए आपका भारी भरकम चालान और वैधानिक कार्यवाही हो सकती है। डीसीपी यातायात रवीन्द्र कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि 31 दिसंबर को रात्रि तक पुलिस ऐसे लोगों पर विशेष निगरानी रखेगी जो शराब पीकर वाहन चलाते हैं। इसके अलावा रांग साइड, ट्रिपल सवारी और बिना हेलमेट के भी लोगों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसा अक्सर देखने में आता है कि नववर्ष पर लोग मोटर व्हीकल कानून की अवहेलना कर शराब पीकर वाहन चलाते हैं ट्रिपल सवारी चलते हैं और बाइक पर हेलमेट नहीं पहनते हैं।

ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

कानपुर। आज लगभग 13:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक ट्रक नंबर यूटी 71टी 0676 जो कि थम्स अप तिराहा से विजय नगर की ओर आ रहा था , गणपति धर्म कांटा, दादा नगर के सामने स्कूटी सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी और ट्रक ड्राइवर को अपने साथ पकड़े हुए हैं, मौके पर उपनिरीक्षक महेश कुमार मय हमराह पहुंचे तो स्कूटी सवार घायल व्यक्ति अमित कुमार पुत्र सत्य प्रकाश को उनके फैक्ट्री के मालिक आशुतोष तत्काल हैलट अस्पताल ले गए। मौके से घटना कारित करने वाले ट्रक और चोटिल के स्कूटी को चौकी फैक्ट्री एरिया पर सुरक्षित रखा गया हैं तथा ट्रक ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है। फैक्ट्री मालिक आशुतोष से जरिए दूरभाष वार्ता हुई तो बताया कि डॉक्टर के द्वारा घायल अमित को मृतक बताया है जिसकी सूचना परिवरीजनो को दी गई है। हैलट हॉस्पिटल पहुंच कर उप निरीक्षक के द्वारा पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। शांति व्यवस्था बनी हुई है।

सपा पीडीए मिशन की परिचर्चा पुनः 27 जनवरी को होगी

कानपुर। समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के प्रमुख कार्यकर्ताओं तथा पीडीए मिशन की आवश्यक बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में आरंभ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल के निदेशानुसार महानगर की सभी पीडीए पंचायत तथा सेमिनार तत्काल स्थगित कर दिए गए हैं जो पुनः 27 जनवरी से आरंभ किए जाएंगे।। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,सत्यनारायण गहरवार,रजत मिश्रा,दीपक खोटे,संजय निषाद, राजेंद्र गोंड, सौरभ सिंह,जस्वेन्द्र निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को ग्रामोदय विश्वविद्यालय में दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट ब्यूरो। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में शनिवार को मासिक प्रार्थना सभा का आयोजन कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रार्थना सभा में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए एक गहरी क्षति है। वे एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री, कुशल प्रशासक और सादगी के प्रतीक थे। उन्होंने अपने नेतृत्व में भारत को आर्थिक प्रगति की नई दिशा दी। आर्थिक सुधारों से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल तक, उन्होंने देश को वैश्विक मंच पर मजबूत पहचान दिलाई। उनकी ईमानदारी, शालीनता और ज्ञान ने उन्हें राजनीति में एक विशिष्ट स्थान दिया। डॉ. मनहोहन सिंह का जीवन सादगी और सेवा का प्रतीक था। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। इस मौके पर अधिष्ठाता गणों सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

महिला की मौत के मामले में माही हॉस्पिटल हुआ सील, मचा हड़कंप

पीलीभीत। माधोटांडा में एक निजी हॉस्पिटल में महिला की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने की बड़ी कार्यवाही, कलीनगर तहसील क्षेत्र के माधोटांडा में स्थित निजी हॉस्पिटल माही में गलत ऑपरेशन से महिला की मौत का मामला सामने आया था जिसमें पूरनपुर एमओआईसी ने नोटिस चस्पा कर नोटिस के माध्यम से कहां गया था कि हॉस्पिटल संचालन से संबंधित सभी पत्रावली व अभिलेख 2 दिन के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, अभिलेख न पेश करने पर आगे की कार्रवाई की जाने की बात कही थी, शनिवार 1:57 बजे पूरनपुर एमओआईसी ने माधोटांडा माही हॉस्पिटल को सील करने की कार्यवाही की, वहीं माही हॉस्पिटल की संचालिका सीटू वर्मा ने बताया बिना शिकायत के आधार पर हॉस्पिटल पर सील की कार्रवाई की गई है, जबकि माधोटांडा कई ऐसे हॉस्पिटल है जो बिना मानक व रजिस्ट्रेशन के संचालित है।

जुगल किशोर पाल संभालेंगे प्रभारी निरीक्षक कटरा का कार्यभार

गढ़िया रंगीन इंस्पेक्टर को मिला मॉनिटरिंग सेल का प्रभार

शाहजहांपुर/जनपद में पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने थाना प्रभारी निरीक्षकों का स्थानांतरण करते मॉनिटरिंग सेल के प्रभारी रहे शिवदीन बर्मा को गढ़िया रंगीन का थाना अध्यक्ष बनाया है वहीं गढ़िया रंगीन थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मॉनिटरिंग सेल का पदभार सौंपा गया है इसी के साथ थाना कटरा में तैनात रहे ओम प्रकाश शुक्ला का गैर जनपद स्थानांतरण हो जाने के कारण पुलिस लाइन में रखा गया है वहीं थाना निगोही में क्राइम इंस्पेक्टर पद पर तैनात रहे जुगल किशोर पाल को प्रभारी निरीक्षक कटरा की जिम्मेदारी सौंप गई है जिन्होंने अपना थाना कटरा में पदभार ग्रहण कर लिया है।

अखिल भारतीय वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेगी बढ़नी की सुमन गौड़

सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत बढ़नी वार्ड नंबर 3, लोहिया नगर की निवासिनी सुमन गौड़ पुत्री युगल किशोर आगामी 6 से 10 जनवरी तक विजयवाड़ा, आंध्रप्रदेश में होने वाली 68वीं अखिल भारतीय विद्यालयी अंडर 19वर्ष बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। कुमारी सुमन का चयन विगत माह 6 से 10 नवम्बर को बरेली में सम्पन्न हुई 68 वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश टीम में हुआ है। कुमारी सुमन गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कालेज बढनी की ग्यारहवीं की छात्रा है ।विद्यालय के शिक्षक व कोच शम्भू गुप्ता से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थी। विद्यालय के एक बार पुनः उपलब्धि पर जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष कमालुद्दीन, देवेन्द्र पांडेय, जिला विद्यालय एन0 आई0 एस0 कोच रत्नेश सिंह, अब्दुल मोबीन, इशाक सिंह, जिला एथलीट संघ के सचिव सोनु गुप्ता, जागृत्ति स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष अकिल अहमद मुन्नू, असलम खान, ओंकार गुप्ता, विनय शर्मा, करम हुसेन इदरीसी, निज़ाम अहमद, सगीर ख़ाकसार, जुग्गी राम राही, श्याम देव यादव अब्दुल हलीम,अब्दुल कयूम गाँधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज बढनी के प्रबधंक कुनाल प्रताप शाह, प्रधानाचार्य विजय वर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव, अनिल यादव संजीव त्रिपाठी संजय पांडेय सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कर बधाई दी।

कस्बा मैगलगंज व औरंगाबाद में कुकुरमुत्ता की तरह फैले झोलाछाप डॉक्टर

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी जनपद की तहसील मितौली के अंतर्गत कस्बा मैगनगंज और औरंगाबाद में कुकुरमुत्ता की तरह झोलाछाप डॉक्टरों का जाल फैला हुआ देखा जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी डी फार्मा किए हुए डॉक्टर अपने आप को बताते हैं एमबीबीएस की डिग्री वाले।आखिर कार ऐसे डॉक्टरों के ऊपर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई,पसगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को

मोटा नजराना जाने के आरोप लगाये जा रहे है।लोगो का कहना है तभी तो झोला छाप डॉक्टर को क अभय दान,दिया जा रहा है।आए दिन झोला छाप डॉक्टर मरीज का गलत तरीके से इलाज करते हैंजिसकेचलते भोले भाले मरीजो को असमय काल के गाल मे जाना पडताहै आये दिन जनपद मे कही न कही इन झोलाछाप डाक्टरो के इलाज से अप्रिय घटना घटित किये जाने की खबरे अखबारी सुर्खियां वनतीहै।यदि इनसे मरीज के तीमारदारो द्वारा कोई बात कही जाती है तो यह अभद्रता से बात कर उन पर रौब गाठने सेभी बाज नही आते है । अपने आप को बताता है डिग्री होल्डर डॉक्टर,अगर ऐसे डॉक्टरों के ऊपर नहीं की गई कार्रवाई किसी दिन हो सकता है बड़ा हादसा पैसे के लालच में गरीब मरीजों को लूटने का किया जा रहा है काम ।इतना ही नही झोला छाप डॉक्टर अपने आप को उच्च अधिकारियों से अच्छी जान पहचान होने व उनसे मजबूत पकड होने की बात। मुझे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सब जानते हैंइन तथाकथित/

झोला छाप डॉक्टरो की बातों से तो लग रहा है कि उपर तक मोटा जाता है चढ़ावा ! तभी तो कर रहा है मरीजों के साथ पैसे लूटने का काम,बहुत जल्द ऐसे डॉक्टरों की की जाएगी शिकायत किसी की जिंदगी से कर रहे खिलवाड़ चंद पैसों के लालच में। झोलाछाप डॉक्टरों का कस्बा मैकलगंज और औरंगाबाद मे कुकुरमुत्ता की तरह फैले हैं झोलाछाप डॉक्टरो के ऊपर आखिरकार किसका है अभयदान ?ड्रिप व इंजेक्शन लगाने की नहीं है जानकारी उसके बावजूद मरीज को लेटा दिया जाता है बेंच पर और ड्रिप लगाने के बाद मोटा पैसा वसूलते हैं। झोलाछाप डॉक्टर, कई लोगों को बता चुका है पसगवां अधीक्षक मोटा पैसा लेकर डॉक्टर को दुकान खोलने की अनुमति दे देते हैं ।इसीलिए बैठे मौत के सौदागर रूपी इन फर्जी डॉक्टरो के ऊपर नहीं हो रही कार्रवाई।

जबकि झोलाछाप डॉक्टरों से मैगलगंज हो चुकी है कई लोगों की मौतें।

क्या फिर कोई बड़ी घटना होने का इंतजार कर रहा स्वास्थ्य विभाग ?फिर जाएगी किसी मासूम की जान.? तभी साहब की टूटेगी कुंभकरण वाली नीद।सूत्र से मिली खबर के अनुसार कस्बा मैगलगंज व औरंगाबाद मे क्लिनिक संचालित कर रहे कथित डाक्टरो को सी एच सी अधीक्षक पसगवां का कोई भय ही नही रह गया है जिसका जीता जागता उदाहरण कस्बा मैगलगंज मेन औरंगाबाद रोड पर स्थित नीरज मेडिकल स्टोर की आड मे क्लीनिक चला रहे झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक को अधीक्षक पसगवां ने काफी प्रयासो के बाद सीज किया था।जो दूसरे ही दिन खोलकर क्लीनिक बेखौफ चलाने लगा ।अपने ही आदेशो की भदद पिटने की बात जानने के बाद भी साहब को कोई असर नही पड रहा है।आखिर सीज होने के दूसरे ही दिन कैसे खुल गई दुकान यक्ष प्रश्न बनाहै इस संबध अश्वनी कुमार ने बताया शीघ्र अभियान चलाकर झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी इससे पूर्व कार्रवाई की गई थी जिसमें दो क्लिनिक को कोशिश किया गया था।

ग्राम पंचायत बनिका में मनरेगा को लेकर चल रहा बड़ा खेल

● फर्जी हाजिरी के सहारे प्रधान व सचिव काट रहे राजस्व की मलाई

स्वतंत्र प्रभात

नित्यानंद बाजपेई

लखीमपुर खीरी भले ही सरकार करोड़ों का बजट ग्राम पंचायत के माध्यम से देकर शहरों जैसी व्यवस्था गांव में देने का प्रयास कर रही हो जिससे गांव का पूर्ण विकास हो सके। लेकिन योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार इसमें बड़ा रोडा साबित हो रहा है ।और विकास के नाम पर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव अपना विकास करते नजर आ रहे हैं ।अगर ग्राम पंचायत के विकास की बात की जाए तो जहां पर सर्कार करोड़ों रुपए का बजट देकर ग्राम पंचायत के तस्वीर को बदलने के दावे किए जा रहे हैं वह सिर्फ दावे ही नजर आते हैं जनपद खीरी के पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित हो रही ग्राम पंचायत के कार्यों की जहां पर इस समय मनरेगा कार्य में व्यापक भ्रष्टाचार की बात सामने आ रही है ।मामला जनपद लखीमपुर खीरी के अंतर्गत विकासखंड बेहजम का है यहां पर मनरेगा में जमकर भ्रष्टाचार किए जाने का मामला खुलकर सामने आ रहा है।

बताते चले कि मामला जनपद लखीमपुर खीरी के विकासखंड बेहजम की ग्राम पंचायत बनिका का है जहां मनरेगा कार्यो में ग्राम प्रधान और सचिव की मिली भगत से बड़े व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है। सूत्र बताते हैं की गत माह पुर्व विकासखंड के जिम्मेदारों को आदेशित किया गया था कि जल संचयन को लेकर पंचायत स्तर पर गोल बनाना और जल निकासी व्यवस्था को लेकर नालों की सफाई सड़क पटाई वह अन्य मनरेगा कार्य करने को आदेशित किया गया था जिससे बरसात के समय में ग्राम पंचायत के वीडियो तथा ग्रामीणों को कोई दिक्कत ना हो और जल संरक्षण का लाभ भी किसानों को मिल सके लेकिन सूत्रों की माने तो यहां गूल खुदाई और नाला सफाई के नाम पर प्रधान और सचिव की मिली भगत से बड़ा भ्रष्टाचार होने का मामला प्रकाश में आया है जहां पर फर्जी हाजिरी और फर्जी फोटोशूट का बड़ा खेल खेले जाने के आरोपों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। ग्राम पंचायत के स्थलीय सत्यापन करने पर मनरेगा कार्य की जो तस्वीर सामने आई है उसे स्पष्ट नजर आ रहा है कि क्या खेल किया गया है। विकासखंड बेहजम के ग्राम पंचायत बनिका मे जिन महिला मजदूरो की फर्जी हाजिरी लगाई गई है उक्त महिला मजदूरी करने वाली कभी जाती ही नहीं है। यदि उनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 %-23 व 2023 -24 में कराए गए कार्यों का कराया जाए भौतिक सत्यापन तो एक भारी खेल आएगा सामने जहां फर्जी मनरेगा हाजिरी फर्जी फोटो शूट के सहारे ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव राजस्व की मलाई काट रहे हैं ।सवाल यहां पर अब यह पैदा होता है कि भ्रष्टाचार में लिप्त प्रधान और सचिव पर विभागीय जिम्मेदार जिला विकास अधिकारी उपायुक्त मनरेगा क्या कार्रवाई करते हैं या फिर यह मान लिया जाए कि सभी कार्यों में विभागीयथ जिम्मेदारों की मिली भगतो का खेल तो नहीं जिसके बलबूते प्रधान और सचिव मलाई काट रहे हैं। जिस कारण कोई कार्रवाई नही की जा रही है।

कागजों पर नहर पट्टी पूरब बंधा का निर्माण कार्य दिखाकर सरकारी धन का बंदरबांट के आरोप

● गरगटिया नहरपुल से रायपुर की हद तक नहर पटरी पूरब बधा निर्माण कार्य(3128010028/एल डी /958486255824396273) का मामला

मामला विकासखंड बेहजम की ग्राम पंचायत बनिका का है।

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। भले ही उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार ग्राम पंचायत की हालत सुधारने के लिए करोड़ों का बजट ग्राम पंचायत को आवंटित किया जा रहा है लेकिन यह ग्राम प्रधान और सचिव सहित तकनीकी सहायक और रोजगार सेवक की मिली भगत से खुद का विकास करने पर ही लग जाता है ऐसा दर्जनों ग्रामीणों का आरोप है लोगों के द्वारा लगाया जा रहे आरोपों पर गौर करें तो दर्जनों महिलाओं के नाम फर्जी हाजिरी भरकर मनरेगा में जमकर लूट की जा रही है जिसके चलते वास्तविक जरूरतमंद लोगों को मनरेगा का लाभ न मिल पाने के चलते बाहर पलायन करने को विवश होना पड़ता है कई बुर्जुगवार लोगों ने तो नाम न छापने के शर्त पर यहां तक कह डाला की नरेगा योजना तो ग्राम प्रधान पंचायत मित्र और सेक्रेटरी के कामधेनु बनकर रह गई है ताजा मामला जो अभी प्रकाश में आया है ब्लॉक बेहजम के ग्राम पंचायत बनिका में माइनर /नहर के किनारे पटरी पूरब साइड पर बंधा निर्माण कार्य दिखाया गया है जो कहीं दिखाई नहीं पड़ता है उक्त पटरी पर काफी बड़ी-बड़ी जंगल झाड़ी लगी दिखाई पड़ सकती हैं ।

और उक्त कार्य का पैसा निकालकर हजम हो गया ऐसा ग्रामीणों का आरोप है वहीं मनरेगा योजना के अंतर्गत जिन महिलाओं की कथित फर्जी हाजिरी लगाकर पैसा निकाला गया है उनमें से अधिकांश महिलाएं मनरेगा योजना के अंतर्गत काम करने ही नहीं जाती हैं ग्रामीणों ने बताया कि सारा खेल फर्जी हाजिरी फर्जी फोटो लोड डालने के आरोप प्रधान व सचिव पर लगाए गए हैं जिस जगह पर बंधा का निर्माण कार्य दिखाया गया है वहां बड़े-बड़े मोटे लगभग दो-तीन साल पुराने पेड़ व जंगल झाड़ी में तब्दील हो गया है लेकिन कागज पर बधा निर्माण कार्य पूर्ण दर्शाकर वित्तीय वर्ष 2023 24 में सरकारी धनराशि निकाल कर हजम कर लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना हुआ है इतना ही नहीं ग्रामीणों ने दी जानकारी के अनुसार कई अन्य भूमि विकास कार्य में मानकों को ताक पर रखकर कोरम पूरा करते हुए सरकारी धनराशि निकालकर हजम कर ली गई जिनमें वानगी स्वरूप त्रिवेणी के खेत से रेशमा देवी के खेत तक चक मार्ग निर्माण कार्य तथा कैलाश के खेत से रियाज के खेत तक चक मार्ग निर्माण कार्यों में महज कोरम पूरा किए जाने तथा मानक विपरीत कार्य कराए जाने के आरोप लगाए गए हैं प्रदीप के खेत से जमुआरी नदी तक भूमि विकास कार्य के साथ पितरहिया तालाब की खुदाई एवं सफाई कार्य के नाम पर गोलमाल किए जाने के आरोप भी सुर्खियां बने हैं। यदि उक्त मामले की मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जांच टीम गठित कर कराई जाए निष्पक्ष जांच तो भारी भरकम गड़बड़ झाले का होगा खुलासा और कई जिम्मेदारों पर भी आएगी कार्यवाही की आंच।

महिला सशक्तिकरण के तहत पुलिस ने मिशन शक्ति कार्यक्रम को ऊर्जा देने के लिए विद्यालय के बच्चों संग्रह रैली निकाली

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/ शासन के निर्देशानुसार एस.एस. टी.पब्लिक इण्टर कॉलेज क्यो लडिया की छात्राओं ने मिशन शक्ति के अंतर्गत रैली निकाली, जिसमें छात्राओं ने (भारत की महिला शक्ति के रूप में उदाहरण दिया भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अन्तरिक्ष यात्री कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स, पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती प्रथम महिला आई पी एस अधिकारी किरन बेदी। के पोस्टर दिखाकर समाज को संदेश दिया कि हम महिलाएं कहा तक पहुंच सकते हैं। इस दौरान सी. ओ. अजय कुमार, यादव इंस्पेक्टर परमेश्वरी ने छात्राओं को संबोधित किया जिसमें सोशल मीडिया से होने वाले अपराध, आने जाने के दौरान अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति की सूचना , घरों में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ टोल फ्री नम्बर का उपयोग कैसे करना हैं, इस बारे में विस्तार से बताया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेन्द्र गंगवार ने छात्राओं से महान महिलाओं के फोटो अपने घरों में लगाने का आव्हान किया जिससे उन फोटो को देखकर लोगों में बेटियों के प्रति सकारात्मक माहौल बने और एक अच्छे समाज का निर्माण हो। रैली के दौरान विद्यालय के प्रबन्धक सुरेन्द्र वीर गंगवार, प्रधानाचार्य देवेन्द्र गंगवार,मधु यादव,शिवानी गुप्ता,प्रभात गंगवार, अनेक पाल गंगवार, रूबी,शिखा गुप्ता,वीर पाल ,उप निरीक्षक अलका सिंह साथ थाने का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

डीएम की अध्यक्षता में कोतवाली तिलहर में हुआ थाना समाधान दिवस

● डीएम व एसपी ने कोतवाली तिलहर में सुनी जन शिकायतें

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने शनिवार को थाना तिलहर में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की। डीएम ने प्राप्त प्रार्थना पत्र का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के लिए कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों को संवेदनशील होकर निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता को परेशान न होना पड़े। शिकायत निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही अधिकारी/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवादों की शिकायतों को पंजीकरण कर राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को बार-बार शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने गत थाना समाधान दिवस की निस्तारित शिकायतों की भी समीक्षा की एवं शिकायत रजिस्टर भी देखा। उन्होने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय-सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुर्नावृत्ति न होने पाए।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चीनी मिल के गेस्ट हाउस मे प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

● चीनी मिल भूमि की पैमाइश कराकर खाली कराने के निर्देशः जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने दि0 किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0 तिलहर का चीनी उत्पाद, गन्ना अनलोडिंग, बॉयलर आदि का निरीक्षण किया तथा गन्ना लाने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए। चीनी मिल प्रशासक/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चीनी मिल के गेस्ट हाउस में चीनी मिल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत बैठक की पुष्टि की गई तथा गन्ना कार्यालय के समीप कृषकों की सुविधा हेतु प्रतीक्षालय का निर्माण, जर्जर कार्यालयों के पुनः निर्माण एवं चीनी मिल के आमदनी बढ़ाने हेतु चीनी मिल भूमि को को संरक्षित करने तथा निगोही तिलहर मार्ग की जमीन पर दुकानों के निर्माण कराने सहित आदि बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी ने गन्ना कृषकों की सुविधा हेतु सदस्यों की सहमति से प्रतीक्षालय, कार्यालय एवं बाउंड्री वॉल निर्माण करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतीक्षालय, कार्यालय बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य के लिए डीपीआर तैयार कराई जाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी तिलहर जीत सिंह राय को निर्देश दिए कि चीनी मिल भूमि की पैमाइश कर खाली कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सदस्यों की मांग पर चीनी मिल के टेक्निकल कार्मिकों को 300 रूपए एवं नॉन टेक्निकल कार्मिकों को 275 रुपए प्रतिदिन की मजदूरी पर सहमति प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों से कहा कि चीनी मिल में गन्ना साफ सुथरा लाने हेतु कृषकों को बताएं। उन्होंने सभी से कहा कि सबको मिलकर चीनी मिल एवं किसानों के हित में मिलकर कार्य करना है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तिलहर, जिला गन्ना अधिकारी एवं चीनी मिल प्रबंधन चीनी मिल सहित प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना जहानाबाद व अमरिया में की गई जनसुनवाई

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना जहानाबाद व अमरिया में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आई समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे।

जिलाधिकारी द्वारा थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायती प्रार्थना पत्र रजिस्टार की जांच की गई। जांच के दौरान शिकायतों का निस्तारण की गुणवत्ता देखी तथा लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। थाना समाधान दिवस के दौरान उप जिलाधिकारी अमरिया, संबंधित थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित उपस्थित रहे।

विकासखंड बांदा के राज इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/नेहरू युवा केन्द्र एवं मेरा युवा भारत अंतर्गत विकास खंड बंडा के राज इंटरनेशनल स्कूल में 2 दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे विकास खंड पुवायां, बंडा व खुटार के युवाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ0 ओमप्रकाश व विशिष्ट अतिथि एस0 आई0 गजराज सिंह व प्रबंधक महेंद्र सिंह चहल ने प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ साथ अन्य शारीरिक गतिविधि को अपने जीवन में उतारने की बात रही। विद्यालय प्राचार्य अरविंद सिंह ने भी स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास के संदेश दिया। जिला परियोजना अधिकारी विनय कुमार सक्सेना ने युवाओं को संबोधित करते हुए विभागीय जानकारी दी व भारत सरकार की नमामि गंगे योजना से जुड़ने की अपील की। खेल कूद में बालक वर्ग में वॉलीबॉल, 400 मीटर दौड़ व कुश्ती आयोजित हुई वही बालिका वर्ग में बैडमिंटन, 500 मी0 स्लो साइकलिंग व कबड्डी आयोजित की गई। वॉलीबॉल में जिसमें देवकली, चरकी देवरी, बिराहिमपुर, सरदारपुर, पुवायां, नाहिल, खुटार की टीम ने प्रतिभाग किया जिसमें बिराहिमपुर विजेता और चरकी देवरी उप विजेता रही। कबड्डी में सरदारपुर, सुनासर, कस्तूरबा विद्यालय बंडा, देवकली, व बंडा की टीम ने प्रतिभाग किया जिसमें सरदारपुर की टीम विजेता व सुनासर की टीम उप विजेता रही। स्लो साइकलिंग में दुर्गावती ने प्रथम, शगुन शर्मा ने द्वितीय व गुलाफशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में

करनप्रीत सिंह प्रथम, रंजीत कुमार द्वितीय व राजप्रीत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुश्ती विधा में तरनप्रीत सिंह विजेता व गुरुसेवक सिंह उपविजेता रहे। बैडमिंटन में नवदीप कौर विजेता व रमनदीप कौर अप विजेता रही। रेफरी की भूमिका विनोद मिश्रा, शैलेन्द्र कुमार व शिवांगी पाल ने निभाई। समस्त विजई प्रतिभागियों को सम्मानित मंच द्वारा पुरस्कृत किया गया। लेखाकार एवं कार्यक्रम सहायक सोनम सचान व आशीष मिश्रा ने सभी अतिथियों को सम्मानित कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अंकुर अवस्थी ने किया। विशेष सहयोग शशांकी मिश्रा, जागृति मिश्रा, प्रमोद कुमार शुक्ला, आजाद मोहम्मद, प्रधान

कार्यालय लय नगर पालिका परिषद जलालाबाद, शाहजहाँपुर

पत्र सं0 = 1736/न0पा0परि0ज0 / GIS Surve4/E-Tendring/2024-25 दिनांक 27 दिसम्बर 2024

ई-निविदा आमंत्रण सूचना/आर0एफ0पी0

नगर पालिका परिषद जलालाबाद, शाहजहांपुर सीमान्तर्गत वार्डो की जीआईएस आधारित मैपिंग, प्रापर्टी सर्वे यू0आई0डी0 संख्या आवंटन और आनलाईन सम्पत्ति कर प्रबंधन (कर निर्धारण, डिमांण्ड जनरेशन, बिल प्रिंट, भुगतान, रिपोर्ट) प्रणाली हेतु आनलाईन बिलिंग साफ्टवेयर का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य ई-निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड किया गया है।

क्र0	कार्य का विवरण	प्रकाशन की तिथि
1	निविदा प्रकाशन / डाउनलोड / खरीदने की तिथि	27.12.2024
2	निविदा खरीदने/डालने की अन्तिम तिथि	06.01.2025
3	निविदा खोलने की तिथि	07.01.2025

नियम व शर्ते-

1. निविदा शुल्क अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जलालाबाद के खाता संख्या 37446267056 आईएफएससी कोड SBIN0001121 शाखा जलालाबाद के माध्यम से एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी की जायेगी जिसकी स्कैन कॉपी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
2. निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में निविदा का 2 प्रतिशत एफडीआर/नकद/एनएससी जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जलालाबाद के पदनाम से बंधक हो।
3. फर्म का पिछले तीन वर्ष का आयकर रिटर्न अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. फर्म विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग-भारत सरकार में जीआईएस मैपिंग एवं सर्वे कार्य के लिये पंजीकृत होनी चाहिये।
5. फर्म के पास जीआईएस कार्य का 02 वर्ष से अधिक का अनुभव होना अनिवार्य है।
6. फर्म ISO 9001-2015 प्रमाणित होना अनिवार्य है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, जलालाबाद,
शाहजहांपुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, जलालाबाद,
शाहजहांपुर

संक्षिप्त ख़बरें

मा.जनपद प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा जी का आज जनपद भ्रमण कार्यक्रम व बैठक

भदोही –मा0मंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उ0प्र0 व जनपद प्रभारी मंत्री ए. के. शर्मा जी का 29 दिसंबर रविवार को जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रोटोकॉल के अनुसार अपराह्न 02 बजे राजकीय अतिथि ग्रह ज्ञानपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात व 4ः30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे।

विभिन्न संगठन के लोगों ने दी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि

चुनार, मीरजापुर । साहित्यकारों व विभिन्न संगठन द्वारा शुक्रवार को देर शाम पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कैंडिल जलाकर दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी डॉ सत्यवान श्रीवास्तव, पी डी एन डी इंटर कालेज चुनार के पूर्व प्रधानाचार्य मेजर कृपा शंकर सिंह, देवी प्रसाद त्रिपाठी,राजेश मिश्र ज्योति, अफसर अली अफसर , गुलाब मिश्रा, शैलेश चंद्र पाठक ,धनुर्धारी यादव, आदित्य कुमार गुप्ता पदयात्री ,डॉ श्री प्रकाश श्रीवास्तव,मुन्नन गिरी, सुरेन्द्र त्रिपाठी, बच्चा सेठ, लव श्रीवास्तव, बी प्रसाद, बबलू गुप्ता संतोष गुप्ता, प्रतीक त्रिपाठी ,राजेन्द्र तिवारी मौजी जियरा एसोसिएशन के कुशवाहा दीप मौर्य सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, राजनैतिक लोग मौजूद रहे।

छानबे क्षेत्र के विजयपुर परमहंस आश्रम में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

मीरजापुर। छानबे क्षेत्र के विजयपुर परमहंस आश्रम में अडगडानंद महाराज के दर्शन के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। परमहंस आश्रम विजयपुर में पुज्य स्वामी विमलानंद महाराज ने 28 दिसम्बर को समाधि लिया था और उसी के उपलक्ष्य में आज परम पुज्य श्री विमलानंद महाराज जी की 43 वी पुण्यतिथि पर तथा विगत कई वर्षो से दूर दराज तथा आसपास के भक्तों के सहयोग से एक विशाल भण्डारा का आयोजन किया जाता है। उनकी पुण्यतिथि पर सतेशगढ़ से नारद महाराज, बच्चा महाराज, फक्कड़ महाराज, प्रमोद महाराज, पिछड़ा महाराज, नतेश्वर महाराज, रामबाबू महाराज, अरबिंद महाराज, जय प्रकाश महाराज आदि महाराज जी सतेषगढ़ से आये थे और सभी ने महान महापुरुषों की गुणों का वर्णन किया और यथार्थ गीता में वणर्ती श्लोक की व्याख्या किया। नारद महाराज जी कृष्ण और अर्जून के मोहमाया के बारे में वर्णन किया । इस विशाल भंडारा में दूरदराज तथा आसपास के लगभग दस हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। विशाल भंडारा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विजयपुर के भक्तों का तथा गैपुरा चौकी इंचार्ज आंनद शंकर सिंह तथा उनके हमराही का काफी सहयोग रहा।

आटो के टक्कर से बाइक सवार घायल

हलिया, मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के लालगंज मार्ग पर बसुहरा निवासी राजेश 30 परमेश्वर 32 शनिवार को हलिया बाजार से घर वापस जा रहे थे कि बसुहरा गांव के पास लालगंज की ओर से आ रहे आटो से टक्कर हो गया। जिससे दोनों घायल हो गए। घायलावस्था में दोनों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया। जहां दोनों का इलाज किया गया। हालत सामान्य है।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों की ली तृतीय समीक्षा बैठक

●मा0 प्रेक्षक रोल/मण्डलायुक्त ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिलाधिकारी/ ईआरओ एवं समस्त एईआरओ के साथ निर्वाचक नामावलियों पर समीक्षा बैठक कर ली दिया आवश्यक दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

भदोही :–भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नियमावलियों की विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचन आब्जर्वर/ प्रेक्षक विंध्याचल मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी., अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य द्वारा तृतीय भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद भदोही में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भानसिंह के साथ कलेक्टेऊट सभागार में समीक्षा बैठक कर जानकारी ली। जनपद भदोही में आज दिनांक 28.12.2024 को मा0 प्रेक्षक-रोल/आयुक्त महोदय विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर, डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों की तृतीय भ्रमण के अन्तर्गत उप जिला निर्वाचन अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी/ईआरओ एवं समस्त एईआरओ के साथ समीक्षा बैठक आवश्यक दिशा निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी, 2025 को समस्त बूथों, ईआरओ कार्यालय एवं डीईओ कार्यालय में करते हुए जनपद में समस्त मान्यता प्राप्त सक्रिय राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराया जायेगा।

समीक्षा बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अन्तर्गत कुल 17832 नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया गया तथा कुल 8242 मतदाताओं के नाम मृतक/शिफ्टेड/डबल होने के कारण मतदाता सूची से हटाये गये हैं, इस प्रकार अंतिम रूप से तैयार की जा रही मतदाता सूची में पुरुष मतदाताओं की संख्या-633647, महिला मतदाताओं की संख्या-587947, थर्ड जेण्डर 78 एवं कुल मतदाताओं की संख्या-1221672 हैं। आयुक्त महोदय द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी/ईआरओ को 20-20 बूथ जहां पर सबसे अधिक नाम जोड़े गये हैं एवं जहां पर सबसे अधिक नाम काटे गये हैं उस क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची के छपने से पूर्व यह देख लिया जाय कि जनपद के महत्वपूर्ण व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में अवश्य मौजूद हों। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी भदोही भानसिंह, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अरूण गिरि, उप जिलाधिकारी औराई बरखा सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय श्रीवास्तव, स्टेनों विकास सिंह, एवं निर्वाचन कार्यालय के समस्त स्टाप उपस्थित रहे।

प्रेरणा प्रणालीगत स्तरीय मूल्यांकन अभिमुखीकरण का दिया गया प्रशिक्षण

सीखड़, मीरजापुर । शुक्रवार सत्ताइस दिसंबर को प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र सीखड़ पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 निलेश कुमार कुशवाहा,के दिशा निर्देशन तथा बी सी पी एम मनीष सिंह एवं एआरो ज्योति सिंह के कुशल नेतृत्व में विकास खण्ड के उपकेन्द्र विठ्ठलपुर , विद्यापुर,आराजी लाईन, धनैता,पसीयाही के अन्तर्गत आने वाले आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा बहू, आशा संगनी,एनम,सी एच ओ सहायक अध्यापक, शिक्षा मित्र,को प्रेरणा का प्रणालीगत स्तरीय मुल्याकन एक दिवसीय प्रशिक्षण मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयागराज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर रिचा सिंह, यूनिसेफ के डीसी संतोष श्रीवास्तव द्वारा बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार राय, सीडीपीओ धनदेइ देवी, तथा सभी उक्त उपकेन्दो में आने वाली समस्त,आंगनबाड़ी कार्यकत्री एनम, आशा बहू आशा संगनी उपस्थित रही।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान पर आनलाइन संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

चुनार, मीरजापुर । स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मिर्ज़ापुर में मिशन शक्ति फेज -5, अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका विषय पर शनिवार को आनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो माधवी शुक्ला ने किया । अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि बैंक ना केवल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान कर रहे हैं बल्कि विभिन्न सामाजिक कार्यो में भी सहयोग कर रहे है । उन्होंने वेबिनार की महत्ता बताते हुए कहा कि ऐसे वेबिनार ना केवल ज्ञानार्जन में सहायक है वरन रोज़गार की सम्भावनाओं को भी विद्यार्थियों तक पहुँचाता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अजीत मौर्य परिवीक्षाधीन अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक जौशखुर्द मुहाना मध्य प्रदेश ने अपने व्याख्यान में बैंक क्षेत्र में रोज़गार की सम्भावना, बैंक से लोन प्राप्त करने का विवरण, पी. एन.वी.वुमन पावर सेविंग स्कीम, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,स्वयं सहायता समूह के लिए लोन योजना के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की । साथ ही साइबर क्राईम से बचने के सम्बन्ध में जानकारी व 1930 टोल फ्री नंबर के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई ।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ चन्दन द्विवेदी, स्वागत व विषय प्रवर्तन कार्यक्रम की संयोजक तथा मिशन शक्ति फेज -5 की संयोजक डॉ शेफालिका राय ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डॉ विद्या सिंह ने किया ।इस दौरान डॉ चन्दन साहू, डॉ देव कुमार संयोजक , मंजुला शुक्ला सह संयोजक , डॉ रजनीश कुमार,डॉ वकार रजा, डॉ शैलेंद्र , डॉ शिव कुमार, डॉ शिखा तिवारी सहित 76 विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

लाखों भक्तों ने बदेवरा नाथ धाम में जलाभिषेक कर टेका मत्था

गैपुरा, मीरजापुर। जिगना थाना क्षेत्र में बदेवरा चौबे गांव स्थिति बाबा बदेवरा नाथ धाम में पौष माह की तेरस पर लगभग एक लाख भक्तो ने जलाभिषेक एवम दर्शन कर पुण्य के भागी बने। इस मेले में मिर्जापुर के अलावा अन्य जनपदों से दर्शानाथी पहुंचे।आज भोर से हर हर बम बम के जय घोष से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा।मेले में भीड़ और व्यवस्था को लेकर पुलिस और पीएसी जवान मुस्तैद रहे। लोक मान्यता है की बाबा धाम के हवन कुंड के भभूत लगाने से गठिया बतास जैसे असाध्य रोग सही हो जाते है।थाना प्रभारी जिगना शैलेश राय दल बल के साथ मौजूद रहे।प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश उपाध्याय ने बताया की इस बार मेले की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर लिया है।मंदिर के पुजारी महेंद्र गिरी ने बताया की मंदिर को लाखो रुपए की लागत से सजाया गया है।

मिशन शक्ति फेज -5 के अंतर्गत वेबिनार का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

चुनार, मीरजापुर । स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मिर्ज़ापुर में मिशन शक्ति फेज -5 एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गत वर्ष 2024 में महिलाओं के सम्बन्ध में भारत सरकार की नीतियों का विवरण विषय पर शुक्रवार को एक आनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो माधवी शुक्ला ने किया । उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं के विकास हेतु सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उनकी राजनीतिक स्थिति पर प्रकाश डाला । उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि ऑनलाइन कार्यक्रमों से जुड़कर और समय का सदुपयोग करके अपने ज्ञान को बढाया जा सकता है। इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं ।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ शालिनी सिंह असिस्टेंट प्रोफ़ेसर अर्थशास्त्र विभाग डी. ए. वी. पी. जी. कालेज वाराणसी ने अपने व्याख्यान में महिला समृद्धि ,कामकाजी महिलाओं के लिए सरकारी प्रयास ,लखपति दीदी, श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी, ग्रीन हाइड्रोजन योजना, पी. एम.विश्वकर्मा योजना, राष्ट्रीय प्रशिक्षु संवर्द्धन योजना, महिलाओं के कौशल विकास हेतु सरकारी नीति पर विस्तृत चर्चा की साथ ही साथ महिला सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जो योजनाएं हैं उस पर भी प्रकाश डाला ।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आंकड़ों के द्वारा यह प्रदर्शित होता है कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं की स्थिति आर्थिक रूप में और राज्यों की तुलना में बेहतर है जिसका कारण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए निरंतर किए गए कार्य है।कार्यक्रम का संचालन व विषय प्रवर्तन कार्यक्रम की संयोजक डॉ शेफालिका राय ने, स्वागत व धन्यवाद असिस्टेंट प्रो डॉ विद्या सिंह ने किया।

मण्डलायुक्त, विंध्याचल मंडल व पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना ज्ञानपुर पर उपस्थित होकर सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात

शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था हेतु प्रत्येक शनिवार आयोजित "थाना/सम्पूर्ण समाधान दिवस" के क्रम में आज दिनांक-28.12.2024 को जनपद के समस्त थानों पर "थाना समाधान दिवस" का आयोजन किया गया। डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी, मंडलायुक्त, विंध्याचल मंडल व डा0 मीनाक्षी कात्यायन पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ थाना ज्ञानपुर पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सम्बंधित थानों पर प्रशासनिक टीम के साथ समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा कुछ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके।

जमीन सम्बंधित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं दोनों पक्षों को सूचित करते हुए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर प्रकरण का निस्तारण करते हुए रिपोर्ट आख्या दोनों पक्षों के समक्ष ही बना कर उनके हस्ताक्षर कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आज आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान समस्त थानों पर प्राप्त कुल-79 (राजस्व विभाग से सम्बंधित 74 व पुलिस-05) प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस विभाग से सम्बंधित सभी 05 सहित 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु व्यापक निर्देश दिए गए।

सड़क की पटरियों और तालाबों से अतिक्रमण को हटाने की अधिवक्ता ने की मांग

●सीएम पोर्टल पर की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के बबुरा कलां गांव निवासी अधिवक्ता विवेक कुमार सिंह ने सड़क की पटरियों पर किए गए अतिक्रमण व तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने हेतु शनिवार को सीएम पोर्टल पर शिकायत की है । सीएम पोर्टल पर दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि क्षेत्र के रतेह चौराहा से बबुरा रघुनाथ सिंह संपर्क मार्ग पर रतेह चौराहा, बबुरा खुर्द गांव में सड़क की पटरियों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है और आए दिन सड़क पर जाम की समस्या बनी रहती है। बबुरा खुर्द गांव व देवरी उत्तर गांव स्थित तालाब के भीटे के पर लोगों द्वारा वर्षो से अतिक्रमण कर कच्चा और पक्का मकान बना लिया गया है। शासन द्वारा पूर्व में बेदखली की कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस दी गई थी लेकिन तहसील प्रशासन द्वारा बेदखली की कार्रवाई को अमल में नही लाया जा रहा है। जिससे बबुरा खुर्द व देवरी उत्तर गांव के तालाब का अस्तित्व मिटता जा रहा है। हाईकोर्ट और शासन के आदेश के बावजूद तालाबों से अतिक्रमण नही हटाया जा रहा है। अधिवक्ता ने बताया कि जनहित में जलसंचयन और पर्यावरण को बचाने के लिए तालाबों के संरक्षण पर ध्यान देने की आवश्यकता है।अधिवक्ता विवेक सिंह ने सड़क की पटरियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण तथा बबुरा खुर्द व देवरी उत्तर गांव के तालाब को अतिक्रमण मुक्त करवाए जाने की मुख्यमंत्री से मांग की है।

मेडिकल स्टोर से सचालित हो रहा है मंडलीय चिकित्सालय

●प्रधानाचार्य के नाक के तले चिकित्सालय में गोरखा व्याप्त

आयुष्मान कार्ड के मरीजों को भेजा जा रहा है निजी चिकित्सालय

शासन व प्रशासन के आदेशो की धज्जियां उड़ा रहे है चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। प्रधानमंत्री की कल्याणकारी योजनाओ को धूल में मिलाने में लगे मण्डलीय चिकित्सालय के तैनात डॉक्टर लगे हुए है। जहां सरकार एक तरफ स्वास्थ्य मुहैया कराने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रही है वही मण्डलीय चिकित्सालय में तैनात सर्जन व हड्डी के डॉक्टरों की यह स्थिति है कि वह आयुष्मान के डॉक्टरों से लगातार पैसा वसूलने के लिए चिकित्सालय के बाहर स्थित एक मेडिकल स्टोर को जरिया बनाकर रखे हुए है और उन्ही के माध्यम से वसूलने का काम कर रहे है डॉक्टर पर्ची पर जो दवा लिखते हैं और कहते हैं कि मेडिकल स्टोर पर चले जाओं वही मिलेगा दवा इस तरीके से लिखा जा रहा है कि मेडिकल स्टोर संचालक के अलावा कोई नही पढ़ पाता है और कहा जाता है कि आपकी दवा कम से कम 15 से 20 हजार रूपये में आयेगी आप पैसा जमा कर दे दवा आपरेशन रूम तक पहुंचा दिया जायेगा।

इससे साफ मालूम होता है कि मण्डलीय चिकित्सालय में भ्रष्टाचार किस तरह से व्याप्त है और यदि कोई व्यक्ति इसकी शिकायत यदि कोई नवनियुक्त प्राचार्य से करना चाहता भी है तो उनका फोन कभी उठता ही नहीं है जबकि प्राचार्य का ऐसा पढ़ है कि जनता के लिए हमेशा उतना चाहिए। हाल में ही एक घटना शुक्रवार की है जब रमई पट्टी निवासी ने अपनी माता का आपरेशन कराना चाहता था उसके पास आयुष्मान कार्ड भी था। लेकिन डॉक्टरों के

गोरख धधा का शिकार हुआ उससे भी मेडिकल स्टोर पर दवा लेने के लिए कहा गया और यह यही नहीं रूका उससे जो समान खरीदने के लिए कहा गया उसकी कीमत 55 से 60 हजार बाजार में है जबकि आयुष्मान कार्ड के मरीजो का निशुल्क करना हाता है। मेडिकल स्टोर व डॉक्टरों की मिली भगत होने के कारण मरीजो निजी चिकित्सालयों में जानको मजबूर है शासन व प्रशासन की मुशा की चिकित्सालय में सारे संसाधन मौजूद है कोई भी निजी चिकित्सालय मे न जाए। दुकानदार व डॉक्टरों की काल डिटेल निकालकर जांच किया जाय तो काला सच सबक सामने आ जायेगा। आश्चर्य की बात तो यह है कि परिसर में ही चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक मौजूद रहते है उनको इस बात की तनिक भी भनक नहीं है। इससे यह साबित हो रहा है मण्डलीय चिकित्सालय मेडिकल स्टोर द्वारा संचालित किया जा रहा हूँ रात्रि के दस बजे का बाद निजी दुकानदारों को इमरजेंसी वार्ड में आसानी से देखा जा सकता है।

मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत भदोही पुलिस द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

स्वतंत्र प्रभात

कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अंतर्गत डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आज दिनांक-28.12.2024 को महिला थाना एंटीरोमियो टीम द्वारा महाराजा चेत सिंह अस्पताल, थाना ज्ञानपुर एंटी रोमियो टीम द्वारा कस्बा ज्ञानपुर, थाना गोपीगंज एंटीरोमियो टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज, थाना कोइरौना एण्टीरोमियो टीम द्वारा सीतामढ़ी मंदिर, थाना चौरी एंटी रोमियो टीम द्वारा श्री गणेश प्रसाद इंटर कॉलेज बरवा, औराई एंटी रोमियो टीम द्वारा औराई बस स्टैंड, ऊँज एंटी रोमियो टीम द्वारा श्रीमती प्रेम देवी इंटर कॉलेज वहीदा, गोधना,थाना सुरियावां एंटी रोमियो टीम द्वारा कस्बा सुरियावां में महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/ कस्बों/ स्कूलों/ कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे-1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

देशज दिवस पर सुरभि शोध संस्थान द्वारा निकली गई भव्य शोभा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात

चुनार, मीरजापुर । देशज दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर के रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान द्वारा देश भक्ति गीतों की गूंज के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।यात्रा चुनार नगर के किला ग्राउंड से प्रारंभ होकर भरपूर,सर्राफा बाजार ,चौक,सद्दुपुर मोहाना भ्रमण करते हुए बालूघाट पर समाप्त हुई। यात्रा में 13 राज्यों नागालैंड, मिजोरम असम ,सिक्किम, त्रिपुरा आदि सहित नेपाल व म्यांमार देश के बच्चों ने आकर्षक झांकी प्रस्तुत किए। जिसमें भारत माता,प्रभु श्री राम, भोलेनाथ, राधा कृष्ण, महारानी लक्ष्मीबाई की झांकियां शामिल थी।वही सोनभद्र के आदिवासी के थारू नृत्य सहित असम, मेघालय, नगालैंड,सिक्किम ,अरुणाचल प्रदेश सहित अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के बच्चों द्वारा आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देते दिखाई दिए। झांकी की नगर में प्रवेश के दौरान झांकी में आए सभी आगंतुकों में नगर के प्रतिष्ठान अग्रवाल कलेक्शन के द्वारा दो हजार लंच पैकेट का वितरण किया। इस दौरान पंकज अग्रवाल,शिखर अग्रवाल सहित प्रतिष्ठान के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यात्रा के अतः मे गंगा पूजन, रुद्राभिषेक के पश्चात मां गंगा की आरती करते हुए विश्व कल्याण , देश प्रेम की भावना के साथ गंगा को अविरल व निर्मल बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान बनवासी कल्याण आश्रम से राष्ट्रीय संगठन मंत्री अतुल जोक,संस्कार भारती के अजय मलकानी कार्यक्रम संयोजक अमित चौबे, दीपक सिंह,प्रधानाचार्य श्रुति भूषण मिश्रा, नागेंद्र पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

हत्या के प्रयास के मामले में दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

चील्ह मीरजापुर। चील्ह कोतवाली अंतर्गत लखनपुर निवासी अंकित कुमार मोर्या पुत्र राजेश कुमार मौर्या ने दिनांक 26 दिसंबर 2024 को थाना चील्ह में लिखित तहरीर दिया था कि विपक्षी गण हरिमोहन यादव पुत्र खरबान यादव व लाल धर यादव पुत्र हरिमोहन यादव ने वादी के घर में जान से मारने की नियत के साथ मारपीट किया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करके अग्रिम कार्रवाई के अंतर्गत मुखबिर के सूचना के आधार पर दिनांक 27 दिसंबर 2024 को शाम 06 बजे के लगभग उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह व पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त नामजद अभियुक्तो को चील्ह थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

संक्षिप्त ख़बरें

फूलपुर के मनेथू इंटर कालेज में रोजगार मेला 31 दिसंबर को

प्रयागराज। फूलपुर क्षेत्र के सार्वजनिक इंटर कालेज शिवमंगल नगर मनेथू बेलवा फूलपुर में क्षेत्रीय सेवायोजन निदेशालय प्रयागराज द्वारा 31.12..2024 को सार्वजनिक इण्टर कालेज, शिवमंगल नगर, मनेथू, बेलवा, फूलपुर, प्रयागराज परिसर में प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया ह। उक्त मेलों में निजी क्षेत्र की एस0के0 इलेक्ट्रानिक्स, एल0जी0 इलेक्ट्रानिक्स इण्डिया प्रा0लि0, डस्की स्टेलियन प्रा0लि0, संजीवनी ग्रुप ऑफ कम्पनी, टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल, जी04एस0 सिक्योर साल्यूशन इण्डिया प्रा0लि0, टाटा मोटर्स, स्पेक्ट्रम टैलेन्ट मैनेजमेंट लि0 एवं क्यूस कॉर्प लि0 आदि कम्पनियों द्धारा लगभग 1500 विभिन्न रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। रोजगार मेलों में हाईस्कूल/इण्टर/स्नातक/आई0टी0आई0/डि॰लोमा/बी0टेक0 उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीयन करके अपने समस्त अंक-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण रोजगार संगम पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। इस मेले में प्रतिभाग हेतु यात्रा भात्ता देय नहीं होगा।

मुख्य सचिव द्वारा मलाका से अस्थायी स्टील ब्रिज का निरीक्षण

सूबेदारगंज फ्लाई ओवर एयरपोर्ट रोड का निरीक्षण। फिनिशिंग के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश।

प्रयागराज। शासन की मंशा के अनुरूप महाकुंभ मेले के दृष्टिगत रायबरेली प्रयागराज रोड के चौड़ीकरण के कार्यों, प्रयागराज की विभिन्न सड़कों के शेष कार्यों तथा अस्थाई स्टील ब्रिज के कार्यों को गुणवत्ता के साथ स समय पूर्ण कराने हेतु आज मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सलाहकार मुख्यमंत्री अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव, पीडब्ल्यूडी अजय चौहान, मेंबर एनएचएआई तथा अन्य सबंधित वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ लखनऊ से प्रयागराज तक सड़क मार्ग से निरीक्षण किया। प्रयागराज पहुँचने के उपरान्त उन्होंने मलाका से अस्थायी स्टील ब्रिज का निरीक्षण करते हुए सूबेदारगंज फ्लाई ओवर तथा एयरपोर्ट रोड का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फिनिशिंग के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

महाकुंभ-2025 की कवरेज कैसे, होगी। यक्ष प्रश्न है

प्रयागराज। महाकुंभ-2025 की कवरेज कैसे ,होगी। यह यक्ष प्रश्न है। और इसका समाधान अभी तक सूचना विभाग के पास नहीं है। क्योंकि इस बार महाकुंभ का "डिजिटाइजेशन" कुछ ज्यादा ही कर दिया गया है।,, पत्रकारों को "ऑनलाइन" माध्यम से "मीडिया पास" जारी करने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं। इधर, "ऑनलाइन" की अवस्था ऐसी है कि "सर्वर" घंटों जाम रहता है,, इस अवस्था में स्थानीय पत्रकारों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,, इसी संदर्भ में जिला सूचना कार्यालय पर जिला सूचना अधिकारी को पत्रकारों ने घेर लिया और उन्हें इस बात के लिए अवगत कराया,,कि स्थानीय मीडिया को पूर्व की भांति "मीडिया पास"जारी करने की प्रक्रिया अपनाई जाए।

बालू खनन में अनियमितता पाए जाने पर बालू पट्टा धारक को जारी की गई नोटिस

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशन में बालू पट्टा धारक मां वैष्णो ट्रेडर्स प्रो0 जगदीश प्रसाद पुत्र श्री बलजोर निवासी निधियावां थाना कोखराज तहसील चायल द्वारा मोहम्मदाबाद के केवट का पुरवा में यमुना नदी में खनन में अनियमितता की शिकायत पर उप जिलाधिकारी चायल व क्षेत्राधिकारी द्वारा खनन क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पट्टाधारक द्वारा स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के अन्दर जलस्तर आने के बाद भी पानी में बालू खनन कार्य किए जाने के चिन्ह पाए गए, जिस पर उत्तर प्रदेश उपखनिज खनिज नियमावली 2021 के नियम-42(ज) के उल्लंघन के नियम 60 (4) में विहित व्यवस्थानुसार रु0 05 लाख का अर्थदण्ड लगाया गया। निरीक्षण के दौरान खनन में अनियमितता की रिपोर्ट प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने पट्टा धारक जगदीश प्रसाद द्वारा अपने स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के अन्दर जलस्तर आने के बाद भी पानी से खनन कार्य किए जाने के चिन्ह पाए जाने पर नोटिस जारी करते हुए 15 दिन के अन्दर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

अजय दास को पीएचडी की उपाधि मिली

● - नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्याल के शोधार्थी रहे दास।

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के शोधार्थी अजय कुमार दास को पीएचडी डिग्री प्राप्त हुई है। उन्हें पीएचडी की डिग्री दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्रोफेसर प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा प्रदान की गई। कुलपति शोध विदेशक (ने0ग्रा0 भारती वि. वि. शिक्षा विभागाध्यक्ष तथा विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में विशेष शिक्षा में की गई रिसर्च में पी एचडी उपाधि प्रदान की गयी।

दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्रोफेसर प्रवीण कुमार तिवारी ने कुलपति शोध विदेशक (ने0ग्रा0 भारती वि. वि. शिक्षा विभागाध्यक्ष तथा विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में दिया गया।

डा0 दास शिक्षा संकाय के सहायक प्रो0 डा0 श्रवण कुमार के मार्ग दर्शन में विशेष शिक्षा पर शोध किया था। उत्कृष्ट शोध विशेष शिक्षा में आई.सी.टी एकीकृत उड़िसा के चयनित विशेष विद्यालय का अध्ययनमूल्यांकन कर्ताओं द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। डा0 अजय कुमार दास ओडिसा के पुरी जनपद के कृष्ण प्रसाद ब्लाक के गोरापुर नामक छोटे सेगाँव में रहने वाले 190 अच्युतानन्द दास औरअमिता दास के छोटे बेटे है। वे प्राचीन ग्रुप आफ दिव्यांगजन इन्स्टीयूट के चेयर मैन प्राची महाविद्यालय फार स्पेशल एजुकेशन के

प्राधानाचार्य वऔर शाई श्री पुरी के सचिव है। उन्होने पी0 एम0 आई0 आर में एम. फिल. अंग्रेजीपत्रकारिता और जनशिक्षा में मास्टर डिग्री विशेष शिक्षा में एमएड सामान्य शिक्षा में बीएड भारतीय सांकेतिक भाषा में 'ए' और एलएलबी की डिग्री हासिल की है।

फूलपुर में विधिक संविधान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

● - हर महीने के अंतिम शनिवार को विधिक जागरूकता गोष्ठी के आयोजन का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। फूलपुर तहसील के अधिवक्ताओं द्वारा शनिवार को तहसील सभागार में विधिक संविधान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विद्वान अधिवक्ताओं द्वारा देश के संविधान पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर अपना अपना विचार व्यक्त किए साथ ही साथ संविधान के प्रति लोगो को जागरूक करने का संकल्प लिया गया वक्ताओं ने कहा कि हर महीने के अंतिम शनिवार को फूलपुर

तहसील में विधिक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन संकल्प लिए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया अधिवक्ताओं ने कहा कि हमारे देश का संविधान सर्वोच्च है जिस पर देश की सभी कानून व्यवस्थाएं चल रही है इस पर किसी को भी टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है जो लोग संविधान निर्माता पर गलत टिप्पणी कर रहे है उन्हें अपने जुबान पर लगाम लगाने की आवश्यकता है। इस मौके पर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रणविजय सिंह यादव, विजय बहादुर कुशवाहा,फूल सिंह यादव, वीरेन्द्र प्रताप सिंह यादव,महेश यादव, धर्मराज, धर्मेंद्र सिंह,सतेंद्र कुमार, आनंद प्रकाश, हंसराज,अखिलेश कुमार, अजय कुमार,राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता सहित अन्य संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

उत्तर मध्य रेलवे महाकुंभ के लिए 13,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन करेगी

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन के लिए भारतीय रेलवे, विशेष रूप से उत्तर मध्य रेलवे, ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस पवित्र आयोजन के दौरान, रेलवे का उद्देश्य लाखों श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और कुशल यात्रा सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंचकर इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन का हिस्सा बन सकें।

विशेष ट्रेनों का संचालन

महाकुंभ 2025 के दौरान उत्तर मध्य रेलवे 13,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन करेगा, जिसमें- 10,000 से अधिक नियमित गाड़ियां यात्रियों की सेवा में होंगी। इसके अलावा, 3,000 से अधिक विशेष गाड़ियां चलाई जाएंगी। विशेष ट्रेनों का वितरण0 आउटवर्ड गाड़ियां (जिन्हें आयोजन से बाहर जाने के लिए संचालित किया जाएगा)- 2,000+ विशेष गाड़ियां। इनवर्ड गाड़ियां (वापसी की यात्रा के लिए)- 800+ विशेष गाड़ियां।

रिंग रेल मेमू सेवा का परिचालन

महाकुंभ के दौरान तीर्थयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रिंग रेल मेमू सेवा शुरू की जाएगी। यह सेवा अयोध्या, काशी और चित्रकूट जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा को सहज और सुगम बनाएगी। तीर्थयात्रियों को इस सेवा के माध्यम से बिना किसी परेशानी के सीधी यात्रा का अनुभव मिलेगा।

पिछले महाकुम्भ 2013 की तुलना में अधिक ट्रेनों का संचालन

महाकुंभ 2013 में भारतीय रेलवे ने कुल 1,122 विशेष गाड़ियों का संचालन किया था। जबकि महाकुंभ 2025 के लिए, विशेष गाड़ियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे यात्रियों को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव

महाकुंभ 2025 के दौरान भीड़भाड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की यात्रा को आसान बनाने के लिए, 23 जोड़ी (कुल 46 ट्रेनों) को प्रयागराज और नैनी जंक्शन पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा। यह पहल तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक और आरामदायक बनाएगी। उत्तर मध्य रेलवे महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर यात्री को सुरक्षित, समय पर और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिले।

प्रथम राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्निवल में रंगोली, गाँव का मेला, कैम्प क्राफ्ट इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। प्रथम राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्निवल कैम्प के चतुर्थ व पाँचवें दिवस में आयोजित प्रतियोगिता रंगोली, गाँव का मेला, कैम्प क्राफ्ट इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों (प्रयागराज, झांसी एवं आगरा) के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता की निर्णायक समिति के रूप में मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ डिप्टी सी.पी.ओ./ मुख्यालय एवं स्टेट सेक्रेटरी, हेमेन्द्र कुमार मोर्या राज्य प्रशिक्षण आयुक्त/ स्काउट, सुश्री मंजू जोशी, राज्य संगठन आयुक्त/गाइड, श्रीमती छाया सक्सैना लीडर, कु. सोनाली विश्वकर्मा लीडर, अनिल कुमार शर्मा, एच.डब्ल्यू.बी. (रोवर). डी.टी.सी./आगरा अंकित सक्सैना रहे। मुख्य अतिथि के रूप मे जे.एस. लाकरा अध्यक्ष एवं अपर महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे उपस्थित हुये और बच्चों को पुरस्कृत कर उत्सावर्धन किया।

इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि वी. के गर्ग राज्य मुख्य आयुक्त एवं वरि. महाप्रबन्धक, अतिथि मुदित चन्द्रा, मु. कार्मिक अधिकारी/प्रशासन एवं उपाध्यक्ष, संजीव

कुमार हाण्डू चिकित्सा निदेशक, आशिष अग्रवाल सीनि.डी.एम.ओ/ हेल्थ एवं राज्य आयुक्त, श्रीमती मंजू लता हाण्डू ए.सी.एच.डी./सी.एच. एवं राज्य आयुक्त, श्री अनम सिद्दकी डी. जी.एम./लों एवं राज्य आयुक्त, श्रीमती सीमा कुलश्रेष्ठ राज्य आयुक्त (मु.), श्रीमती संतोष कुमारी राज्य आयुक्त (मु.), श्री मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ डिप्टी सी.पी.ओ./मुख्यालय एवं स्टेट सेक्रेटरी। संतोष वाजपेयी डब्ल्यू.एस.ओ. एवं असिस्टेण्ट स्टेट सेक्रेटरी, राजबली शर्मा एल.टी./रोवर एवं एक्स एस.ओ. सी. रविकान्त शर्मा, राज्य संगठन आयुक्त/ स्काउट, पंकज राज, सहा. राज्य संगठन आयुक्त (स्का.), हेमेन्द्र कुमार मोर्या राज्य प्रशिक्षण आयुक्त/स्काउट तीनों मण्डलों के स्काउट-गाइड एवं रोवर-रेंजर तथा लीडर्स तथा अन्य मंडलो से आये स्काउटर गाइडर

मुख्यालय के सभी स्टाफ मेम्बर, सर्विस रोवर व रेंजर ने पूरी लगन के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया। दिनांक 28.12.2024 को प्रातः सर्वधर्म प्रार्थना की गयी तथा सभी स्काउट-गाइड एवं रोवर-रेंजर तथा लीडर्स तथा अन्य मंडलो से आये स्काउटर गाइडर मुख्यालय के सभी स्टाफ मेम्बर, सर्विस रोवर व रेंजर प्रमाण पत्र देकर शिविर का समापन किया गया।

समाधान दिवस में एसडीएम योगेश गौड़ व नायब तहसीलदार अंकिता ने सुनी फरियादियों की फरियाद

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। उप जिलाधिकारी चायल योगेश गौड़ व नायब तहसीलदार सिराथू अंकिता पाठक ने समाधान दिवस में कोखराज थाना पहुँच कर फरियादियों की समस्याओं को सुना और राजस्व से सम्बन्धित मामलों में कानून गो लेखपाल वा पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मौके पर जाँच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिससे फरियादियों को सही न्याय मिल सके तहसीलदार ने कहा कि कार्यो में लापरवाही न होने पाए एक मामला कोखराज क्षेत्र के भरवारी चौकी के अन्तर्गत रस्तोगी परिवार के बीच मकान का विवाद था जिसमें नगर पालिका ईओ की मौजूदगी में निर्णय किया जाना था लेकिन आपसी तालमेल न बन पाने के कारण एसओ कोखराज ने दोनों पट्टीदारों को पाबन्द कर कहा कि किसी भी

प्रकार का विवाद नही होना चाहिए दोनों पक्ष यदि आपसी सहमति से नही कर सकते तो कोर्ट में वाद दाखिल कर निर्णय कराए मौके पर लगभग 6 लोगों ने अपनी समस्याओं की शिकायत दर्ज कराई जिसमें दो का मौके पर निस्तारण कराया गया मौके पर राजस्व लेखपाल लोकनाथ पाण्डेय,पवन सिंह, एसओ कोखराज, चन्द्र भूषण मौर्य चौकी प्रभारी भरवारी अभिषेक गुप्ता,आदि लोगों की उपस्थिति में समाधान दिवस सम्पन्न

हुआ।

सड़क पर अवैध निर्माण का मामला- नगर पंचायत सराय अकिल में नियमों की अनदेखी

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद के नगर पंचायत सराय अकिल में अवैध निर्माण और फर्जी तरीके से नाम दर्ज कराने का एक गम्भीर मामला सामने आया है। मोहल्ला बुद्धपुरी निवासी गिरजा देवी ने पुलिस अधीक्षक महोदय को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। गिरजा देवी ने आरोप लगाया है कि भगौतीगंज निवासी मोतीलाल गुप्ता के पिता स्व. मोहन लाल ने सड़क पर अवैध निर्माण किया और नगर पंचायत के पूर्व अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी तरीके से टाउन एरिया में नाम दर्ज करा लिया। उनके निधन के बाद यह नाम उनके पुत्र मोतीलाल गुप्ता और अन्य भाइयों के नाम पर दर्ज हो गया, जबकि न तो उनके पास रजिस्ट्री है, न ही कोई वैध दस्तावेज। गिरजा देवी का आरोप है कि वर्तमान में मोतीलाल गुप्ता ने उक्त जमीन ज्ञानबाबू स्वर्णकार को बेच दी, जो बिना नगर पंचायत की अनुमति और नक्शा पास कराए निर्माण कार्य करवा रहे हैं।

निर्माण में छत का बारजा, दरवाजा और शटर लगाकर न केवल सार्वजनिक मार्ग को बाधित किया जा रहा है, बल्कि चन्द्रशेखर आजाद पार्क के पास स्थित इस व्यस्त चौराहे पर आए दिन जाम की समस्या भी बढ़ रही है। गिरजा देवी ने पहले भी नगर पंचायत और उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन किसी भी स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि ज्ञानबाबू स्वर्णकार के राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच के कारण समय-समय पर की गई घोषणाओं और आदेशों को भी नजरअन्दाज किया जा रहा है। यह मामला अब जनमानस के बीच आक्रोश का कारण बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण और अवैध निर्माण के कारण राहगीरों और स्कूल जाने वाले बच्चों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गिरजा देवी ने पुलिस अधीक्षक से स्थलीय निरीक्षण कराने, नगर पंचायत में नाम दर्ज करने की प्रक्रिया की जांच करने और अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि प्रशासनिक हस्तक्षेप से इस मामले में न्याय मिलेगा।

मनमोहन सिंह महान व्यक्तित्व के धनी थे - गौरव पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद के जिला कांग्रेस कार्यालय कौशाम्बी में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।जिसमें कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन रहकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनको याद किया गया श्रद्धांजलि के पश्चात जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने मनमोहन सिंह जी के कार्यों को याद किया और बताया कि मनमोहन सिंह जी के ही कार्यकाल में मनरेगा , रोजगार की गारण्टी , शिक्षा की गारण्टी ,भोजन की गारण्टी , मिड डे मील योजना तथा जन सूचना अधिकार जैसी योजनाओं का कार्य जनता के लिए की गई जिसमें आम जनमानस को बहुत ही सहूलियत हुई गरीब का बच्चा भी शिक्षा पाकर शिक्षित हुआ और योग्य बना । शोक सभा में उपस्थित कौशाम्बी कांग्रेस के प्रभारी राजेश साहनी ने

कहा कि स्वर्गीय मनमोहन सिंह ने आर्थिक मुद्दों पर बहुत ही सराहनीय कार्य किया था जब पूरा विश्व आर्थिक रूप से कमजोर हो रहा था तब मनमोहन सिंह जी की नीतियों के कारण भारत में कोई भी आर्थिक संकट नहीं आया । शोक सभा को सम्बोधित करते हुए उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू ने कहा कि आज जो राशन पूरे देश में गरीबों को दिया जा रहा है वह कांग्रेस सरकार में मनमोहन सिंह जी की योजना थी । शोकसभा में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर त्रिपाठी ने कहा की नेता केवल वादा करते हैं लेकिन माननीय मनमोहन सिंह जी ने काम की गारण्टी दी थी और उनकी योजनाएं आज भी कार्य कर रही हैं शोकसभा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय , प्रभारी कौशाम्बी प्रदेश सचिव राजेश साहनी , वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर त्रिपाठी , श्याम मूर्ति तिवारी ,छेदी लाल गोस्वामी उपाध्यक्ष आशीष पप्पू मिश्रा , महासचिव कौशलेश द्विवेदी , निक्की पाण्डेय , मोहम्मद सरफराज , सचिन पाण्डेय ,रामबली, हेमन्त रावत , फूलचन्द्र कुशवाहा आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे ।

किशोर की मौत पर गरीब परिवार की वीरेन्द्र फौजी ने की सहायता

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। चायल विधान सभा के अकबराबाद गहौली गांव में एक परिवार के किशोर की दीवाल के मलवे में दब जाने से मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी उसकी सहायता करने पहुच गये। नगर पालिका अध्यक्ष ने 51 हजार रूपया की नगद आर्थिक सहायता व दो बहनों की शादी कराने का आश्वासन दिए। वहां पर मौजूद लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष की सराहना किये, और कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी सभी के सुख और दुख दोनों में शामिल होते हैं। वह उनको इस बात की जानकारी हो जाय, कि गरीब परिवार परेशान है, तो वह तत्काल उसकी मदत करने के लिए पहुंच जाते हैं।

अकबराबाद के गुहौली गांव दुर्गेश सरोज उम्र 14 वर्ष पुत्र मोती लाल सरोज घर से गांव में खेलने निकला था। गांव ही एक मकान के पास खेल रहा था। इस दौरान अचानक दीवाल भर भरा कर ढह गई, जिसके मलवे में दबने से दुर्गेश की मौत हो

गई। घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मचा गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना की जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी को हुई, तो वह मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंच गये। इस दौरान मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक दुर्गेश की मां का एक वर्ष पहले निधन हो गया। एक माह पहले उसके पिता का भी निधन हो गया। दुर्गेश की मौत के बाद घर में सिर्फ दो बहने ही हैं, और वह भी अभी नाबालिक हैं, अब उनका कोई सहारा नहीं है। मृतक दुर्गेश की आर्थिक स्थिती सही नही है, वह अपनी बहनों का भरण पोषण की व्यवस्था करता था। नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी ने 51 हजार रूपये की सहायता राशि देकर मृतक के परिजनों का ढांढस बंधाया, और कहा कि दोनों बहनों की शादी में वह पूरा सहयोग करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष के इस सहयोग की लोगों ने जम कर सराहना किया। इस मौके पर राहुल विजय तिवारी सुनील कुमार उर्फ गुड्डू, मयंक ,गोकुल, राहुल आदि लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस ने की शोक सभा- पप्पू मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के निधन की जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेताओं समेत आम जनमानस में गहरा दुख हुआ कांग्रेस पार्टी ने पार्टी कार्यालय में शोक सभा की और 2 मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति की प्रार्थना की कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा ने कहा उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी। जिनका योगदान यह देश सदैव स्मरण करेगा। देश सदैव आभारी रहेगा इतिहास आपके योगदान से सदैव परिपूर्ण रहेगा।

उन्होंने कहा कि डॉ.मनमोहन सिंह एक सच्चे विद्वान, कुशल प्रशासक और विनम्र व्यक्तित्व के धनी थे। उनका जीवन सादगी, सेवा और समर्पण की अद्भुत मिसाल है इस मौके पर, जिला महासचिव कौशलेश द्विवेदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन से देश को बहुत बड़ी क्षति हुई जिसकी पूर्ति नहीं हो सकती जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा, महासचिव कौशलेश द्विवेदी ,रविप्रकाश रावेन्द्र शशी प्रताप त्रिपाठी,भीम पाल, सीताराम नसीमुद्दीन विजय यादव गुप्ता,बबलू यादव, उमेश पाल, रमेश चंद्र, महेंद्र मिश्रा, हेमन्त रावत, रफीक आविदा वेगम, फातमा खातून, कमलेश मौर्य गोपाल पाल आदि लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है वहीं कांग्रेस कमेटी ने हिंदुस्तान के चीफ ब्यूरो हमेशा एक साथ रहने वाले बृजेश गौतम पप्पू भाई के पिताजी रोशन लाल की मौत पर शोक व्यक्त किया है 2 मिनट का मौन रहते हुए उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की है उन्होंने कहां कि रोशनलाल बहुत नेक इंसान थे जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती इस मौके पर प्रदेश सचिव राजेश साहनी जिला अध्यक्ष गौरव पांडे जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा अलकमा उस्मानी कौशलेश द्विवेदी रामसूरत रविदास शाहरुख सचिन पांडे निक्की पांडे राम बहादुर त्रिपाठी राजेंद्र त्रिपाठी आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

भारत देश में कांग्रेस पार्टी को बहुत बड़ी हुई क्षति, युवा जिला अध्यक्ष अंकुर शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी।भारत के पूर्व प्रधानमंत्री कांग्रेस के मजबूत स्तमभ के रूप में जान जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह जी की मृत्यु पर पूरे कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने शोक सभा आयोजित कर आत्मा की शान्ति की दुआ की है जिसमें यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कहा है कि क्षतपूर्ति की भरपाई नहीं की जा सकती भविष्य में कभी भी इसकी भरपाई नहीं होगी कांग्रेस ने एक हीरा खोया है अर्थशास्त्र के रूप में पहचान बनाने वाले भारत को नम्बर एक पर ले जाने वाले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को शत-शत नमन करता हूं कौशाम्बी की धरती पर यह शोक की लहर आज चारों तरफ है शोक सभा में पूर्व महासचिव बरसाती लाल पांडा ने पुष्पांजलि अर्पित की मंझनपुर में युवा कांग्रेस

के सोशल मीडिया प्रभारी सचिन शुक्ला ने भी पुष्पांजलि अर्पित की है बता दें 26 12.2024 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री ने अन्तिम सांस ली थी उस समय से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई आज भारत देश का कोने में स्वर्गीय प्रधानमंत्री जी को याद कर शोक सभा मनाई जा रही है इस मौके पर अंकुर शुक्ला जिला अध्यक्ष युथ कांग्रेस, पूर्व महासचिव बरसाती लाल पांडा, आशीष मिश्रा, जुगुल किशोर त्रिपाठी उमानाथ, डा आर के मिश्रा, दिवाकर शुक्ला, उपाध्यक्ष सचिन शुक्ला, विभव पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, अभिषेक जायसवाल, गोपाल कमलेश मौर्य उमेश पाल आदि।

संक्षिप्त ख़बरें

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन एक कुशल राजनेता एवम अर्थशास्त्री थे - प्रो. स्टेफन मरांडी

पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड- भारत वर्ष के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर महेशपुर विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी ने गहरा दुख4 जताते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है। विधायक ने कहा है कि डॉ. सिंह एक कुशल राजनेता व अर्थशास्त्री थे। प्रोफेसर स्टेफन ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

गुड़ियो से जायरीन का अजमेर शरीफ के लिए जत्था रवाना, गांव में उत्साह

बरही- बरही प्रखंड के ग्राम गुड़ियो से ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह अजमेर शरीफ के लिए जायरीन का जत्था रवाना हुआ। इस मौके पर पूरे समुदाय ने गर्मजोशी से जायरीन का स्वागत किया और उन्हें विदा किया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम, समाजसेवी पप्पू खान और शोएब अख्तर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने जायरीन को यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा आध्यात्मिक शांति और आपसी भाईचारे का संदेश लेकर आएगी। जत्थे में अली मियां, कमरुद्दीन, हनीफ मियां, जफर मियां, सोकत अली और अनवर अली शामिल हैं। जायरीन की यात्रा को लेकर पूरे गांव में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने उनके सफल और सुरक्षित यात्रा की कामना की। इस दौरान मो. कयूम ने कहा कि यह यात्रा न केवल हमारी आस्था को मजबूत करती है, बल्कि समुदाय को एकजुटता का संदेश भी देती है। अजमेर शरीफ की दरगाह हमेशा से भाईचारे और मानवता का प्रतीक रही है।

पिता की पुण्यतिथि पर बेटी ने किया मानवीय सेवा का उदाहरण, सैकड़ों गरीबों को बांटे कंबल

चंदवा-मेन रोड निवासी स्व. रामेश्वर प्रसाद (आढ़तिया) की पुण्यतिथि पर उनकी पुत्री श्यामा रानी ने सैकड़ों असहाय और बुजुर्गों के बीच कंबल वितरित कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। श्यामा रानी ने बताया कि उनके दिवंगत पिता हमेशा गरीबों की मदद को प्राथमिकता देते थे। उन्हीं की प्रेरणा से उन्होंने ठंड के मद्देनजर 100 कंबल वितरित किए, ताकि जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू ने कहा, "गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है। बेसहारों की मदद करना सबसे बड़ा धर्म है।" इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रदीप साहू, राजकुमार साहू, दिलीप टुन्नू, भास्कर साहू, संतोष प्रसाद, सतीश प्रसाद, सुधीर प्रसाद, मुकेश साहू समेत अन्य गणमान्य शामिल थे।

लातेहार में नई थाना प्रभारी दुलार चौर ने संभाला कार्यभार, अपराध और उग्रवाद पर सख्त कार्रवाई का ऐलान

लातेहार- शुक्रवार रात को दुलार चौर ने लातेहार थाना प्रभारी के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। शनिवार सुबह अपने बयान में उन्होंने स्पष्ट किया कि लातेहार में कानून का राज होगा, अपराधियों और उग्रवादियों का नहीं। थाना प्रभारी ने कहा, "मेरी पहली प्राथमिकता होगी कि आम जनता और पुलिस के बीच की दूरी खत्म हो। लोग बिना किसी डर के पुलिस के पास अपनी समस्याएं लेकर आएं।" उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में सभी प्रकार के अपराधों पर सख्ती से रोकथाम की जाएगी। थाना प्रभारी ने विश्वास दिलाया कि पुलिस हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा, "छोटे से बड़े हर अपराध पर कार्रवाई करना हमारी जिम्मेदारी है। जनता को सुरक्षित माहौल देना और अपराधियों पर लगाम लगाना प्राथमिकता होगी।" दुलार चौर ने अपने कार्यकाल में लोगों के बीच पुलिस की सक्रियता और उपस्थिति को बढ़ाने का भी संकल्प लिया। जनता में उनके इस बयान से नई उम्मीद जगी है।

दूंगी बरमसिया में जर्जर सड़क से आवागमन बाधित, ग्रामीणों ने की पुनर्निर्माण की मांग

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड- पाकुड़िया प्रखंड के ग्राम दूंगी बरमसिया में स्थित ग्रेड-1 मेटल रोड, जो वर्षों पहले निर्मित हुई थी, अब पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। यह सड़क आरईओ रोड के अंतिम छोर से लेकर गांव के दूसरे टोले के मैदान तक जाती है। सड़क की मरम्मत न होने के कारण ग्रामीणों के लिए इस पर चलना बेहद कठिन और जोखिमभरा हो गया है।

27 दिसंबर को स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं व्यक्त कीं

साइकिल और पैदल चलने वालों ने बताया कि सड़क काफी पुरानी है और इसके रखरखाव की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई। ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि नंगे पांव इस सड़क पर चलना असंभव है, क्योंकि इससे चोटिल होने का डर हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि दूंगी बरमसिया गांव तक पक्की सड़क बन चुकी है, लेकिन दूसरे टोले तक पहुंचने के लिए सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। इसके चलते न केवल ग्रामीणों बल्कि आसपास के तीरिलडीह और सापादाहा जैसे गांवों के लोगों को भी आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

महिलाओं ने विधायक से हस्तक्षेप की अपील की

ग्रामीण महिलाओं ने विधायक स्टेफन मरांडी से अनुरोध किया कि इस जीर्ण सड़क का पुनर्निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन का मार्ग मिल सके।

हजारीबाग पुलिस ने 606 किलोग्राम अवैध पोस्ता भूसी के साथ दो गिरफ्तार, मामला दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

हज़ारीबाग, झारखंड- हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि गुप्त सूचना के आधार पर एनएच-20 स्थित चरही घाटी में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर एक टेलर ट्रक (नंबर आरजे 19 जीएफ 3583) से 606.030 किलोग्राम अवैध पोस्ता भूसी बरामद की गई। 27 दिसंबर 2024 को मिली सूचना के अनुसार, ट्रक में स्टील प्लेट्स की आड़ में अवैध पोस्ता भूसी का परिवहन किया जा रहा था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़ के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान वाहन रोकने की कोशिश की गई, लेकिन चालक और सहायक भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रमेश कुमार (पिता मोहन राम, ग्राम लोहारवा, थाना धोरिमन्ना, जिला बाड़मेर, राजस्थान) और सुरेश बिश्नोई (पिता किशनाराम, ग्राम वायद, थाना जेतपुर, जिला पाली, राजस्थान) के रूप में हुई है। वाहन की तलाशी के दौरान 40 सफेद प्लास्टिक की बोरियों में पोस्ता भूसी पाई गई, जिसका वजन 606.030 किलोग्राम था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह अवैध पोस्ता भूसी रांची के बुंडू इलाके से लाकर राजस्थान में बेचने के लिए ले जाई जा रही थी। चरही थाना में मामला संख्या 119/24, धारा 15/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस सप्लायर और रिसीवर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई में वैधनाथ प्रसाद (अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़), प्रभुनारायण राम (पु.अ.नि., चरही थाना), हवलदार अनिल रजक, आरक्षी प्रेम कुमार, संतोष कुमार, सत्येंद्र कुमार, और चालक आरक्षी सतीश कुमार सिंह शामिल थे।पुलिस ने इसे एक बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर चौपारण जिप सदस्य रविशंकर अकेला ने व्यक्त किया गहरा शोक

स्वतंत्र प्रभात

बरही- चौपारण के जिप सदस्य रविशंकर अकेला ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक सच्चे अर्थों में महान अर्थशास्त्री, ईमानदार राजनेता और दूरदर्शी नेता थे। उनके योगदान को देश सदैव याद रखेगा।रविशंकर अकेला ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी। उनके आर्थिक सुधारों और नीतियों ने देश को वैश्विक स्तर पर मजबूती प्रदान की। चाहे 1991 के आर्थिक सुधारों का दौर हो या प्रधानमंत्री के रूप में उनके नेतृत्व का समय, डॉ. सिंह का दृष्टिकोण और निर्णय लेने की क्षमता हर स्थिति में देशहित को सर्वोपरि रखती थी। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह की सादगी और ईमानदारी ने उन्हें जनता के बीच अत्यंत लोकप्रिय बनाया। वे न केवल एक राजनेता थे, बल्कि एक प्रेरणा स्रोत भी थे, जिन्होंने राजनीति में शालीनता और गरिमा का परिचय दिया। रविशंकर अकेला ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उनके परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि यह न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके अलावा सपा प्रखण्ड अध्यक्ष मो वारिस अंसारी, रघुनन्दन गोप, गाजो यादव, कुणाल कतरियार, शरीफुल हक़, देवचंद यदव, सुशील केशरी, गुड्डू अंसारी ने भी शोक व्यक्त किया है।

बकाया मानदेय को लेकर धरना पर बैठे कर्मचारियों के समर्थन में पहुंचे विधायक

● कर्मचारियो का मानदेय भुगतान के बाद ही सड़क निर्माण कार्य होगा - मनोज यादव

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण, हजारीबाग, झारखंड- सिक्स लेन सड़क निर्माण कंपनी कौशल इंजीनियरिंग लिमिटेड के कर्मचारियों ने शनिवार को कंपनी के मेन गेट पर ताला जड़ धरने पर बैठ गए। नौ माह से बकाया मानदेय भुगतान न होने के कारण कर्मचारियों ने सड़क निर्माण कार्य ठप कर दिया है। कर्मचारियो के समर्थन में पहुँचे बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। विधायक ने कंपनी के प्रबंधक सुमन चटर्जी व कमलेश मिश्रा से बात कर जल्द मानदेय भुगतान करने की बात कही। विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक कर्मचारियों का मानदेय भुगतान नहीं होता तब तक सड़क निर्माण कार्य बंद रखें। इस दौरान विधायक ने एनएचआई के पीडी से टेलीफोनिक बात कर मंगलवार को कंपनी और एनएचआई के अधिकारियों व कर्मचारियों से वार्ता करवाने की बात पर सहमति बनी। मौके पर कर्मी प्रकाश रजक, बिंदेश्वर यादव, बिनोद पांडेय, रामप्रवेश पांडेय, सुभाष सिंह, राजू सिंह, जमुना पांडेय, राजू सिंह, रविश सिंह, विवेक पांडेय, दयानिधि पांडेय, छत्रधारी यादव, गणेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

नमनदीप पब्लिक स्कूल दनुआ के बच्चे शिक्षकों संग दनुआ के हदहदवा जलप्रपात में मनाया वनभोज

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण, हजारीबाग, झारखंड- चौपारण के दनुआ स्थित नमनदीप पब्लिक स्कूल के बच्चे अपने शिक्षकों के साथ प्राकृतिक नैसर्गिक छटा के बीच हदहदवा जलप्रपात में वनभोज का आनंद लिया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों के चेहरे पर खुशियों की मुस्कान थी। इस वनभोज के बीच विद्यालय परिवार ने बच्चों को जंगल के प्राकृतिक छटा का अवलोकन कराया जिसमें बच्चे मदमस्त नजर आए।

इस संबंध में विद्यालय के निर्देशक सह प्रधान शिक्षक सतीश केशरी ने बताया कि नये साल के आगमन के पूर्व बच्चों को हदहदवा जलप्रपात में पिकनिक कराकर इनके मन मस्तिष्क में मस्ती का भाव जगाया गया। विद्यालय के शिक्षक रंजन रजक ने बताया कि पढाई के साथ-साथ खासकर प्रकृति की गोद में स्थित नदी, झरने एवं पहाड़ों को नजदीक से देखने से न सिर्फ मानसिक तनाव कम होता है बल्कि प्रकृति की अहमियत भी समझ में आती हैं। शिक्षक अमित केशरी ने बताया कि किताबी ज्ञान की तुलना में व्यावहारिक अनुभव से ज्ञान की तीव्र वृद्धि होती है। इससे पहले बच्चों ने विद्यालय परिवार के साथ लजीज व्यंजनों का लाभ उठाया और फिल्मी रिकार्ड गानों पर जमकर मस्ती की।

ऑटो चालक का बेटा बना चार्टर्ड अकाउंटेंट, गरीबी को मात देकर हासिल की बड़ी सफलता

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण, हजारीबाग, झारखंड- चौपारण प्रखण्ड के मध्यगोपाली गांव के गौतम कुमार ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर एक मिसाल कायम की है। गौतम के पिता रजलाल साव मुंबई में ऑटो चालक हैं और उनके दादा गंदौरी साव किसान हैं। परिवार की सीमित आय और कठिन परिस्थितियों के बावजूद रजलाल साव ने अपने बच्चों की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। गौतम ने कड़ी मेहनत और लगन से इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की परीक्षा पास की, जो देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। गौतम की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गौतम के पिता 2000 में रोजी-रोटी की तलाश में मुंबई गए थे, जहां उन्होंने शुरुआती दिनों में दिहाड़ी मजदूरी की और फिर ऑटो रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण किया। उनके संघर्ष और त्याग का ही परिणाम है कि उनका बेटा आज चार्टर्ड अकाउंटेंट बन सका। गौतम की सफलता ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और जज्बे के सामने आर्थिक तंगी भी बाधा नहीं बन सकती। उनकी कहानी क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी ने जन्मदिवस पर किया बाबा बैजनाथ का पूजन, की झारखंड की खुशहाली की कामना

स्वतंत्र प्रभात

देवघर, झारखंड- बड़कागांव विधानसभा के भाजपा विधायक श्री रोशन लाल चौधरी ने बीते शनिवार को अपने जन्मदिवस के अवसर पर देवघर में बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर झारखंड की 3.5 करोड़ जनता के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। देवघर सर्किट हाउस में आगमन पर आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सपरिवार देवघर पहुँचे विधायक ने धर्मानंद झा पंडा के द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने एनडीए गठबंधन को संथाल परगना में और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति जनता का आत्मविश्वास अद्वितीय है और आने वाले चुनावों में संथाल परगना से बेहतर परिणामों की उम्मीद है। विधायक ने एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं को परिश्रम और संगठन के बल पर किसी भी चुनौती का सामना करने की प्रेरणा दी। मौके पर कई पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

नीम के पेड़ में लगी आग, ग्रामीणों ने तत्परता से पाया काबू

स्वतंत्र प्रभात

दारु- दारू प्रखंड के झुमरा चौक में नीम के एक पेड़ में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। घटना तब सामने आई जब शंकर कुशवाहा और अरुण कुमार टहलने के लिए घर से निकले और उन्होंने पेड़ में आग देखी।

ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

आग लगने की खबर फैलते ही स्थानीय ग्रामीण मनीष कुमार, शंकर कुशवाहा, पवन कुमार, अरुण कुमार, राम प्रसाद और अजय कुमार ने मिलकर तुरंत पानी की व्यवस्था की और आग बुझाने में जुट गए। उनकी तत्परता के कारण आग पर काबू पा लिया गया।

पेड़ अंदर से हो गया खोखला

हालांकि, आग लगने से नीम का पेड़ अंदर से पूरी तरह खोखला हो गया है, जिससे यह कमजोर हो चुका है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यह पेड़ कभी भी गिर सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है।

पेड़ को हटाने की मांग

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस पेड़ को जल्द से जल्द हटाया जाए ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

कम्युनिकेशन गैप से बढ़ती है दूरियां - म0उ0नि0 अलवीना पठान

स्वतंत्र प्रभात

टूण्डला- रिश्ते चाहे पारिवारिक हों या फिर वैवाहिक, जीवन भर साथ निभाने के लिए विश्वास और आपसी ताल मेल की बेहद ही आवश्यकता होती है। यदि, इनमें से किसी भी एक का अभाव हो जाए तो, उस घर में शक का बीज पनपने लगता है। जो, धीरे धीरे आपसी ताल मेल व संबंधों को प्रभावित करता हुआ गम्भीर रूप धारण कर लेता है। जिसका प्रभाव घर गृहस्थी के साथ साथ उनके वैवाहिक जीवन पर भी पड़ता है। जिसे, बचाने के लिए बड़े बुजुर्गों या माता पिता के मध्यस्थता की आवश्यकता पड़ती है। दोनों ही पक्ष (पति-पत्नी) जब अपने-अपने माता-पिता की सुनने की बजाय, आपस में एक दूसरे की सुने, तो अंडरस्टैंडिंग बढ़ती है और विवाद खत्म हो जाता है। पति-पत्नी एक दूसरे के जीवनसाथी होते हैं और अंत तक वहीं एक दूसरे का साथ देते हैं। अगर पति-पत्नी एक दूसरे को समय ही ना दे पाए और बातचीत ही ना कर पाए अर्थात् कम्युनिकेशन गैप करने लगे, तो दोनों के बीच में दूरियां बढ़ने लगते हैं और रिश्ते कमजोर होते जाते हैं। इसी तरह का एक मामला थाना टूण्डला में देखने को मिला कि? (काल्पनिक नाम) मीना गुप्ता पुत्री मोहन पाल निवासी सिरसागंज की शादी नवीन पुत्र मुनेश निवासी इंद्रा नगर टूण्डला, फिरोजाबाद के साथ करीब 8 साल पहले हुई थी। दोनों के पास दो बच्चे भी हैं। शादी को लगभग 8 साल बीत चुके हैं। लेकिन आवेदिका मीना की शिकायत है कि मेरे पति मुझे समय नहीं देते हैं, मुझसे बातचीत नहीं करते हैं, घर में राशन-पानी लाकर नहीं रखते है। अगर मैं कोई चीज मंगवाने के लिए कहती हूं तो मेरे साथ मारपीट करते हैं। मेरी शादी को करीब 8 साल हो गए हैं मेरे पास दो बच्चे हैं अब मैं उनको लेकर कहां जाऊंगी। मुझे अपना जीवन अपने पति के साथ ही गुजारना है। लेकिन मैं बहुत परेशानी से गुजर रही हूं क्योंकि मेरे पति मेरा और बच्चों का ध्यान नहीं रखते हैं। उक्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए चौकी प्रभारी म0उ0नि0 अलवीना पठान ने मीना तथा नवीन की काउंसलिंग की। दोनों पक्षों को समझाया। कम्युनिकेशन गैप होने की वजह से रिश्ते खराब हो जाते हैं। हमें आपस में एक दूसरे के साथ मिलकर रहना चाहिए। छोटे-छोटे पलों में खुशी को ढूंढना चाहिए। जिस पर दोनों ही पक्षों ने भली भांति समझकर अपनी-अपनी गलती का एहसास किया और पुलिस का धन्यवाद करते हुए दोनों पक्ष राजी खुशी चौकी से रुखसत हुए।

फर्जी दस्तावेज तैयार कर बनाया स्कूल का ट्रस्ट

● नौ नामजद व दस अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। खैर कोतवाली क्षेत्र के गौमत चौराहा स्थित बांके बिहारी एजुकेशन ट्रस्ट खैर के जाली दस्तावेज बनाकर स्कूल के अभिभावकों से अवैध धन की वसूली करने के आरोप में नौ नामजद व दस अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में खयाम्त जाली दस्तावेज समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बता दें कि मोहल्ला शिकरवार निवासी राजेश कुमार गोयल पुत्र शांति स्वरूप गोयल के मुताबिक बांके बिहारी एजुकेशन ट्रस्ट के द्वारा संचालित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के तहत बच्चों को शिक्षा दी जाती है। पूर्व में 28 अक्टूबर 2015 के उक्त ट्रस्ट को बनाया गया था जिसमें करीब छः लोग बायलोज के हिसाब से सदस्य होते हैं। 18 जून 2024 को ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल पुत्र जगदीश अग्रवाल निवासी मोहल्ला गौतमान कस्बा खैर ने उक्त ट्रस्ट से कोषाध्यक्ष पद व फाउंडर ट्रस्टी व सदस्य पद से अपना इस्तीफा ट्रस्ट के अध्यक्ष को दे दिया था। जिसको 20 जून को बोर्ड की मीटिंग में रेजुलेशन पास हुआ कि रिक्त कोषाध्यक्ष पद पर विशन चंद गोयल को ट्रस्ट का नया कोषाध्यक्ष बना दिया गया।

इस प्रकार वर्तमान में उक्त ट्रस्ट के पांच ट्रस्टी हैं। आरोप है कि पूर्व ट्रस्टी अजय अग्रवाल की नीयत में वदी आ गई। फर्जी कागजों के सहारे ट्रस्ट की संपत्ति को हडपने की नीयत से एक फर्जी घोषणा पत्र 28 अगस्त को उक्ट ट्रस्ट बावत सब रजिट्रार कार्यालय खैर में सांठ गांठ कर पंजीक्रत करा दिया है। जिसमें अजय अग्रवाल ने उक्त ट्रस्ट की एक फर्जी बैठक दिखाई है। जिसकी अध्यक्षता अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा किया जाना बताया है। अशोक कुमार अग्रवाल ट्रस्ट के न तो कभी पदाधिकारी व न कभी सदस्य रहे हैं। पीड़ित राजेश को हानि पहुंचाने की नीयत से आरोपित अजय अग्रवाल ने फर्जी रूप से ट्रस्ट की फाउंडर ट्रस्टी अंजू गोयल का फर्जी इस्तीफा दिखाकर पीडित राजेश कुमार गोयल को अध्यक्ष पद से हटाकर कोषाध्यक्ष पद पर दिखा दिया है। फर्जी दस्तावेज में अशोक कुमार अग्रवाल पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा खैर, उमेश चंद अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मुकुल गोयल, मनोज गोयल, निशी गोयल, ऋषभ अग्रवाल, ललित कुमार सहित दस अन्य व्यक्ति फर्जी रूप से ट्रस्टी में जोडे गए हैं। सभी उक्त व्यक्तियों का साज षड्यंत्र है। आरोपित अजय अग्रवाल ने पीडित के स्कूल के कुछ अभिभावकों एवं अन्य व्यक्तियों से अपने आप को ट्रस्ट का पदाधिकारी बताकर फर्जी रूप से अवैध धन की वसूली कर रहा है। उक्त फर्जी दस्तावेज कूट रचित हैं। इस फर्जी दस्तावेज को तैयार करने के पीछे एक मात्र उद्देश्य विवाद पैदाकर लोगों के साथ धोखा कर अवैध धन की वसूली करना व स्कूल की छवि धूमिल करना है। कोतवाली पुलिस ने एसपी देहात के आदेश पर नौ नामजद व दस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

जमीनी विवाद में दो पक्ष भिड़े

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। थाना गांधीपार्क इलाके के भदेशी में जमीनी विवाद को लेकर चाचा-ताऊ के परिवार के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दबंग ताऊ के बेटों ने अपने चाचा और भाई को घायल कर दिया। घटना में पिता-पुत्र घायल हो गए। घायलों के द्वारा मामले से पुलिस को अवगत कराते हुए अपनी शिकायत दर्ज कराई है। इधर घायल का आरोप है कि दबंग ताऊ के बेटों उसकी दादी के साथ मारपीट की थी।जिसका विरोध करने पर उनके और उसके पिता के साथ मारपीट की गई है।पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल मलखान सिंह भेजा और मामले में तहरीर के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

नववर्ष- आत्मावलोकन और आत्मोन्नति का स्वर्णिम अवसर



नववर्ष प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक नवीन आरंभ का स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है। यह वह क्षण है जब हम अपने गत वर्ष की उपलब्धियों, विफलताओं, तथा अनुभवों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए जीवन को श्रेष्ठ दिशा में प्रवाहित करने की रणनीति तैयार करते हैं। यह केवल पंचांग पर तिथि के परिवर्तन का अवसर नहीं है, अपितु जीवन में सकारात्मक परिवर्तनों के सृजन तथा स्वविकास की नई दिशा में अग्रसर होने का अमूल्य क्षण है। नववर्ष आत्मावलोकन का श्रेष्ठ समय होता है, जिसमें हम अपनी दुर्बलताओं का साक्षात्कार कर उन्हें निष्क्रिय करने और अपनी योग्यता को परिष्कृत करने की योजना बना सकते हैं। संकल्प इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंश है। संकल्प केवल इच्छाएं या आकांक्षाएं नहीं होते, बल्कि ये ऐसे सुदृढ़ लक्ष्यों का प्रतिबिंब होते हैं, जिनकी प्राप्ति हेतु सुविचारित योजना और अनुशासन आवश्यक होता है। जब हम किसी लक्ष्य के प्रति अडिग रहते हैं, तब हमारी समस्त चेतना और ऊर्जा उसी दिशा में समर्पित हो जाती है। उचित रूप से निर्धारित और क्रियान्वित किए गए संकल्प न केवल हमारे व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाते हैं, बल्कि जीवन में व्यापक और स्थायी परिवर्तनों का संचार करते हैं।

स्वास्थ्य और शारीरिक पुष्टता पर ध्यान केंद्रित करें

स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का मूल आधार है, क्योंकि एक सशक्त शरीर और सशक्त मस्तिष्क ही हमारे लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक ऊर्जा और सामर्थ्य प्रदान करते हैं। आधुनिक युग की तीव्र और व्यस्त जीवनशैली में लोग प्रायः अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं, जिसके गंभीर परिणाम होते हैं। अतः, नववर्ष के अवसर पर स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का दृढ़ संकल्प लेना अत्यावश्यक है। नियमित व्यायाम को जीवनचर्या में सम्मिलित करना, संतुलित और पोषणयुक्त आहार को अपनाना, तथा पर्याप्त निद्रा सुनिश्चित करना स्वस्थ जीवन के प्रमुख स्तंभ हैं। यदि आप धूम्रपान, मदिरापान या अन्य किसी नकारात्मक आदत से प्रभावित हैं, तो इन्हें त्यागने का प्रण लें। मानसिक शांति और समग्र स्वास्थ्य के लिए तनाव प्रबंधन को महत्व दें। ध्यान और योग जैसे प्राचीन और प्रभावी उपायों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। ये न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को उत्कृष्ट बनाएंगे, बल्कि मानसिक स्थिरता और आत्मिक शांति को भी सुदृढ़ करेंगे।

आर्थिक प्रबंधन और वित्तीय स्थायित्व की योजना बनाएं

वर्तमान समय में आर्थिक स्थिरता जीवन का एक अनिवार्य घटक है। कुशल वित्तीय प्रबंधन का तात्पर्य केवल धन संचय करना नहीं है, बल्कि आय और व्यय के मध्य संतुलन स्थापित करना है। नववर्ष पर अपने आर्थिक जीवन को सुव्यवस्थित करने का संकल्प लें। अपने दैनिक और मासिक खर्चों का विवरण रखें, व्यर्थ के व्यय को नियंत्रित करें और एक सुस्पष्ट बजट तैयार करें। आगामी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, नियमित बचत और विवेकपूर्ण निवेश की योजना बनाना एक दूरदर्शी निर्णय होगा। यदि आप ऋणग्रस्त हैं, तो इसे क्रमिक रूप से कम करने की रणनीति अपनाएं। एक संगठित वित्तीय दृष्टिकोण न केवल आपकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि आत्मनिर्भरता और आर्थिक सुरक्षा का भी मार्ग प्रशस्त करेगा। इस प्रकार, विवेकपूर्ण वित्तीय निर्णय आपके जीवन को न केवल स्थायित्व प्रदान करेंगे, बल्कि आपको दीर्घकालिक उद्देश्यों की प्राप्ति में समर्थ बनाएंगे।

रिश्तों को सुदृढ़ और प्रगाढ़ बनाने का संकल्प करें

रिश्ते मानव जीवन की आधारशिला और मानसिक संतुलन का मूल स्तंभ हैं। परिवार और मित्रों के साथ स्नेहपूर्ण समय व्यतीत करना तथा उनके साथ प्रगाढ़ संबंध स्थापित करना मानसिक शांति, आत्मीयता और आनंद का प्रमुख स्रोत है। किंतु, व्यस्तता और कार्यभार से परिपूर्ण जीवनशैली के चलते हम प्रायः अपने प्रियजनों को उपयुक्त समय नहीं दे पाते। नववर्ष के अवसर पर अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का दृढ़ संकल्प लें। परिवार और मित्रों के साथ नियमित संवाद स्थापित करें, उनके साथ गुणात्मक समय व्यतीत करें और उनकी भावनाओं का सम्मान और गहराई से अवलोकन करें। ये छोटे-छोटे किंतु सच्चे प्रयास आपके रिश्तों में विश्वास, स्नेह और स्थायित्व को प्रगाढ़ बनाएंगे। स्वजनों के साथ की गई ईमानदार सहभागिता न केवल संबंधों को मजबूत करती है, बल्कि आपके आंतरिक सुख और आत्मिक शांति को भी बढ़ावा देती है।

शिक्षा और आत्म-विकास को प्राथमिकता दें

ज्ञानार्जन और आत्म-विकास की प्रक्रिया मानव जीवन में निरंतर चलने वाली यात्रा है। नववर्ष के शुभ अवसर पर स्वयं को निखारने और अपनी क्षमताओं को विस्तारित करने का संकल्प लें। नई भाषाओं का अध्ययन, किसी विशिष्ट विषय में प्रवीणता अर्जित करना, अथवा नवीन कौशलों का अधिग्रहण आपके बौद्धिक और व्यावसायिक उत्थान का माध्यम बन सकता है। पुस्तकों का गहन अध्ययन, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का अनुसरण, और संगोष्ठियों या सेमिनारों में सहभागिता जैसे उपाय न केवल आपके ज्ञान को समृद्ध करेंगे, बल्कि आपके व्यक्तित्व को बहुमुखी बनाएंगे। यह न केवल आत्मविश्वास को सुदृढ़ करेगा, बल्कि आपके व्यावसायिक और व्यक्तिगत जीवन में भी नवप्रभा का संचार करेगा।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजगता और सक्रियता

पर्यावरणीय संतुलन का संरक्षण आज की युगीन आवश्यकता है। वैश्विक तापमान में वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों का ह्रास, और प्रदूषण जैसी समस्याओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी अनिवार्य है। नववर्ष पर पर्यावरणीय सुरक्षा हेतु जागरूकता बढ़ाने और सक्रिय भागीदारी का संकल्प लें। प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग, जल एवं ऊर्जा संरक्षण, और वृक्षारोपण जैसी सुदृढ़ आदतों को अपनाएं। समुदाय को जागरूक करने और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक अभियानों में सहभागिता करें। ये छोटे-छोटे प्रयास दीर्घकालिक प्रभाव डालते हुए पृथ्वी के संरक्षण में आपकी अहम भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का संकल्प करें

सच्चा और उत्कृष्ट व्यक्तित्व वही है, जो समाज के प्रति अपनी उत्तरदायित्व भावना को समझता है। नववर्ष के अवसर पर आप निर्धनों की सहायता करने, सामुदायिक उन्नति में सक्रिय योगदान देने तथा समाज को उन्नति के पथ पर अग्रसर करने का दृढ़ संकल्प ले सकते हैं। आप वंचित बच्चों की शिक्षा में सहयोग कर सकते हैं, वृद्धाश्रमों में समय व्यतीत कर सकते हैं, या स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों में भाग लेकर समाज के प्रति अपनी भूमिका निभा सकते हैं। यह कार्य न केवल आपको आंतरिक संतोष प्रदान करेंगे, बल्कि समाज को भी सकारात्मक दिशा में प्रेरित करेंगे।

यथार्थवादी और मापन योग्य लक्ष्य निर्धारित करें

संकल्पों की सफलता का आधार उनकी यथार्थवादिता और मापन की क्षमता है। विशाल और अव्यावहारिक लक्ष्य न केवल कठिनाई उत्पन्न करते हैं, बल्कि असफलता की ओर भी अग्रसर कर सकते हैं। अतः अपने लक्ष्यों को छोटे-छोटे चरणों में विभाजित करें और उन्हें क्रमबद्ध रूप से पूरा करें। उदाहरणार्थ, यदि आपका उद्देश्य वजन कम करना है, तो इसे मासिक आधार पर विभाजित करें और प्रतिमाह थोड़े-थोड़े वजन में कमी लाने का प्रयास करें। यह न केवल आपको अपने उद्देश्य के करीब ले जाएगा, बल्कि प्रेरणा को भी बनाए रखेगा।

नियमित समीक्षा और आत्मावलोकन करें

संकल्पों की सफलता इस पर निर्भर करती है कि आप उनकी प्रगति का आकलन कितनी नियमितता से करते हैं। प्रतिमाह अपने लक्ष्यों की समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि आप सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यदि किसी कारणवश आप अपने पथ से विचलित हो जाएं, तो तुरंत अपनी योजना में सुधार करें और पुनः प्रयास करें।

असफलताओं से विचलित न हों, उन्हें मार्गदर्शक बनाएं

किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करना सरल नहीं होता; असफलताएं इस यात्रा का अभिन्न हिस्सा हैं। यदि आप अपने उद्देश्य में विफल हो जाते हैं, तो इसे पराजय नहीं, बल्कि आत्मावलोकन का अवसर मानें। असफलताओं को अनुभव का स्रोत बनाएं, अपनी त्रुटियों का विश्लेषण करें और उन्हें सुधारते हुए पुनः संकल्पपूर्वक प्रयास करें।

नए वर्ष के वास्तविक महत्व को आत्मसात करें

नया वर्ष मात्र एक तिथि नहीं है; यह आत्मोन्नति का सुअवसर है। यह समय हमें पूर्ववर्ती भूलों से सबक लेकर, उन्हें सुधारते हुए अपनी प्रगति के नए अध्याय लिखने का अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष, अपने संकल्पों को शब्दों तक सीमित न रखें; उन्हें अपनी दिनचर्या और आचरण में प्रतिबिंबित करें। अपनी आदतों में सकारात्मक परिवर्तन लाएं और छोटे-छोटे प्रयासों से अपने बड़े लक्ष्यों की ओर अग्रसर हों। आशावाद, धैर्य और आत्मविश्वास के साथ इस नववर्ष का स्वागत करें और इसे अपने जीवन का सर्वाधिक सफल व स्मरणीय वर्ष बनाएं।

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

संपादकीय

'आप' की माया 'आप' ही जाने

भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष का रास्ता अख्तियार कर राजनीति में आयी आम आदमी पार्टी की माया अपरम्पार है। आम आदमी पार्टी अब आईएनडीआईए गठबंधन के सबसे बड़े घटक कांग्रेस को गठबंधन से अलग करने का राग अलाप रही है, वो भी तब जबकि दिल्ली विधानसभा के चुनाव सर पर हैं। आम आदमी पार्टी अब भाजपा से मुकाबला करने के साथ ही कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोलकर अपना और समूचे विपक्षी एकता में कांजी घोल रही है। आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन में रहते हुए पिछले दिनों हुए तमाम चुनावों में 'फ्री फॉर ऑल' की नीति पर चुनाव लडे और प्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस का नुक्सान किया और भाजपा की मदद की। इंडिया गठबंधन में शामिल होने से पहले तक आम आदमी पार्टी पर भाजपा की 'बी' टीम होने का आरोप लगता रहा है ,लेकिन अब यही आरोप आम आदमी पार्टी कांग्रेस पर लगाकर हसी का पात्र बन रही है।आम आदमी पार्टी का कहना है कि कांग्रेस नेता को सार्वजनिक मंचों से उसके नेताओं को भला-बुरा कह रहे हैं, और अरविंद केजरीवाल को देशद्रोही तक बता रहे हैं। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ने जा रहे संदीप दीक्षित और मनीष सिसोदिया के खिलाफ कांग्रेस की तरफ से चैलेंज करने वाले फरहाद सूरी पर आम आदमी पार्टी इल्जाम लगा रही है कि वे बीजेपी से पैसा लेकर उसके नेताओं के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

दरअसल आम आदमी पार्टी की दशा अब सांप- छछूंदर जैसी हो गयी है। उसे भाजपा से लड़ना है और कांग्रेस से भी संजय सिंह भी जेल यात्राएं कर चुके हैं। आम आदमी पार्टी की पूँछ पर भाजपा का पैर पहले से रखा हुआ है। भाजपा सरकार की कृपा से दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ,पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया,मंत्री संजय जैन और राज्य सभा सदस्य सदस्य संजय सिंह पहले से जेल यात्रा कर चुके हैं। यानि आम आदमी पार्टी की पूंछ पर भाजपा सरकार का पैर पहले से रखा है और अब कांग्रेस ने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मैदान में उतार कर आम आदमी पार्टी की मुश्किलें और बढ़ा दीं हैं। केजरीवाल ने शीला दीक्षित को ही दिल्ली के तख्त से अपदस्थ किया था।

अरविंद केजरीवाल दिल्ली के तख्त पर एक दशक से काबिज हैं। इस बार उन्हें अपना सिंघासन डिगता दिखाई दे रहा है। भाजपा की नजर दिल्ली के तख्त पर पहले से है जबी कांग्रेस भी दिली में एक दशक पहले हुई पराजय का बदला आम आदमी पार्टी से लेना चाहती है। कांग्रेस हालाँकि हाल के दिनों में हरियाणा और महाराष्ट्र में भाजपा से पिट चुकी है लेकिन उसके हौसले बुलंद हैं। केजरीवाल को जितना भय भाजपा से नहीं लग रहा उससे कहीं ज्यादा भय कांग्रेस से लग रहा है। सत्ता प्रतिष्ठान विरोधी लहर से केजरीवाल वाकिफ हैं किन्तु वे अपना भय छिपाये हुए हैं।

भाजपा छल-बल से इंडिया गठबंधन को कमजोर करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। इस गठबंधन से भाजपा पहले नितीश कुमार को अलग करने में कामयाब रही। बाद में भाजपा तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीम ममता बनर्जी को भी भाजपा ने कांग्रेस पर हमलावर बनाने में कामयाबी हासिल की। अब आम आदमी पार्टी भाजपा की रणनीति को आगे बढ़ा रही है। दिल्ली से पहले महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच खटपट नजर आई थी। तब महाराष्ट्र में सपा ने महाविकास अघाड़ी से अलग होने का ऐलान कर दिया था। इससे पहले यूपी उपचुनाव के दौरान दोनों ही पार्टी कभी भी एक मंच से चुनाव प्रचार करते हुए नजर नहीं आई.

इंडिया गठबधन में ऐसी ही तकरार संसद में भी नजर आई। सपा ने अनेक मुद्दों पर कांग्रेस के मुद्दों से दूरी बना ली। सपा ने शीतकालीन सत्र के दौरान कांग्रेस के किसी भी विरोध प्रदर्शन में उनका साथ नहीं दिया। इसके अलावा सपा के मुद्दों पर भी कांग्रेस खामोश ही नजर आयी, लेकिन अब दिल्ली में कांग्रेस और आम अदमीपार्टी के बीच खटपट कुछ ज्यादा ही बढ़ती दिख रही है। शिव सेना उद्धव गुट ने आप को समझाइश दी है कि वो असली दुश्मन को पहचाने। शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने साफ़ कहा की आम आदमी पार्टी को याद रखना चाहिए की वो इंडिया गठबंधन का हिस्सा है और हम सबकी लड़ाई भाजपा के खिलाफ है।

मजे की बात ये है कि आम आदमी पार्टी और समजावादी पार्टी के ताजा रुख के बाद भी कांग्रेस आतंकित नहीं है। उसे पता है कि उसके मित्र घटकदल क्या कर रहे हैं ? कांग्रेस विपक्ष कि सबसे बड़ी पार्टी है इसलिए उसे कोई डर -भय नहीं है। उसकी विपक्ष के नेता कि कुर्सी सुरक्षित है। इंडिया गठबंधन से अलग होने वाले दलों को ही गठबंधन से अलग होने का खामयाजा भुगतना पड सकता है। कांग्रेस से पल्ला झटक कर आम आदमी पार्टी अपने लिए ही गढ्ढा खोद रही है। दिल्ली और पंजाब के अलावा किसी दूर सूबे में आम आदमी पार्टी के लिए पूरे देश में पांव रखने की जगह नहीं है। आम आदमी पार्टी भूल गयी है कि फ्री फॉर ऑल में कोई किसी का मित्र नहीं और कोई किसी का शत्रु नहीं होता। ऐसे में यदि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी कि सरकार और उसके नेताओं के खिलाफ कोई श्वेतपत्र जारी किया है तो उससे बिदकने के बजाय शांतिपूर्वक उसका उठता देना चाहिए। बौखलाहट से कोई हासिल होने वाला नहीं है। गठबधन से अलग होकर आम आदमी पार्टी को कुछ हासिल नहीं हुआ उलटे भाजपा ही फायदे में रही और आगे भी रहेगी। क्योंकि गठबंधन के दुश्मन ही भाजपा के असली मित्र हैं। गठबंधन में बिखराव का लाभ भाजपा को हरियाणा में भी मिला और महाराष्ट्र में भी। नए साल में देश की राजनीति की चाल भी नयी होगी। फिलहाल आप की माया आप को ही पता है ,कोई दूसरा उसे नहीं जानता

राकेश अचल

सावधान! भारत में आतंकवाद पैदा करने की कोशिशें जारी हैं!

देश के विभिन्न हिस्सों में जिस तरह आतंकवाद पैदा करने की कोशिश उजागर हो रहीं हैं उनसे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश के भीतर और बाहर से लगातार अस्थिरता फैलाने के लिए देश विरोधी ताकतों के नापाक प्रयास जारी हैं। मणिपुर छत्तीसगढ़ पंजाब असम पश्चिमी बंगाल नागालैंड मिजोरम केरल जम्मू-कश्मीर तक आतंक की फसल तैयार करने के लिए लगातार कोशिश की जा रही हैं एक ओर देश के उत्तरी-पूर्वी राज्य मणिपुर में दो समुदाय के बीच मे अविश्वास और घृणा को बढ़ावा देने के साथ ही उन तक हथियार पहुंचना चिंता जनक है वहीं छत्तीसगढ़ सरीखे राज्यों में नक्सलियों के जरिए आतंक की खेती की जाती रही है दरअसल जम्मू-कश्मीर में 370 हटाने के बाद सरकार को आतंकवाद समर्थक पत्थरबाजों और आतंकी वारदातों पर नियंत्रण में सफलता मिली तो देश विरोधी भीतरी व बाहरी ताकतों ने पंजाब से लेकर कनाडा तक खालिस्तान के सोए जिन्न को जगाकर दहशत और आतंकवाद को बढ़ावा देने की कोशिश शुरू करदी है।कनाडा में बैठे आतंकी पननू की कुम्भ मेला में गड़बड़ी की धमकी खारिज करने लायक नहीं है। इस सबको भारत की तरक्की से कुंद भारत के दुश्मन देश शह दे रहे हैं। पिछले कुछ समय से देश में जिस प्रकार से आतंकियों की गिरफ्तारी हो रही है अथवा मारे जा रहे हैं, उससे देश में किसी बड़े खतरे की आहट सुनायी दे रही है। उत्तर प्रदेश से लेकर असम और बंगाल तक अचानक से ही आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी हो गयी है। एक महीने के भीतर ही देश के विभिन्न हिस्सों से कई आतंकियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जो यह दर्शाता है कि देश में आतंकियों ने अपनी पैठ बढ़ानी शुरू कर दी है। हालांकि अच्छी बात है कि एजेंसियों की सतर्कता के कारण आतंकियों की गिरफ्तारी की गई हैं लगता है कि देश पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। इसलिए आतंक के विरुद्ध पूरे देश में सतर्कता बरते जाने की जरूरत है। आतंकियों की ताजा गिरफ्तारी असम से हुई है। स्पेशल टास्क फोर्स ने अलकायदा से जुड़े अंसारुल्लाह बांग्लाद टीम (एबीटी) के दो और आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इसी के साथ अब तक एबीटी के 10 आतंकी पकड़े जा चुके हैं। इससे पहले एसटीएफ ने एबीटी के 8 आतंकियों को असम, पश्चिम बंगाल और केरल से गिरफ्तार किया था। इन आठ में से पांच को असम के कोकराझार और धुबरी जिले से पकड़ा गया था। इसके अलावा दो और लोगों को पश्चिम बंगाल और एक बांग्लादेशी को केरल से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आतंकियों के पास से कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुए थे, जिसमें संदिग्ध ऐप्स वाले मोबाइल फोन, प्रचार सामग्री, बांग्लादेशी-निर्धारित पहचान दस्तावेज और महत्वपूर्ण साक्ष्य वाले पेन ड्राइव शामिल हैं। एसएटीएफ की माने तो आतंकी देश में बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे, क्योंकि उनके पास से हथियारों का जखिरा बरामद किया गया है। इससे पहले पश्चिम बंगाल से पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकी को गिरफ्तार किया गया था। कश्मीरी आतंकी जावेद अहमद मुंशी नदी मार्ग से बांग्लादेश से बंगाल में भविष्य में आने वाले आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने की राह आसान करने आया था। गिरफ्तारी के बाद एजेंसियों को बताया कि वह अब तक सात बार पाकिस्तान के कराची शहर का दौरा कर चुका है। इस दौरान वह कई बार आतंकी संगठन के आकाओं से मिल चुका है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में जांच अधिकारियों को इस तरह की जानकारी मिली है। अधिकारी बताते हैं कि आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि सीमा पर बीएसएफ की सख्ती के कारण इन दिनों सड़क मार्ग से भारतीय सीमा में प्रवेश करने का रास्ता काफी कठिन होने के कारण जावेद नदी मार्ग से बंगाल की सीमा में बांग्लादेशी आतंकियों के प्रवेश का मार्ग बनाने की कोशिश में था, जिसके बाद वह भविष्य में सीमा पार से आने वाले आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने वाला था। इस आतंकी से पूछताछ में अधिकारियों को कई तरह की जानकारी मिली है। पता चला है कि वह मुस्लिम लीग को पुनर्जीवित। करने की कोशिश में भी लगा था। इससे पहले उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में तीन खालिस्तानी आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया था। खालिस्तानी आतंकियों के मारे से जाने लोगों में तीन दशकों के बाद एक बार फिर खौफ का माहौल पैदा हो गया है। पंजाब में जब 80-90 के दशक में सिख आतंकवाद चरम पर था, उस समय उत्तर प्रदेश के तराई के कुछ जिले भी इससे प्रभावित हुए थे। तब यूपी का विभाजन नहीं हुआ था। उस स दौर में लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, खटीमा, नैनीताल जैसे सिख आबादी वाले जिलों में अक्सर आतंकियों के पनाह लेने और वारदात करने की खबरें मिल जाती थी, लेकिन पिछले करीब तीन दशकों से यहां का माहौल काफी बदल चुका है। खालिस्तानी आतंकवाद अतीत की बात बन गया था लेकिन पीलीभीत के पूरनपुर में तीन खालिस्तानी आतंकियों के एनकाउंटर से एक बार फिर वर्षो बाद तराई का इलाका दहल उठा। बात 80 और 90 के दशक को देखा जाये तो उस दौरान जब पंजाब में खालिस्तानी आतंकवाद चरम पर था। उस दौरान करीब 12 वर्ष तक तराई में भी इस आतंक का साया रहा था। तब पीलीभीत और लखीमपुर खीरी में खालिस्तान आतंकवादियों ने कई लोगों की हत्या कर दी थी। सबसे चर्चित पीलीभीत की वो घटना है, जो जुलाई 1992 में हुई थी। आतंकवादियों ने जंगल में एक साथ 29 लोगों की हत्या कर दी थी। यह वर्ष 1985 से लेकर 1997 के बीच का दौर था, जब तराई इलाके में जिला खीरी से लेकर शाहजहांपुर के खुटार, पीलीभीत के पूरनपुर से लेकर उत्तराखंड के जिला ऊधमसिंह नगर और नैनीताल तक खालिस्तान समर्थकों का आतंक रहा। उस दौरान खालिस्तान समर्थक आतंकी संगठनों ने यहां कई बड़ी और चर्चित घटनाओं को अंजाम दिया था। इसी तरह से वर्ष 1988-89 में मैलानी-भौरा के मध्य राज नारायणपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास दुग्ध वाहन को रोककर उसमें सवार एक दर्जन लोगों की खालिस्तान आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। इस नरसंहार को खालिस्तानी आतंकवादियों के मेजर गुट ने अंजाम दिया था। 26 नवंबर 1995, 26 अक्टूबर 1997 और 28 मार्च 1998 को भीखमपुर-मैलानी के बीच रेलवे ट्रैक काट कर नैनीताल एक्सप्रेस ट्रेन को पलटने की साजिश के पीछे भी खालिस्तान उग्रवादियों का हाथ होने की बात सामने आई थी। एक बार फिर अब पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस को पीलीभीत में तीन खालिस्तानी आतंकियों को मार गिराने में जो सफलता मिली, वह एक बड़ी कामयाबी है। पुलिस और खुफिया सूत्रों के अनुसार यह आतंकी पिछले कुछ समय से पंजाब में थानों और चौकियों पर बम फेंक कर आतंक का माहौल कायम करने में लगे थे। इनका संबंध खालिस्तानी जिंदाबाद फोर्स नामक आतंकी संगठन से बताया जा रहा है। पता यह भी चला है कि विदेश में बैठे खालिस्तानी तत्वों ने पीलीभीत में मारे गए आतंकियों को हथियार उपलब्ध कराए थे। यदि यह सही बात है, तो इसकी गहनता से पड़ताल होनी चाहिए कि वे ऐसा करने में कैसे समर्थ हो गए। पड़ताल इसकी भी होनी चाहिए कि मारे गए आतंकी पंजाब में थानों और चौकियों को निशाना बनाने के बाद पीलीभीत में क्या करने आए थे। पीलीभीत उनके छिपने के लिए सुरक्षित ठिकाना था या फिर वे यहां कोई वारदात करने की फिराक में थे। स्पष्ट है कि आतंकियों ने देश में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है और इनको पूरी तरफ से नेस्तानाबूद और सफाया करने के लिए केंद्र और राज्य

मनोज कुमार अग्रवाल

स्वतंत्र प्रभात

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

आर्थिक उदारीकरण के पुरोधा डॉ.मनमोहन सिंह

साधारण परिवार से निकल कर प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह आसाधारण प्रतिभा और व्यक्तित्व के मालिक थे। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया। डॉ.सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। गुरुवार देर रात तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें देर शाम दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। मनमोहन सिंह को भारत में आर्थिक सुधार का जनक माना जाता है। डॉ. मनमोहन सिंह ने प्रकांड अर्थशास्त्री के रूप में पूरे विश्व में ख्याति अर्जित की। वह पहले पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। वे आरबीआई गवर्नर भी रहे और संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवंम विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे। 1971 में डॉ. सिंह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किए गए। इसके बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया। 1987 और 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन के सचिव भी रहे। मनमोहन सिंह योजना आयोग के उपाध्यक्ष भी रहे। इसके अलावा प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे। भारत के आर्थिक इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब वह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मंत्री रहे। इस दौरान डॉ. मनमोहन सिंह ने भारत के आर्थिक ढांचे को मजबूत बनाने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए। वित्त मंत्री रहते हुए डॉ.मनमोहन सिंह ने आर्थिक उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीति लागू की, औद्योगिक लाइसेंस राज खत्म हुआ, विदेशी निवेश के दरवाजे खुले और भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया गया। डॉ. सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा को बढ़ाया। इससे भारत में विदेशी कंपनियों का निवेश बढ़ा, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा हुए और भारत में तकनीकी प्रगति हुई। प्रधानमंत्री रहते डॉ.मनमोहन सिंह ने पेट्रोल की कीमतों को बाजार से जोड़ने और डीजल की कीमतों में चरणबद्ध वृद्धि की नीति अपनाई। इसका नतीजा यह निकला कि सब्सिडी का बोझ घटा और तेल कंपनियों की वित्तीय स्थिति बेहतर हुई। डॉ. मनमोहन सिंह ने आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर को मजबूत करने के लिए नीतियां बनाई, जिससे भारत वैश्विक आईटी हब बना। आज यह सेक्टर भारत के निर्यात और रोजगार का एक प्रमुख साधन बन गया। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा) डॉ.सिंह ने लागू किया।

डॉ.मनमोहन सिंह ने हाईवे, बंदरगाह और रेलवे जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को गति दी। इससे लॉजिस्टिक्स की लागत कम हुई और आर्थिक विकास को बल मिला। जीएसटी की नींव रखते हुए उसकी अवधारणा को आगे बढ़ाया हालांकि यह कर प्रणाली मोदी काल में लागू हुई। डॉ. मनमोहन सिंह ने बैंकों में एनपीए की समस्या को कम करने के लिए मजबूत नीतियां बनाई। बैंकों को ग्रामीण शाखाएं खोलने को प्रोत्साहित किया।गरीबों को रियायती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना लागू की। साल 2013 में डॉ.मनमोहन सिंह ने चीनी उद्योग को नियंत्रणमुक्त किया और कोयला आवंटन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नीतियां बनाई। इससे संबंधित क्षेत्रों में निवेश बढ़ा और उत्पादन में सुधार हुआ। एक रोचक तथ्य यह भी है कि भारत के इस महान अर्थशास्त्री को चुनावी मैदान में वो सफलता नही मिली जो उनके कद के नेता को मिलनी चाहिए थी। डॉ. सिंह ने अपने 33 साल के सियासी करियर में सिर्फ एक बार ही चुनाव लड़ा जिसे भी वो हार गए थे। डॉ.मनमोहन सिंह को बहुत अच्छी तरह से पता था कि उनका राजनीतिक जनाधार नहीं है। मनमोहन सिंह ने साल 1991 में सियासत में कदम रखा और वित्त मंत्री बने तो उन्होंने राज्यसभा के जरिए संसद जाने का रास्ता चुना। इसके बाद राजनीति में सिर्फ राज्यसभा के जरिए ही संसद पहुंचते रहे। जब वे दस साल प्रधानमंत्री भी रहे तो भी उन्होंने उच्च सदन का मार्ग पकड़ा।

बात 1999 में लोकसभा चुनाव की है। कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी थी। 1996 से सत्ता से बाहर कांग्रेस की वापसी के लिए सोनिया गांधी ने अपने तमाम दिग्गज नेताओं को चुनाव लड़ाने का फैसला किया। सोनिया के कहने पर मनमोहन सिंह भी चुनाव लड़ने के लिए मान गए। हालांकि चुनाव लड़ने का यह अनुभव उनके लिए अच्छा नहीं रहा। इसके बाद कभी भी उन्होंने सीधा जनता के बीच जाकर चुनाव नही लड़ा। 1999 में कांग्रेस ने मनमोहन सिंह के लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए दक्षिण दिल्ली संसदीय सीट का चयन किया, क्योंकि सियासी समीकरण के लिहाज से उनके लिए यह सीट काफी सुरक्षित दिख रही थी। मुस्लिम और सिख समुदाय के वोटों के सियासी समीकरण को देखते हुए कांग्रेस ने मनमोहन सिंह को दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से टिकट दिया। मनमोहन सिंह को लगा कि पार्टी के बड़े नेता उनके पक्ष में हैं, वित्त मंत्री के तौर पर उनका काम भी अच्छा रहा था। इसलिए यह चुनावी राजनीति में उतरने का भी उन्हे सही वक्त लगा और उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने का मन बना लिया था। 1999 के लोकसभा चुनाव से एक साल पहले दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनी थी। दक्षिण दिल्ली लोकसभा के तहत आने वाली 14 विधानसभा सीटों में से 10 सीटें कांग्रेस जीतने में कामयाब रही थी। बीजेपी की ओर से विजय कुमार मल्होत्रा को डॉ.मनमोहन सिंह के सामने उतारा गया। डॉ.मनमोहन सिंह 1999 का यह चुनाव करीब 30 हजार वोटों से हार गए थे। डॉ.मनमोहन के लिए दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट पर मिली चुनावी हार एक धक्के की तरह थी। इसके बाद डॉ.सिंह अपनी राज्यसभा सीट पर बने रहे। इतना ही नहीं कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा में विपक्ष का नेता भी बनाए रखा। 2004 में एक बार फिर कांग्रेस ने डॉ.मनमोहन सिंह को कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के टिकट की पेशकश की, लेकिन उन्होंने मना कर दिया और फिर कभी वे चुनावी मैदान में नहीं उतरे।

(नीरज शर्मा भरथल)

संक्षिप्त ख़बरें

ख़जनी-अज्ञात ऑटो ने शिक्षक को मारा टक्कर हुए गम्भीर

गोरखपुर- खजनी थाना क्षेत्र के सेमरडाडी गांव निवासी प्राइमरी स्कूल शिक्षक सुधीर कुमार मिश्र को कटघर चौराहे पर एक अज्ञात ऑटो ने टक्कर मार दी। घटना में सुधीर मिश्र की गम्भीर रूप से गायल हो गए, राहगीरों ने आनन फानन में इलाज के लिए भेजा । शिक्षक सुधीर कुमार मिश्र मूल रूप से गोरखपुर पुर के रूस्तमपुर प्रताप नगर कालोनी चिलमापुर के निवासी है। वे भैंसा बाजार डांगीपार क्षेत्र के एक प्राथमिक स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाज के लिए भेज दिया।

बहन के लिए लड़का देखने निकले युवक पर हमला, गंभीर हालत में बरामद

खजनी – खजनी थाना क्षेत्र के खुटहना गांव निवासी लालचंद्र गौड़, जो एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत हैं, अपनी बहन के लिए लड़का देखने गए थे। शुक्रवार रात को खलीलाबाद से वापस लौटते समय सहजनवा के पास अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल लालचंद्र को खानीपुर टोल प्लाजा के पास पशु बाजार में पड़ा हुआ पाया गया। परिवार के अनुसार, लालचंद्र रात करीब 8 बजे घर के लिए निकले थे। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिवारवाले चिंतित हो गए और उनकी खोजबीन शुरू कर दी। लास्ट लोकेशन के आधार पर परिवार और रिश्तेदारों ने मिलकर उन्हें खोज निकाला। घायल लालचंद्र को प्राथमिक उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया है। हमले के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और लालचंद्र की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रधान प्रतिनिधि सहित दो का शांति भंग की धारा में चालान

-समाधान दिवस में भिड़े

रूद्रपुर, देवरिया। जमीन संबंधी विवाद के मामले में फरियाद लेकर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व एक अन्य को समाधान दिवस के मौके पर आपस में लड़ने के आरोप में कोतवाली में बैठा लिया गया। जिनका चालान शांति भंग की धारा में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के भृगुसरी निवासी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज निषाद व इंदल निषाद के बीच जमीन संबंधी विवाद है। शनिवार को समाधान दिवस के मौके पर दोनों को बुलाया गया था। उप जिलाधिकारी श्रुति शर्मा के सामने ही दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए जिससे समाधान दिवस में व्यवधान उत्पन्न हो गया। पुलिस ने दोनों को बैठा लिया और शाम को शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। इस संबंध में कोतवाल रतन पाण्डेय ने बताया कि समाधान दिवस में शांति भंग करने के आरोप में दोनों का चालान कर दिया गया है।

बैकयार्ड पोल्ट्री योजना के लाभार्थियों को चूजे वितरित

देवरिया। बैकयार्ड पोल्ट्री योजना के अंतर्गत कुक्कुट पालन इकाइयों की स्थापना हेतु विकास खंड बैतालपुर के ग्राम बरारी, नरायनपुर एवं बैतालपुर के 12 अनुसूचित जाति के गरीब महिलाओं का चयन किया गया था। पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने पशु चिकित्सालय परिसर में प्रत्येक लाभार्थी को 50 एक दिवसीय चूजे एवं एक बोरी कुक्कुट आहार वितरित किया। चूजे रखने के लिए छप्पर की व्यवस्था हेतु धनराशि डीबीटी के माध्यम से भेजा गया। इस योजना के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना और अधिक हो जाती है। अंडा उत्पादन होने पर कुपोषण की समस्या से भी निजात मिल सकता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के जुड़ाव से छात्रों का होता है व्यक्तित्व विकास

स्वतंत्र प्रभात

रूद्रपुर देवरिया। इण्टरमीडिएट कालेज कन्हौली के प्रांगण में सप्तदिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ स्व0 रामरहस्य महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर डॉ वीरेंद्र यादव ने दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के सेवानिवृत्त अध्यापक परमानन्द सिंह ने किया। कार्यक्रम अधिकारी सर्वेश कुमार दूबे ने बताया कि इस सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दौरान मलिन बस्ती में प्रतिदिन पर्यावरण प्रदूषण को कम करने वाले कारकों,खाद्य मिलावट की पहचान एवं उसकी रोकथाम, सामाजिक विकृतियों के संदर्भ में जन जागरूकता, उपभोक्ताओं का मार्गदर्शन, अनाज भण्डारण एवं रखरखाव, स्वास्थ्य एवं सफाई, बाढ़,भूकम्प, सूखा आदि के समय राहत कार्य आदि की जानकारी दी जाएगी।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर वीरेंद्र यादव ने सम्बोधन में कहा कि यह ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों और स्कूलों के छात्रों को अवसर प्रदान करता है। भारत के कॉलेजों और विश्वविद्यालय स्तर पर तकनीकी संस्थान, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर विभिन्न सरकारी नेतृत्व वाली सामुदायिक सेवा गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए एक सक्रिय सदस्य होने के नाते इन छात्र स्वयंसेवकों के पास एक कुशल सामाजिक नेता, कुशल प्रशासक और मानव स्वभाव को समझने वाले व्यक्ति होने का प्रदर्शन और अनुभव होगा। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के जन्म शताब्दी वर्ष 24 सितम्बर 1969 में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रारम्भ की गई जिससे कि उच्च शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, चेतना ,स्वप्रेरित अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न हो व समाज सेवा करें तथा अपनी शिक्षा की पूर्णता हेतु वास्तविक परिस्थितियों से साक्षात्कार भी कर सकें, जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास हो। कार्यक्रम का संचालन विमलेश कुमार ने किया। इस अवसर पर शिक्षक उदिता दास, सत्य प्रकाश मिश्र, सिद्धेश्वर सिंह, चन्द्रभान सिंह, उमंग सिंह, राजेश्वर सिंह, कन्हैया सिंह ,अरविंद कुमार, रामअशीष मौर्य, गोपाल आदि उपस्थित रहे।

बीएसएनएल मोबाइल का नेटवर्क ध्वस्त, उपभोक्ता परेशान

जौनपुर चन्दवक। डोभी क्षेत्र के बजरंगनगर बाजार स्थित बीएसएनएल मोबाइल का नेटवर्क ध्वस्त होने के चलते लंबे समय से उपभोक्ता परेशान हैं। इस समस्या से न सिर्फ आम लोग परेशान हैं, बल्कि पुलिस का सीयूजी भी आउट ऑफ नेटवर्क हो जा रहा है। यह भी बड़ी समस्या बनी है। कस्बे में बीएसएनएल का मोबाइल टॉवर लगा है, लेकिन सिग्नल आए दिन फेल रहने के चलते संचार सेवा लड़खड़ा गई है। जबकि पुलिस का सीयूजी नंबर शोपीस बनकर रह गया है। ब्लॉक क्षेत्र डोभी के अइलिया, कनौरा, लेवरुआ,पनिहार, मुर्खा, सिधौनी, सेनापुर, कोइलारी, अमिलिया, बरडीहा समेत आदि गांव के गांवो में नेटवर्क की समस्या से लोग परेशान है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीएसएनएल के कर्मचारी ने कभी इस समस्या की सुधि लेने की कोई कोशिश नही करते और आम जनमानस परेशान रहता है।

ख़जनी - शैक्षिक उन्नयन और निपुण लक्ष्य के लिए बीआरसी में संगोष्ठी का आयोजन

● -खजनी में शिक्षा का उत्थान- निपुण लक्ष्य के लिए ग्राम प्रधान और शिक्षक एकजुट

स्वतंत्र प्रभात

खजनी – खजनी के बीआरसी में आज शिक्षा का उत्सव मनाया गया। शैक्षिक उन्नयन और शत-प्रतिशत निपुण लक्ष्य हासिल करने के लिए बीईओ की अध्यक्षता में स्थानीय जन प्रतिनिधि ग्रामप्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बीईओ खजनी सावन कुमार दूबे ने कहा, ÷शिक्षा का स्तर तभी उन्नत होगा जब ग्राम प्रधान और शिक्षक मिलकर काम करेंगे।" उन्होंने आगे कहा, "ग्राम प्रधानों का सहयोग शत-प्रतिशत निपुण लक्ष्य हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा।"कार्यक्रम को ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी में सतुआभार, देवडार तुला, आशापार आदि गांवों के ग्राम प्रधान तथा संजय मिश्र, आशुतोष त्रिपाठी आदि शिक्षक मौजूद रहे। बीईओ ने ग्राम प्रधानों से सहयोग मांगा और शत-प्रतिशत निपुण लक्ष्य हासिल करने का लक्ष्य है, प्रधान प्रतिनिध रूद्र प्रताप सिंह ने कहा, "हम सभी मिलकर बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाएंगे।"शिक्षक संजय मिश्र ने कहा, "इस संगोष्ठी से हमें नई ऊर्जा मिली है। हम निश्चित रूप से निपुण लक्ष्य हासिल करेंगे।"

राजेश अध्यक्ष और सत्य प्रकाश महामंत्री निर्वाचित

● - -बार एसोसिएशन का चुनाव

स्वतंत्र प्रभात

रुद्रपुर-देवरिया। तहसील बार एसोसिएशन रुद्रपुर के चुनाव में अध्यक्ष पद पर राजेश त्रिपाठी व महामंत्री पद पर सत्यप्रकाश सिंह निर्वाचित हुए हैं। राजेश त्रिपाठी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सत्यानंद पांडे को 9 मतों से पराजित कर विजयश्री हासिल की। राजेश त्रिपाठी को कुल 30 मत, सत्यानंद पांडे को 21 मत और बृज बिहारी पांडे को 12 मत मिले। इसी प्रकार महामंत्री के लिए कुल 63 वोट पड़ा था। जिसमें 38 वोट पाकर सत्य प्रकाश सिंह निर्वाचित घोषित किए गए। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी विनोद कुमार पाठक को 24 मत मिला और एक वोट अवैध प्राप्त हुआ। चुनाव के परिणाम की घोषणा करते हुए एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश मणि त्रिपाठी ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई दिया और मिलजुलकर काम करने के लिए आह्वान किया। बार एसोसिएशन के अन्य पदों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए शशी भूषण सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए सौरभ गुप्ता, कोषाध्यक्ष के लिए विश्व विजय मल्ल, कनिष्ठ मंत्री के लिए बलवंत कुमार और मीडिया प्रभारी के लिए सत्य प्रकाश गुप्ता का चयन निर्विरोध पहले ही हो चुका था। आज अंतिम तौर पर चुनाव अधिकारी ने इसकी घोषणा करते हुए सबको बधाई दिया और बार एसोसिएशन के हित में कार्य करने का सुझाव दिया। चुनाव समिति में नागेंद्र राव, बी एन सिंह, भोला सिंह, परशुराम मिश्र आदि शामिल रहे। समाज के प्रबुद्ध वर्ग के चुनाव में एक मत का अवैध होना सवालिया निशान है।

पेड़ से लटकता मिला यूवक का शव

जौनपुर। शाहगंज क्षेत्र के अक्खीपुर गांव में शनिवार शाम एक आम के पेड़ से एक किशोर की लाश नायलॉन की रस्सी के सहारे लटकता गांव लोगों देखा गया और घटना की जानकारी उसके घर वालों को दी गई तो स्वजनों पर पहाड़ टूट पडा। सूचना पर पहुची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या किए जाने का यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है । उक्त गांव निवासी प्रिंस राजभर 16 पुत्र तिलकू शनिवार की शाम करीब चार बजे घर सौ मीटर दूर स्थित एक आम के पेड़ से नायलॉन की रस्सी के फंदे के सहारे लटकता लोगों ने देखा। इस बात की जानकारी उसके स्वजनों को दी मौत की सूचना मिलने पर स्वजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन में स्वजन व ग्रामीण मौके पर पहुचें। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आवश्यक कार्यवाई में जुटी है।

बराई गांव से भीषण चोरी, चोरों ने लाखो के गहने और नकदी पार किया

● -थानागद्दी चौकी क्षेत्र में बढ़ी चोरियां, दहशत में लोग

स्वतंत्र प्रभात

केराकत जौनपुर। केराकत कोतवाली थाना अंतर्गत थानागद्दी पुलिस चौकी क्षेत्र के बराई गांव में बीती रात भीषण चोरी हो गई। चोरों ने जयहिंद सिंह के घर के चार कमरों का ताला तोड़कर लाखों रूपये के गहने लाख रुपए नकदी उठा ले गए। मकान मालिक की तहरीर पर केराकत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बराई गांव के जयहिंद के अनुसार बीती रात करीब साढ़े दस बजे परिवार के सभी सदस्य भोजन के बाद सो गए। सुबह उठे तो दूसरे तल के चार कमरों का ताला टूटा हुआ था।। कमरे की अलमारी और सूटकेश टूटी हुई थी। सारा सामान बिखरा पड़ा था। जयहिंद के मुताबिक अलग-अलग कमरों में लाखो रूपये के गहने और नकदी रखा था,चोर सब उठा ले गए।।

चोर छत से साड़ी के सहारे उतर कर भाग गए। जय हिन्द प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले ही प्लम्बिग और वायरिंग का काम करने के लिए आये थे। पुलिस ने संदेह के आधार पर प्लंबिंग और वायरिंग करने वालों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना की सूचना पर कोतवाल अवनीश राय, थानागद्दी चौकी प्रभारी विद्यासागर सिंह और फॉरेन्सिक टीम मौके पर पहुंच गई थी। क्षेत्र में इस महीने यह चौथी चोरी की घटना है।पिछले पखवाड़े बीजेपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री रविशंकर प्रसाद के पैतृक घर निहालापुर में 50 हजार रूपये मूल्य के खाद्यान्न की चोरी हो गई थी। पुलिस आज तक चोरों का पता नहीं लगा पाई। इसके आलावा इसी महीने के आरम्भ में बम्मावन गांव के श्यामजीत सिंह का सबमर्शिबल पम्प चोरी चला गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज ही नहीं किया। इसी गांव में जनार्दन सिंह की कीमती भैंस चोरी हो गई थी। और अब इस घटना से आम जनमानस में में रोष बढ़ गया है। लोग घटनाओं के लिए क्षेत्रीय पुलिस की कार्यशैली को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

सिकरीगंज में 2 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी का आभूषण और नकदी बरामद

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर- जनपद के खजनी तहसील क्षेत्र थाना सिकरीगंज में भूमिधर पुल के पास गोरखपुर एक्सप्रेस लिंक मार्ग से आज 11ः00 बजे सिकरीगंज पुलिस टीम ने शातिर चोरों के गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। सिकरीगंज पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी का 37 अदद पीले धातु सोना, 30 अदद सफेद धातु चांदी एवं एक लाख 21 हजार, 500 रुपए बरामद कर लिया। सिकरीगंज पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को सुसंगात धाराओं के तहत चालान कर न्यायालय भेज दिया । सिकरीगंज थाना क्षेत्र के थाना अध्यक्ष कमलेश कुमार, उप निरीक्षक प्रभात सिंह उप निरीक्षक भूपेंद्र प्रताप सिंह उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह उप निरीक्षक बैजनाथ बिंद, उप निरीक्षक दीपक कुमार कांस्टेबल मिथिलेश यादव की टीम ने थाना क्षेत्र के सिकरीगंज व अन्य क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न तिथियों में चोरी करने वाले चोर को मुखबिर की सूचना पर भूमिधर पुल के पास गोरखपुर एक्सप्रेस लिंक मार्ग से गिरफ्तार कर लिया

इनकी हुई गिरफ्तारी

सिकरीगंज पुलिस ने धीरज उर्फ आदित्य कुमार पुत्र गुलाब ठठेर , निवासी हरदतपुर उम्र 24 वर्ष, जिला गोरखपुर, मोहम्मद इम्तियाज उर्फ सोनू पुत्र गुलाम रसूल उम्र 28 वर्ष निवासी मोहम्मदाबाद गोहाना सैदपुर थाना मोहम्मदाबाद कोतवाली जिला मऊ चोरी के गहने तथा बिक्री के पैसे के साथ गिरफ्तार किया गया।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली में सुनी जन समस्याएं

देवरिया। जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जहां राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को सुना एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा समस्याओं का निस्तारण भी कराया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने 5 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया और शेष 25 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण का निर्देश दिया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनिल कुमार सिंह ने भाटपाररानी थाने 1 प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया समस्त थानों में 168 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 55 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

गोरखपुर- छेड़खानी के आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने किया अभियान सफल

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर- महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गोरखपुर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। थाना एम्स पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी सतपाल यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना एम्स पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर सतपाल यादव को गिरफ्तार किया। आरोपी पर धारा 74 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी पर एक महिला से छेड़खानी करने का आरोप है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। थानाध्यक्ष संजय मिश्रा, थाना एम्स,उप निरीक्षक सत्यम मिश्रा, थाना एम्स उप निरीक्षक संदीप यादव, थाना एम्स,कांस्टेबल अनिल साहनी, थाना एम्स टीम लगीं थी , पुलिस का दावा है कि वह महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मामले में भी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आगे की कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वह इस मामले में गहनता से जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

नेस्ले के किटकैट चॉकलेट में मिला कीड़ा

● - नेस्ले के एरिया मैनेजर फ्रूट्स विभाग के आला अधिकारी पहुंचे ए टू जेड माल

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर। स्विट्जरलैंड की बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले के लोकप्रिय चॉकलेट ब्रांड किटकैट में कीड़ा मिलने से ए टू जेड मॉल में अपरा तफरी मच गई। आज भेडियागढ़ निवासी आनंद सिंह के परिवार के सदस्य असुरन चौक बिग बाजार के नीचे एटूजेड मॉल में खरीदारी करने गए थे उनके घर का एक बच्चा किटकैट चॉकलेट को खरीद कर माल में खाने लगा तभी एक बड़ा सा कीड़ा किटकैट चॉकलेट में दिखाई दिया कीड़ा देखकर बच्चा ने चॉकलेट को डर कर मॉल में फेंक कर चिल्लाने लगा तब तक माल में मौजूद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई परिवार के सदस्यों ने अपने घर पर सूचना दी परिवार के अन्य सदस्य पहुंचकर माल के मालिक सहित नेस्ले कंपनी के उच्च अधिकारियों और फ्रूट्स विभाग के आला अधिकारियों को जानकारी दि फ्रूट्स विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर बच्चों द्वारा लिए गए प्रतिष्ठित कंपनी नेस्ले के किटकैट चॉकलेट में कीड़ा को देखकर पैकेट को सील कर जांच शुरू कर दी अब देखना है कि फ्रूट्स विभाग मॉल में रखे अन्य प्रोडक्ट्स की जांच कर माल को सील करता है या मामले को रफा दफा करने का प्रयास करता है वैसे तो आनंद सिंह ने मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। अगर स्विट्जरलैंड की प्रतिष्ठित कंपनी नेस्ले जैसे कंपनी के प्रोडक्ट्स द्वारा बच्चों के सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है तो ऐसे अन्य कंपनियों के प्रोडक्ट्स में भी कीड़ा मिलना लाजमी है फ्रूट्स विभाग को हर कंपनियों के प्रोडक्ट्स को समय-समय पर चेक करना चाहिए लेकिन फिर से विभाग को अपना काम करने के बाद फुर्सत ही नहीं मिलता तो माल में रखे प्रोडक्ट्स को चेक कैसे करेगा।

ट्रक की टक्कर से ट्रक के उड़े परखच्चे

अलीगढ़। थाना लोधा क्षेत्र में शनिवार तड़के दो ट्रकों की भीषण भिड़त में एक ट्रक के परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही कि इतनी भीषण दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। ट्रक के मलवे को जेसीबी से समेटा गया। बताया जाता है कि पंजाब जिला संगरुर के गांव लड्डाकोठी निवासी ट्रक चालक गर्सेव सिंह व साथी सतनाम गुवाहाटी से ट्रक में स्क्रेप लेकर पंजाब जा रहा था शनिवार तड़के खेरेश्वर चौराहा को पार कर ही रहा था कि खैर की तरफ से तेज स्पीड में आ रहे ट्रक ने स्क्रेप वाले ट्रक में जोर से टक्कर मार दी। दूर दूर तक टक्कर की आवाज पहुंची। क्षतिग्रस्त हुए ट्रक का मलवा एवं स्क्रेप करीब बीस मीटर तक उछलकर गिरा, वहीं दूसरा ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मंगाकर मलवे को चौराहे पर ही इकट्ठा किया। ट्रक चालक गर्सेव ने बताया कि यदि बीच वाला डिवाइडर नहीं होता तो शायद और भी बड़ी घटना होती अन्य वाहन भी चपेट में होते।

अधिवक्ता ओंकार नाथ मिश्र नहीं रहे

स्वतंत्र प्रभात

सिंगरामऊ (जौनपुर)-क्षेत्र के बछुआर गांव निवासी अधिवक्ता ओंकार नाथ मिश्र नहीं रहे। शुक्रवार की रात नौ बजे वाराणसी में उनका इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास पर रात 11 बजे पहुंचा। उनके पुत्र सत्यम मिश्र पत्रकार ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार शनिवार दोपहर 12 बजे मणिकर्णिका घाट पर किया गया। अधिवक्ताओं ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। उनके निधन की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

अधिवक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि...

अधिवक्ताओं ने ओंकार नाथ मिश्र के निधन को अपूरणीय छाती बताया है, जिसे कोई भी भरपाई नहीं कर सकता। उनके कार्य शैली और न्याय के प्रति समर्पण ने उन्हें क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित स्थान दिलाया था। इस दुखद खबर के बाद से सिंगरामऊ क्षेत्र में शोक का माहौल है। ओंकार नाथ मिश्र का योगदान क्षेत्रीय न्याय व्यवस्था में अविस्मरणय रहेगा।

सीता स्वयंवर की कथा व झांकी पर जमकर झूमे श्रोता

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज (जौनपुर)- क्षेत्र के बीआरसी के बगल नन्दलाल मोदनवाल द्वारा आयोजित नव दिवसीय कथा में अयोध्या धाम से पधारे व्यास स्वामी निर्मल शरण जी महाराज ने कथा के दौरान छठवें दिन सीता स्वयंवर की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक ने सीता स्वयंवर का आयोजन किया।जिसमें उन्होंने अपने दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा और शर्त रखी कि जो इस धनुष को उठाएगा। उसके साथ वह अपनी पुत्री सीता का विवाह करेंगे। समारोह वाले दिन दूर-दराज से राजा-महाराजा स्वयंर में शामिल होने के लिए पहुंचे। कोई भी शिव धनुष को नहीं उठा सका। ऐसे में राजा जनक हताश हो गए और उन्होंने कहा कि क्या कोई मेरी पुत्री के योग्य नहीं है। तब महर्षि वशिष्ठ ने भगवान राम को शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए कहा। गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए भगवान श्रीराम शिव धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने लगे और धनुष टूट गया।इस प्रकार सीता का विवाह श्रीराम के साथ हुआ। श्रीराम और सीता के विवाह की अद्भुत झांकी व विवाह गीत पर महिला पुरुष श्रद्धालु झूम उठे।मंगल आरती में प्रभु राम सीता का मुख्य यजमान ने पांव पूजन कर आशीर्वाद लिया।इस मौके पर आयोजन समिति द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

कंबल पाकर चौकीदारो के खिले चेहरे

सुजानगंज,जौनपुर-थानाध्यक्ष सुजानगंज राजीव मल्ल ने विभिन्न गांवों कार्यरत चौकीदार एवं मंदिर के पुजारी तथा रसोईयो को अनाम व्यक्ति के द्वारा दिए गए 50 कंबलों का वितरण थाना परिसर में शनिवार के दिन किया। कंबल वितरण के दौरान उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करने का मन में संकल्प होना चाहिए बस ऐसे में मुझे अचानक से सूचना प्राप्त हुई कि हमारे द्वारा 50 कंबल कुछ गरीबो को वितरित किया जाए और मेरा नाम न लिया है बस सेवा करनी है जो आपके माध्यम से होनी चाहिए. ऐसे में कंबल मिलते ही लाभार्थियों के चेहरे पर प्रसन्नता झलकने लगी। जहां पर उपनिरीक्षक विद्यासागर, हे का0 मानस तिवारी, अरविंद सिंह, संजीव यादव, गया पटेल के साथ अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

5 शराब तस्कर गिरफ्तार, तीन वाहन बरामद

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया। जनपद कि श्री रामपुर थाने कि पुलिस ने 61 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक चार पहिया वाहन टोयोटा अर्बन क्रियूसर संख्या बीआर 01एफ वी 1895, एक फर्जी नम्बर प्लेट यूपी 57डी 999 एक नम्बर खुर्चा हुआ एक हिरो स्पलेंडर मोटर साइकिल बी आर 29बी सी 1981 एक होन्डा सुपर स्प्लेंडर 125 मोटर साइकिल बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर व उनकी टीम ने मुखबीर कि सूचना पर एक चार पहिया वाहन को जगदीश बनकटा चौराहे के पास से पकड़ लिया जिसमें चालक मनीष तिवारी पुत्र कैलाश तिवारी निवासी ग्राम भरथाव थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया व धनश्याम तिवारी पुत्र भिखारी तिवारी निवासी ग्राम डोमडीह अंसारी थाना मैरवा जनपद सिवान सवार थे साथ ही दो मोटर साइकिलों पर सवार तीन व्यक्तियों उपेन्द्र यादव पुत्र वीरबहादुर यादव निवासी ग्राम खोराबार थाना बनकटा जनपद देवरिया, बालेन्द्र यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी ग्राम बौडी थाना गुठनी जनपद सिवान व नरेन्द्र पुत्र तेजनरायन राजभर निवासी ग्राम डोमडीह अंसारी थाना मैरवा जनपद सिवान को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने वाहन में रखे 61 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक फर्जी नम्बर प्लेट व दो मोटर साईकिल को भी बरामद किया और उक्त लोगों का मु0अ0सं0 300/2024 धारा 318(4),338, 336(3), 340(2),341(2),61(2) बीएनएस व 60,72 आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर चालान कर दिया।

संक्षिप्त ख़बरें

ट्रक के चपेट में आने से बाईक सवार की मौत

फाइल फोटो मृतक शुभम

सिद्धार्थनगर। जिले के इटवा थाना क्षेत्र के शाहपुर चौकी के समीप तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से बाईक सवार युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सुचना मिलते ही मौके पर इटवा पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस ट्रक व ट्रक चालक को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। मृतक डुमरियागंज थाना क्षेत्र के लोहरौली गांव के निवासी शुभम् पुत्र सुरेश चंद्र श्रीवास्तव उम्र 24 वर्ष भनवापुर ब्लॉक में कंप्यूटर आपरेटर के पद पर तैनात था।हर रोज कि तरह शनिवार को भनवापुर ब्लॉक जाने के लिए सुबह घर निकले थे कि इटवा थाना क्षेत्र में स्थित शाहपुर चौराहा पार करते ही बाईक अनियंत्रित होकर रोड पर गिर गया।पिछे आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार शुभम को रौंदते हुए निकल गई। जिसमें बाईक सवार शुभम की मैके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर घरवालों में कोहराम मच गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्री प्रकाश यादव का कहना है कि ट्रक और चालक को कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस आयोजित

सिद्धार्थनगर। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा थाना कोतवाली कपिलवस्तु में थाना समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सुना गया। ज्यादातर प्रकरण भूमि विवाद एवं नाली से संबधित था। समस्त राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर सही ढ़ग से निस्तारण करायें। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। जिलाधिकारी की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जो भी प्रकरण प्रस्तुत हुए जिलाधिकारी ने हल्का लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि आज और कल सभी हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षक को साथ लेकर मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा ,पट्टा प्रकरणों को ग्रामवासियों का बयान लेकर निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। अधिकतम प्रकरणों को निस्तारण कराकर ही लौटे, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा किया है तो उसके विरूद्ध हल्का लेखपाल मुकदमा दर्ज कराये। इस दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, कपिलवस्तु कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार सिंह राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

राया पुलिस ने अवैध ड्रग्स हेरोइन के साथ युवक किया गिरफ्तार

मथुरा। थाना राया पुलिस ने अवैध ड्रग्स (हेरोइन) के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक को चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया। फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की मोटर साइकिल के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना राया अजय कौशल के मुताबिक अभियुक्त घनश्याम पुत्र योगेश पचौरी निवासी नगला रद्दू थाना सादाबाद जनपद हाथरस उम्र करीब 20 वर्ष को चोरी की एक मोटरसाईकिल फर्जी नम्बर प्लेट व 202 ग्राम अवैध हीरोइन (ड्रग्स) के साथ थाना राया क्षेत्र में हरदम पैराडाइज के समीप बनी पुलिया से गिरफ्तार किया गया। बरामद मोटर साइकिल के सम्बन्ध में थाना राया पर अभियोग पंजीकृत है। जिसमें धारा 317(2), 341(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गयी है तथा बरामद ड्रग्स के सम्बन्ध में थाना राया पर धारा 08, 22 एनडीपीएस एक्ट में पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

दिल्ली जल बोर्ड की लापरवाही के चलते पीने के पानी के लिए तरस रहे है पालम के लोग

● - समस्या के समाधान हेतु सोलंकी ने ए सी ई (एम) 9 के अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन दिया।

स्वतंत्र प्रभात

संवाददाता प्रदीप यादव

नई दिल्ली पालम गांव में पेय जल आपूर्ति को लेकर लोग काफी परेशान है। लोगों का मानना है कि दिल्ली जल बोर्ड के स्थानीय अधिकारी तथा कर्मचारी अपने स्वार्थ सिद्धि में लगे होने के कारण लोगों की मूल भूत सुविधाओं का कोई ख्याल नहीं कर रहे है लिहाजा पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है पालम एक्सटेंशन के डी ब्लॉक में पुराने पाइप लाइन में लीकेज है क्योंकि अवैध कनेक्शन के चलते जहां तहां लोग गड्ढे खोद देते है जिससे रास्ता तो खराब हो गया है लोग पानी की आस में रात रात भर जागते हुए मोटर चलाकर पानी आने का इंतजार करते देखे जाते है फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के चेयरमैन एवं राष्ट्रीय युवा चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर सिंह सोलकी ने बताया कि इन समस्याओं को लेकर उन्होंने सभी जल बोर्ड के अधिकारियों से बारंबार निवेदन किया है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। नई पाइप लाइन डालने को लेकर अधिकारी बजट का रोना रोते हैं जब कि मात्र लगभग अस्सी मीटर नई पाइप लाइन की आवश्यकता है इन समस्याओं को देखते हुए सोलंकी ने जल बोर्ड के अधिशाषी अभियंता मुनीश कुमार से मुलाकात कर उन्हे समस्याओं से अवगत कराया और उन्हें लिखित रूप में ज्ञापन दिया जिसमें कहा गया है कि इन मामलों पर संज्ञान लेते हुए जांच की जाए और दोषी अधिकारियों को दंडित किया जाए तथा पेय जल आपूर्ति को

सुनिश्चित करवाया जाए सोलंकी ने अधिशाषी अभियंता मुनीश कुमार, सी ई ओ, अतिरिक्त सी ई ओ, मुख्यमंत्री एवं उपराज्यपाल से मांग की कि अब जब सड़क बनने जा रही है इससे पहले ही नई लाइन डाली जाए ताकि सड़क तोड़नी ना पड़े और राजस्व की बचत हो अधिशाषी अभियंता ने संज्ञान लेते हुए तत्काल अपने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया कि इस कार्य को तत्काल प्रभाव से कार्यान्वित किया जाए।

अ. भा. गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 7 जनवरी से धनपुरी नगर पालिका बेचेगी इनामी कूपन, बैठक में दी गई जानकारी

स्वतंत्र प्रभात

शहडोल/धनपुरी। नगर पालिका सभागार में गुरुवार सुबह 12 बजे परिषद की बैठक आहूत की गई। नगरपालिका के वार्डो के पार्षद, नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छावडा, उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह छाबड़ा नगर पालिका सीएमओ प्रभात वरकड़े,अकाउंटेंट, इंजीनियर सिद्धार्थ सोनी, राम विशाल नापित सफाई निरीक्षक पुरुषोत्तम गुप्ता। सहित नपा अधिकारी कर्मचारी के उपस्थिति में परिषद कि बैठक में 27 बिंदुओं पर नगर के निर्माण कार्यो मूलभूत समस्याओं को लेकर बिंदु बार परिषद में पढ़कर सुनाया गया जो हर बार की तरह सभी बिंदुओं पर बिना कोई रोक टोक के पास हो गया।

पुराने मुद्दे, पुराना जवाब- परिषद की बैठक में आधा दर्जन पार्षदों में आनंद मोहन जायसवाल, स्कंद सोनी प्रवीण बढोलिया, नईम खान अशोक कुमार भारती जाहवीना बेगम, साजिदा बेगम, अन्य पार्षदों ने वार्ड में पानी की समस्या को लेकर आवाज आवाज उठाई गई पाइपलाइन का कितना काम हुआ कितना बाकी पुराना काम अभी बाकी है नया टेंडर हो गया वार्ड में पानी न चलने के चलते डेली टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई दी जाती है वार्ड के लोगों को कहना है कि हमें नल का पानी चाहिए वार्ड पानी सप्लाई ठंड के दिनों में कोई समय सीमा नहीं रहता पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के पास पानी सप्लाई के लिए एक पंप से सप्लाई की जाती है मोटर जल जाने से कई दिनों तक पानी सप्लाई वार्डो में नहीं होती। पार्षदों का कहना है कि ठंडी में पानी की समस्या इस तरह से वार्डो में है तो गर्मी के दिनों मे पानी की किस तरह की समस्या होगी परिषद का गठन हुए ढाई साल बीत जाने के बाद भी पहली बैठक से लेकर आज की बैठक में भी पार्षदों के द्वारा पानी की समस्या से नगर पालिका नहीं उभर पाई है। वार्ड पार्षद कहते हैं कि पेयजल, प्रकाश रोड,चौतरा, कल्वर्ट, खेरमाई तलाब पास सेंड निर्माण, की समस्या को लेकर वार्ड वासी वार्ड पार्षदों को खरी खोटी सुनाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। परिषद के बैठक में रटा रटाया जवाब देकर परिषद को आगे बढ़ा दिया जाता है समस्या जो कहते हो बनी हुई है।

गोल्ड कप में- 12 टीमें अखिल भारती गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 7 जनवरी से 18 जनवरी तक 12 टीमें भाग ले रही है सुभाष स्टेडियम धनपुरी नंबर 3 फुटबॉल का महा संग्राम देखने को मिलेगा, नगर पालिका के द्वारा गोल्ड कप टूर्नामेंट का आयोजन में कूपन?100 और उस काम के कूपन भी रखे जाएंगे जिसमें मोटरसाइकिल हुआ अन्य छोटे इनाम भी रखे जाएंगे। फुटबॉल टीम कश्मीर केरल मणिपुर कोलकाता रेलवे नागपुर गोरखपुर दिल्ली महाराष्ट्र रेलवे उड़ीसा आदि टीमें भाग ले रही है

फिर वही आश- इसके पूर्व परिषद की बैठक में नगर पालिका द्वारा विकास और सौंदर्यीकरण के नाम पर नगर में विकास कार्य किया जा रहे हैं। लेकिन धनपुरी की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली विकास देखने को नहीं मिल रही है जो नगर की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी जब धनपुरी नगर पालिका के सामने निकली

नरगडा पुल से बघ?इया पुल तक लगभग डेढ़ किलोमीटर मॉडल रोड का निर्माण हो जाए तो नगर का विकास में चार चांद लग सकता है, नगर पालिका परिषद की बैठक में वार्ड पार्षद के द्वारा मॉडल रोड बनाए जाने पर जोर दिया गया था इस पर अभी तक कोई पहल करते नजर नहीं आ रहा है। आखिर क्यों इस कार्य पर नपा नजर अंदाज किया जा रहा है!

थके-हारे से पार्षद- नगर पालिका हर बैठक में वार्डो के पार्षद अपने मकसद में खरे नहीं उतर रहे हैं पार्षदों के द्वारा परिषद की हर मांह की बैठक में वार्ड में पेयजल, बिजली, साफ सफाई अन्य समस्याओं को लेकर अपनी समस्याएं परिषद में रखा जाता है लेकिन समस्या सुनी जाती है लेकिन हल नहीं होती। वार्ड वासियों के द्वारा पार्षदों से वार्ड की समस्या को लेकर लगातार फोन से संपर्क बनाए रहते हैं समस्या हल नहीं होती। आगामी बैठक में फिर वही समस्या को दोहराया जाता है। जब पार्षदों की समस्या हल होने का नाम नहीं ले रही है। तो आम जनता की समस्या कैसे हल होगी।

27 बिन्दु पर चर्चा- बताया जाता है कि नगर पालिका परिषद की बैठक में गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के साथ ही कुल 27 प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

नशीली दवाओं के तस्करों की जड़ें खंगालने में जुटे जिम्मेदार विभाग

● - नारकोटिक्स एवं औषधि विभाग ने मामले में शुरू की जांच, खंगाली जा रही जड़ें

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। नशीले इंजेक्शन एवं दवाओं के मामले में पुलिस के अलावा नारकोटिक्स विभाग एवं औषधि विभाग ने जांच शुरू कर दी है। इस मामले से जुड़े पूरे रैकेट को खंगाला जा रहा है और पता लगाया जा रहा है कि इस कारोबार से और कौन कौन लोग जुड़े हैं। नशे का कारोबार कहां कहां हो रहा है। जिससे इस पर रोक लगाई जा सके। गुरुवार को पुलिस ने करीब 40 लाख रूपये की नशीली दवाओं और इंजेक्शन सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया था। थाना हाईवे पुलिस द्वारा अवैध व प्रतिबन्धित नशीले इंजेक्शन की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। थाना हाईवे पुलिस टीम द्वारा थाना हाईवे क्षेत्रान्तर्गत मुखबिर की सूचना पर दो योगेश कुमार पुत्र कालीचरन निवासी मायापुरम कॉलोनी थाना हाईवे व सन्दीप चौधरी पुत्र हुकम सिंह निवासी बलराम सिटी थाना हाईवे को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से बडी मात्रा में प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शन का जखीरा पकडा गया था। दोनों आरोपितों को ट्रांसपोर्ट नगर तिराहे के पास



से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद नारकोटिक्स और औषधि प्रशासन की टीमें भी सतर्क हो गई हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में गोल्डी गुप्ता सहायक पुलिस अधीक्षक, आनन्द कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे, एसआई विदित कुमार चौकी प्रभारी मण्डी गेट थाना हाईवे, एसआई सावेज चौधरी थाना हाईवे, एसआई प्रशिक्षू सौरभ तेवतिया थाना हाईव आदि थे।

सहकारी बैंक के बकायेदारों से सख्ती से होगी वसूली: निरंजन धनगर

● - बैठक में दिये 10 बड़े बकायेदारों से एक सप्ताह में वसूली के निर्देश

बकायेदारों से सख्ती से वसूली के दिये गये निर्देश, जारी की जाएंगी आरसी

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। कृषि विज्ञान केन्द्र मथुरा के सभागार में संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक सहकारिता आगरा मण्डल आगरा की अध्यक्षता में विभागीय कार्यो की समीक्षा की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर उपस्थित रहे। विवेक कौशल सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, सुमित कुमार शर्मा सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक के समस्त अनुभाग अधिकारी, सतवीर सिंह क्षेत्र प्रबन्धक इफको मथुरा और समस्त अपर जिला सहकारी अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (सह), समस्त शाखा

कृषि विज्ञान केन्द्र मथुरा के सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी।

प्रबन्धक, जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, समस्त शाखा प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक लिमिटेड मथुरा, जिला प्रबन्धक, पीसीएफ, की उपस्थिति में विभागीय कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा में बकाये से वसूली पर विशेष जोर दिया गया।

संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक सहकारिता आगरा मण्डल आगरा द्वारा बकाये की राशि का शत प्रतिशत आरसी कराये जाने पर जोर देते हुए उत्तर प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम के अन्तर्गत कुर्की, नीलामी सम्बन्धी विधिक कार्यवाही कराकर बकाया से शत प्रतिशत वसूली किये जाने पर बल दिया गया। जनपद की सहकारी समितियों पर उर्वरक की उपलब्धता बनाये रखने पर भी संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त्त निबन्धक द्वारा इफको के प्रबन्धक सतवीर सिंह को निर्देशित किया गया कि जनपद में सिंचाई के दृष्टिगत यूरिया की कमी न रहने पाये इसके लिये शीर्ष स्तर से वार्ता कर यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करें। शाखा प्रबन्धकों को निर्देश दिये गये कि जमा निक्षेप एवं ऋण वितरण के लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें, साथ ही सहकारिता विभाग के अधिकारियों को वसूली सम्बन्धी उक्त कार्य में सहयोग प्रदान कर विधिक कार्यवाही एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद के निम्न 10 बड़े बकायेदारों से एक सप्ताह में वसूली कराये जाने के लिए संबंधित अपर जिला सहकारी अधिकारी को निर्देशित किया गया।

शिक्षक बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का कार्य करें- डीएम

● - ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। बुद्ध विद्या पीठ इण्टर कालेज बर्डपुर के सभागार में ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण , कार्यशाला जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि हम सभी को मिलकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना है। शिक्षा, चिकित्सा ठीक होगा तो जिले की अधिकतर समस्यायें ठीक हो जायेगी। हमें विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना है जिससे प्राइवेट विद्यालयों के बच्चे सरकारी विद्यालयों में पढ़ेंगे। कम्पोजिट ग्रान्ट, स्पोर्ट ग्रान्ट, टी0एल0एम0, दिव्यांग बच्चों हेतु टी0एल0एम0 की प्राप्त धनराशि के सापेक्ष प्रेरणा पोर्टल पर व्यय का उपभोग प्रमाण पत्र के साथ फीड करायें। स्पोर्ट ग्रान्ट में जो धनराशि मिलती है उससे खेल का सामान खरीदकर बच्चों को खेलने के लिए दी जाए। आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विभिन्न मानक विन्दुओं के सापेक्ष पूर्ण क्रियाशील करायें। सभी लोग अतिरिक्त मेहनत करें। सभी शिक्षक फार्मल ड्रेस में ही विद्यालय आयेगे, जीन्स, टीशर्ट पहनकर

नहीं आयेंगे। अभिभावकों को जागरूक करते हुये बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराये तथा बच्चे ड्रेस, स्वेटर, जूता मोजा पहन कर विद्यालय आयें। पी0टी0एम0 की बैठक भी करायें। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत कक्षा 1 एवं कक्षा 6 की पात्र बालिकाओं का पंजीकरण कराकर लाभ दिलाया जाये। विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को ठीक कराना है। खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से प्राथमिक विद्यालय , कम्पोजिट विद्यालयों में सभी क्लासरूम में टाइल्स लगाया गया है। अधिकतर विद्यालय का मरम्मत कार्य हो चुका है जिसमें बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय फण्ड में जो धनराशि मिलती है उससे पेन्टिंग कराये। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि मेरे द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया जाता है तथा प्रत्येक सप्ताह बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा की जाती है। जो शिक्षक अच्छा कार्य कर रहे है उन्हे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। शासन के मंशानुसार जिले को निपुण

बनाना है। निपुण सिद्धार्थनगर बनाने हेतु हिन्दी और गणित पर विशेष ध्यान देना है। सभी शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आंकलन ट्रैकर, निपुण तालिका नियमित भरें तथा विषयवार तैयार करें। गणित किट, विज्ञान किट व अन्य सहायक शिक्षण सामग्री का शिक्षण में उपयोग किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा जो एसओपी जारी की गयी है उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा में सुधार होगा तभी जनपद में सुधार होगा। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस कार्य में आप सभी का सहयोग प्राप्त होगा। बच्चें आपको मॉडल रोल मानते है और बच्चों को शिक्षक बेहतर शिक्षा दें । जनपद को निपुण बनाना है। जनपद से जारी हुई एसओ.पी.के अनुसार कार्य करे। सभी शिक्षको द्वारा सहमति दी गई। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार बर्डपुर, ए0आर0पी0, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

कोयलांचल में जमकर फल फूल रहा नशीले कफ सिरप का कारोबार

● - नशीली दवा की खपत में, कई युवा जद में

स्वतंत्र प्रभात

शहडोल- नशा मुक्ति के तमाम प्रयास के बावजूद बच्चों युवाओं में मादक पदार्थो की लत बढ़ रही है। नशे की यह आदत चोरी, लूटपाट दुष्कर्म की घटनाओं को बढ़ावा दे रही है। उन्हें लगता है कि नशा करने से निराश, तनाव, अकेलेपन को दूर किया जा सकता है, लेकिन इन्हें क्या पता कि यह तो एक बीमारी है, जिसके वे शिकार हो रहे हैं। वहीं, वे अपने कैरियर के साथ खिलवाड़ भी कर रहे हैं। नगर के अलावा आस-पास के गांवों के युवा पूरी तरह नशे की चपेट में हैं। खांसी में उपयोग आनेवाली दवा की मांग निरन्तर बढ़ गई है। नाम नहीं छापने की शर्त पर सूत्र ने बताया कि हमें नशे की दवाइयां बिना डॉक्टरी पर्ची के आसानी से मिल जाती है। कई गांव के युवा नशीली कफ सिरप को बेचने का कई युवा नशीले कफ सिरप को बेचने का निरंतर धंधा भी कर रहे हैं जो खुद नशे की हालत में रहते हुए अपना नेटवर्क इस तरह फैलाए हैं कि चिन्हित किए गए कोयलांचल के कई युवा उनके जद में हैं यहां तक की दोगुनी, चौंगुने , दाम में नशीले कफ सिरप का गोरखधंधा जमकर गुलजार है, देखा जाए तो नगर एवं गांव के अपशिष्ट को फेंकने के कई स्थान है जहां पर सैकड़ो या कहे तो हजारों की संख्या में नशीली कफ सिरप का सेवन करके फेंका गया है। नाम ना छापने की शर्त पर सूत्र ने यह भी बताया कि कोयलांचल के साथ-साथ गांव और आसपास के इलाकों में कलयुग मोटरसाइकिल और स्कूटी की डिक्की में कफ सिरप को भरकर ला रहे हैं और तो और बेरोक टोक बेच रहे हैं।

संयुक्त टीम ने मथुरा में तेल चोरी का खेल पकडा

● - तीन टैंकर किए जब्त, 500 लीटर अपमिश्रित पैट्रोलियम किया बरामद

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। टैंकर से अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ चोरी करने का राजफाश किया है। आपूर्ति विभाग, पुलिस, बाट माप विभाग की ने संयुक्त कार्यवाही में तीन टैंकर चोर चोरी करने के उपकरण बरामद किये हैं। जिला पूर्ति निरीक्षक एवं थाना रिफाइनरी पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही में 500 लीटर अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ के साथ एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। रिफाइनरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत बिग बाजार से 100 मीटर पहले दिल्ली आगरा रोड के पास चैकिंग के दौरान अभियुक्त योगेश ठाकुर पुत्र पप्पू ठाकुर निवासी हरनौल थाना सुरीर को तीन टैंकर टैंकर संख्या एचआर 38 एसी 9817 (500 लीटर अपमिश्रित पैट्रोलियम पदार्थ सहित) व टैंकर संख्या एचआर 38 एसी 9829 व टैंकर संख्या यूपी 85 ईटी 2670 एवं टैंकर से तेल निकालने के लिए एक मोटर पम्प, एक कीप एवं दो प्लास्टिक पाईप, विद्युत तार व प्लग, पौना आदि बरामद किये हैं। इस सम्बन्ध मे थाना रिफाइनरी पर धारा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया है। कार्यवाही करने वाली टीम में फूल सिंह यादव क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सदर, अनमोल गर्ग नायब तहसीलदार, रविकान्त

अपमिश्रित पैट्रोलियम पदार्थ की चोरी में जब्त टैंकरों के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपित।

पूर्ति निरीक्षक फरह, अंजली पूर्ति निरीक्षक विकास खण्ड मथुरा, अखण्ड प्रताप सिंह निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, थानाध्यक्ष सोनू कुमार थाना रिफाइनरी, एसआई अखिलेश कुमार थाना रिफाइनरी आदि थे।

फिरौती के लिए अपहरण का आरोपी फुरकान पुलिस मुठभेड़ में घायल

● - 25 हजार का था इनाम घोषित, दो साथ पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। अपहरण और फिरौती की घटना में वांछित चल रहे 25 हजार के इनामी फुरकान को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। फुरकान के दो साथियों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अभियुक्त फुरकान पुत्र बुरहान निवासी ग्राम अकेड़ा थाना नुहू सदर जिला नूहू हरियाणा ने अपने साथियों के साथ मिलकर 15 फरवरी को फिरोती के लए अपहरण कर लिया था। जिसमें पुलिस ने फुरकान के दो साथियों जुनैद उर्फ वकील पुत्र इस्माइल तथा काला उर्फ़ खुर्शीद पुत्र मकमुल को गिरफ्तार कर अपहृत को सकुशल बरामद कर लिया गया था तथा घटना में प्रयुक्त कार को भी बरामद कर लिया गया था। इस घटना के संबंध में अपहृत की पत्नी ने थाना कोतवाली शहर मथुरा पर धारा 364 ए आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत कराया था। इसी मामले में फुरकान वांछित चल रहा था और पुलिस की उसको तलाश थी। फुरकान के उपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। स्वाट टीम व थाना कोतवाली मथुरा पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही की और माल गोदाम रोड कच्ची

सड़क मथुरा चौकी क्षेत्र बाघ बहादुर पर हुई मुठभेड के बाद घायल अवस्था में 25 हजार के इनामी फुरकान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जबावी कार्यवाही में गोली लगने से अभियुक्त घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके कब्जे से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस तथा एक संदिग्ध बाइक स्प्लेंडर प्लस बरामद की गई।

महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन पर दर्ज किया मुकदमा

महराजगंज/रायबरेली- कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मजरे हलोर गांव में एक महिला ने अपने पति देवरा तथा सास पर मारपीट कर घर से भागने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस नें महिला की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विविध करवाई कर रही है।आपको बता दे कि, घटना 23 दिसम्बर की है गांव निवासिनी संगीता पत्नी गुड्डू ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि, घर में पारिवारिक विवाद चल रहा हैं। पहले तो उसके पति देवर और सास ने उसे घर से भागने का प्रयास किया जब वह घर से नहीं भागी तो सभी लोगों ने एक राय होकर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की जिसमें वह चोटिल हो गई है। पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर पति देवर और सास के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि, तहरीर प्राप्त हुई है तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।